मध्ये शिवाधिष्ठितपीठमापुः।। 12।।

कैलास पर्वत की रमणीय प्रकृति के प्रसाद को अपने नेत्र पुटों से पान करते हुए ब्रह्मा आदि देवगण धीरे–धीरे चलते हुए सुन्दर वृक्षों के मध्य स्थित शिव के अधिष्ठान पीठ पर पहुंच गए।।12।।

गम्भीर-योगेन समाधिमुद्रा -
व्याप्तं शिवं वीक्ष्य कृतप्रणामाः।
विरञ्चिविष्णुप्रमुखा विनम्रा,
बद्धवा स्वहस्तानुपतस्थिरे तम्।। 13।।

गम्भीर योग के द्वारा समाधि मुद्रा में विराजमान शिव को देख उन्हें प्रणाम करते हुए ब्रह्मा विष्णु प्रमुख देवता विनम्र भाव हो अपने हाथ जोड़कर उनकी प्रार्थना करने लगे।। 13।।

हे देव देवेश्वर! विश्वनाथ!
शम्भो! स्वभक्तार्तिहर प्रसीद।
उत्तिष्ठ विश्वेश्वर धर्मसिन्धो!
हे नाथ संरक्ष वयं नमामः।। 14।।

हे देवों के देव हे विश्वनाथ शम्भु अपने भक्तों के दुःखों को दूर करने वाले प्रसन्न हो जाएँ। हे धर्म सिन्धु हे विश्व के स्वामी हे नाथ रक्षा करें, हम सब आपको प्रणाम करते हैं।। 14।।

वृद्धिं प्रयाता असुरा दुरन्ता,
भयावहाः सन्ति सदा सुराणाम्।
विना शिवं को नु हरेद् विपत्तिं,
प्रभो! समुत्तिष्ठ जगद्धिताय।।15।।

भयंकर असुरों की वृद्धि हो रही है। वे देवों के लिए सदा भयावह रहे हैं। हमारी विपत्ति शिव के सिवाय कौन दूर कर सकेगा। हे प्रभो संसार के कल्याण के लिए आप समाधि से उठ बैठें।।15।।

विरञ्चिनारायणकण्ठदेशात्,
विनिर्गतो भावमयः स्तवोऽयम्।
अन्तः प्रविश्यावृतचित्तवृत्ति-
माकृष्य चक्रेऽस्य समाधिभङ्गम्।। 16।।

ब्रह्मा विष्णु के कण्ठ से निकले उस भावपूर्ण स्तोत्र ने शिव जी के अन्तःकरण में प्रवेश कर चित्तवृत्ति के आवरण को खींच उनकी समाधि को भंग कर दिया।। 16।।

निःशंकनिर्वाधसमाधिभंगात्,
चिन्ताकुलोऽसौ व्यथितः कपाली।
उन्मील्य नेत्रे सहसा समक्षं,
देवद्वयं नम्रमुखं ददर्श।। 17।।

निःशंक निर्बाध लगी समाधि के भंग हो जाने से चिन्तित व्यथित कपाली शिव ने नेत्र खोलकर देखा तो एकाएक सामने सिर झुकाए खड़े दो देवता दिखाई दिए।। 17।।

अहो विधातर्जगदीश विष्णो!

किमर्थमत्रागमनं प्रभूणाम्।

किं कार्यमासीद् भवतां यदर्थं,

दुरूहमार्गोऽपि न बाधकोऽभूत्।। 18।।

अहो ब्रह्मा जी और जगदीश्वर विष्णु, आपको किस कारण यहाँ आना पड़ा। ऐसा क्या आपका कार्य था जिसके कारण यहाँ का अति कठिन मार्ग भी आपको रोक नहीं पाया।। 18।।

स्मरत्यहो देव! वचः प्रदत्तं,

स्वकीयपाणिग्रहणार्थमासीत्।

तदेव सद्यः परिपालनार्थं

याने श्रमोऽभून्न विधिर्जगाद।। 19।।

ब्रह्मा ने कहा– हे देव! आपको स्मरण है कि आपने अपने विवाह करने का वचन दिया था। उसी को तत्काल पूरा कराने के लिए यहाँ आने में हमें कोई श्रम का अनुभव नहीं हुआ।।19।।

दन्तप्रभाभिर्विहसन् निकुञ्जे,

मुखारविन्दच्छविमेधमानः।

योगेश्वरः सोऽप्यवधूतवेश

उवाच वै शान्तमना विरञ्चिम्।। 20।।

उस निकुज्ज में हँसते हुए दाँतों की चमक से मुखारबिन्द की छवि को बढ़ाते हुए योगेश्वर अवधूतवेश में बैठे हुए शान्त मन शिव ब्रह्मा से कहने लगे।। 20।।

योगव्रती ध्यानसमाधिलीनोऽ,

वधूतवेशो जगतो विरागी।

स्वान्तः परब्रह्मसुखानुभूतिं,

विवाहकृत्यान्नहि हन्तुमीहे।।21।।

मैं योगव्रती ध्यान समाधि में लीन रहने वाला अवधूत वेशधारी संसार से विरक्त रहने वाला हूँ। मैं विवाह कृत्य से अन्तःकरण में परब्रह्म के सुख की अनुभूति को नष्ट नहीं कर सकता।।21।।

शिवस्य वाचा विकलो विरञ्चिः,

कार्यं समाधातुमुदारभावः।

संस्मारयन् पूर्वकथाप्रसंग -

मुवाच सत्यं विहसन् महेशम्।। 22।।

शिव के वचन से विकल होते हुए भी ब्रह्मा कार्य को सफल बनाने के लिए उदार भाव हो पूर्व वार्ता का स्मरण कराते हुए शिव से हँसते हुए सत्य बोले।। 22।।

महेश्वरेणैव जगद्धिताय,

रूपत्रयं निर्मितमात्मनैव।

अहं भवान् विष्णुरपि क्रमेण,

निर्माणसंहारसुरक्षणार्थम्।।23।।

महेश्वर ब्रह्म ने ही जगत् के हित के लिए अपने से ही तीन रूपों की रचना की। वे है मैं आप और विष्णु उन्होंने क्रमशः प्राणियों की रचना, विनाश और रक्षा कार्य भी दिया था।। 23।।

महेश्वरात् प्राप्तमिदं स्वधर्मं
न चेद् भवान् पालयिता तदानीम्।
दैत्यैः कृतां सृष्टिविधानवाधां,
को नाम तां रोद्धुमिह प्रशक्तः।। 24।।

महेश्वर से प्राप्त अपने इस धर्म का यदि आप पालन नहीं करेंगे, तो दैत्यों से निरन्तर की जा रही सृष्टि रचना में बाधा को रोकने में कौन समर्थ हो सकता है।। 24।।

अपि स्वधर्मात् त्रिषु नाम चैकोऽ,
प्यसंगतः पालयिता न कृत्यम्।
तदा तु सृष्टिः क्रमशः स्खलन्ती,
निःस्रोतसी क्षुद्रनदीव नश्येत्।। 25।।

यदि इन तीन देवों में एक भी अपने धर्म से असंगत हो कृत्यों का पालन नहीं करेगा तो यह सृष्टि क्रमशः पतन की ओर जाती हुई बिना जल स्रोत वाली क्षुद्र नदी के समान नष्ट हो जायेगी।। 25।।

महेश्वरात् प्राप्तजगद्व्यवस्था -
मुन्नेतुमग्रे वयमेव शक्ताः।
तत्प्रार्थये विश्वहितं समीक्ष्य,
त्वां लोकधर्मं परिपालनार्थम्।।26।।

महेश्वर से प्राप्त की गई लोक व्यवस्था को आगे बढ़ाने में हमीं लोग समर्थ है। अतः विश्व हित में विचार कर मैं आपसे अपने लोक धर्म को पालनार्थ कर रहा हूँ।। 26।।

यद् ब्रह्मणा प्रार्थितमेव सत्यं,
समर्थयेऽप्यक्षरशस्तदेव।
तत्स्वीकुरुष्वात्र हितं विचार्य,
समर्थयन् तथ्यमुवाच विष्णुः।। 27।।

विष्णु ने कहा– ब्रह्मा ने यहां जो प्रार्थना के साथ कहा है उस सत्य का मैं अक्षरशः समर्थन करता हूँ। अतः आप सबका हित समझकर स्वीकार कर ले।। 27।।

भवद् - हठश्चेदहमुद्यतोऽस्मि,
कन्या मनःसंयतिकारिणी स्यात्।
सा योगिनी स्याद् मयि योगनिष्ठे,
कामी यदाहं ननु कामिनी सा।। 28।।

आप लोगों का हठ है तो मै भी उद्यत हूँ पर कन्या मेरे मन का साथ देने वाली हो। जब मैं योगनिष्ठ रहूँ तब वह भी योगिनी रहे और जब मैं कामी बनूँ तो वह भी कामिनी बन जाए।। 28।।

न हि स्ववासो वृषवाहनोऽहं,
भस्मांगरागो मम नागभूषा।
रूपं विरूपाक्षमिदं विचार्य,
कन्या गवेष्या समुवाच शम्भुः।। 29।।

शिव ने कहा– मेरे पास अपना निवास नहीं है सवारी वृषवाहन है भस्म का अंगराग है, मेरे भूषणनाग है रूप विरूपाक्ष तीन नेत्र वाला है यह सब विचार कर आप कन्या की खोज करें।। 29।

धन्यं महादेव भवच्चरित्रं,
तथैव कन्या मम दक्षपुत्री।
उमैव साक्षाद् भवने ऽवतीर्णा,
नाम्ना सती सा तपसार्चति त्वाम्।। 30।।

हे महादेव जैसा आपका चरित्र धन्य है वैसी ही मेरे पास कन्या दक्ष की पुत्री है। वह साक्षात् उमा ही अवतीर्ण हुई है। सती नाम है जो तपस्या के द्वारा आप की अर्चना कर रही है।। 30।।

सा दिव्यरूपा भवदंगभूता,
निरूपिता देवमहेश्वरेण।
प्राप्तुं भवन्तं तपति व्रतैः सा,
शरीरयष्टिं परिशोषयन्ती।। 31।।

वह दिव्यरूप धारिणी आपका अंग ही है महेश्वर ने ही आपके लिए निर्धारित कर दी है वह आपको पाने के लिए व्रतों द्वारा तपस्या कर अपने अंगों को सुखा रही है।। 31।।

गत्वा स्वयं तत्र तपः प्रदेशं,
देहि प्रभो दर्शनमाशिषा त्वम्।
भवत्कृपार्थं तपसाभितप्तां,
वरप्रदानेन विधेहि भार्याम्।। 32।।

कृपया आप स्वयं उस तप स्थान पर जाकर उसे आशिष के साथ दर्शन दें। आपकी कृपा के लिए तप से जल रही उसे वर प्रदान कर अपनी भार्या बना ले।। 32।।

इति वदति विरञ्चौ चापि विष्णौ महेशोऽ,
प्यनुमतिमथ दातुं तत्तथाऽस्त्वित्युवाच ।
श्रवणपुटगतं तच्छब्दमाकर्ण्य शम्भोः,
प्रमुदितमनसा तौ गतौ तं प्रणम्य ।। 33 ।।

इस प्रकार ब्रह्मा और विष्णु के कहने पर अनुमति देने के लिए शिव ने कहा आपका कहना उसी प्रकार स्वीकार है यह शिव के शब्द सुनकर प्रसन्न मन विष्णु और ब्रह्मा अपने लोक को चले गए।। 33।।

इति सतीशङ्करे महाकाव्ये
शिवप्रसादनं नाम पञ्चमः सर्गः समाप्तः ।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्

षष्ठ:सर्ग:

विगता दिवसा दशाधिका,
भगवान् नैव समाधिमागतः।
परिपश्यति योगिनो दशां,
दिनचर्यामपि नन्दिकेश्वरः।। 1।।

दस दिन से अधिक समय बीत गया भगवान् शिव की समाधि नहीं लगी। शिव के गण नदिकेश्वर इस योगी की दशा और उनकी दिनचर्या को भी बड़े ध्यान से देख रहे हैं।। 1।।

गतिमासनबद्धधीरतां,
यतते योगधुरन्धरोऽप्यसौ।
घटिकापि न याति पूर्णतां,
सहसोन्मीलितलोचनो भवेत्।। 2।।

योग में धुरन्धर वे आसन बाँधने में धैर्य और गति बनाये रखने का प्रयत्न करते हैं पर एक घटी भी नहीं बीतती सहसा नेत्र खुल जाते हैं।। 2।।

मनसोऽपि च धीरता गता,
क्षणमेतत् क्षणमन्यमीहते।
परिवीक्ष्य परिस्थितिं शिवं,
प्रणमन्नाह स नन्दिकेश्वरः।। 3।।

मन की धीरता समाप्त हो गयी है क्षण में यह और क्षण में कुछ अन्य सोचने लगते हैं। इस दशा को भलीभांति समझकर वह नन्दिकेश्वर प्रणाम करते हुए बोले।।3।।

अहमद्य निवेदये प्रभो!
विधिनोक्तं स्वगृहाय गच्छता।
इह दक्षसुता सती वने,
कुरुते घोरतपो भवत्कृते।। 4।।

नन्दिकेश्वर ने कहा— प्रभो ब्रह्मा घर जाते हुए मुझसे कह गए थे, कि यहीं वन में दक्ष की पुत्री सती आपको पाने के लिए घोर तप कर रही है।। 4।।

प्रथमे दिवसे समाधिना,
विधिनोक्तं परमाशु विस्मृतम्।
चकितं परमद्य मे मनः,
न समाधिं पुनराप तद्दिनात्।। 5।।

शिव ने कहा— पहले दिन समाधि के द्वारा ब्रह्मा का कहा सब मैं तत्काल भूल गया। पर मैं आज आश्चर्य में हूँ कि उस दिन के बाद मेरी समाधि ही नहीं लग रही थी।। 5।।

प्रथमे दिवसे स्मृतिर्गता,
पुनरागाच्च समाधिभंगता।
स्मृतिरद्य पुनस्तदागमत्
कथनेनात्र तवाह शंकरः।। 6।।

शिव ने कहा– प्रथम दिन स्मृति चली गयी बाद में समाधि भंग होने लगी। आज आप के कहने पर ब्रह्मा द्वारा मुझसे कहा कथन पुनः स्मरण हो गया।। 6।।

तपतीह भवत्कृते यदि,
नियतं सापि भवेत् महासती।
विधिनोक्तहृते समाधिना,
स्मृति वन्धाद्धि समाधिवन्धनम्।। 7।।

नन्दिकेश्वर ने कहा– आपके लिए जो कोई यहाँ तप कर रही है वह भी महासती ही होगी। उसके विषय में कही ब्रह्मा की बात यदि समाधि ने विस्मृत कर दी तो सती के प्रभाव से ही समाधि का भी बन्धन हो गया होगा।। 7।।

उचितं यदि मन्यते भवान्,
परिपूर्णं कठिनं सतीतपः।
कृपया शुभदर्शनेन वै,
वरदानेन सभाजयेत् प्रभो।। 8।।

यदि आप उचित मानते हैं सती का तप पूर्ण हो गया है। तो हे प्रभो! आप कृपा कर उसे शुभ दर्शन दे और वरदान देकर अनुगृहीत करें।

यदवोचत नन्दिकेश्वरो,
वचनं न्यायपरं जनोन्मुखम्।
परिमृश्य तपः स्थलं शिवः,
उपगन्तुं कृतनिश्चयोऽभवत्।। 9।।

नन्दिकेश! आपने जो कहा है वह निश्चय ही उचित न्यायसंगत तथा जनहित में है। अतः शिव ने सती के तपस्या के स्थान की जानकारी कर वहाँ जाने का निश्चय कर लिया।। 9।।

प्रययौ सह नन्दिना शिवः,
कुरुते यत्र सती तपोव्रतम्।
समुपेत्य तपः प्रभावितं,
विपिनं वीक्ष्य स विस्मितोऽभवत्।। 10।।

शिव नन्दीगण के साथ जब उस स्थान पर पहुँचे जहाँ सती तप करती थी तो तप से प्रभावित वन को देखकर वे आश्चर्यचकित हो गए।। 10।।

फलभारविलम्बिशाखिनः,
कुसुमानि प्रकिरन्ति वै लताः।
विचरन्ति मृगा इतस्ततः,
वनमध्ये विहरन्ति बर्हिणः।। 11।।

फलों के भार से वृक्ष झुक रहे थे, लताएं विशेष रूप से पुष्प बिखेर रही थी। मृग इधर–उधर विचर रहे थे और वन में मयूर विहार कर रहे थे।।11।।

भुजगैः सह यान्ति केकिनः,
मृगयूथैः सह केसरिव्रजाः।
विपिने विहरन्ति निर्भया,
मुनिवृन्दाः पशुपक्षिपन्नगाः।। 12।।

सर्पो के साथ् मयूर घूम रहे हैं। मृग झुण्डों के साथ सिंह चल रहे हैं। वन में मुनि जन पशु पक्षी सर्प आदि सभी जीव निर्भय विहार कर रहे हैं।। 12।।

स ददर्श कुटीर-सन्मुखे,
युवसिंहं तु सुरक्षया स्थितम्।
स तु वीक्ष्य शिवं गतोऽन्यतः,
मधुरं गर्जनमाचरन् शनैः।। 13।।

शिव ने कुटी के सामने एक युवा सिंह को देखा जैसे सुरक्षा में स्थित हो वह शिव को देख एक ओर जाता हुआ मधुर धीमा गर्जन कर गया।।13।।

स ददर्श तपस्विनीं सतीं,
निभृताबद्धसमाधिनाचलाम्।
व्रतदुर्बल - देहदर्शना -
मपि दिव्यप्रभया प्रभासिताम्।। 14।।

शिव ने तपस्विनी सती को देखा, वे निश्चिन्त समाधिबद्ध अचल बैठी थी। व्रत के कारण देह दर्शन दुर्बल हो रहा था पर दिव्य प्रभा से अंग प्रभासित हो रही थी।। 14।।

चिरबद्ध-समाधि-मुद्रया,
हृदयेऽभीष्ट-सुदर्शने रता।
उदतिष्ठदवागवचःक्रिया,
सहसा केसरिगर्जनात् सती।। 15।।

बड़ी देर से समाधि मुद्रा द्वारा हृदय में अपने अभीष्ट के सुदर्शन में मग्न सती सहसा सिंह के गर्जन को सुन कुछ न बोलती अवाक् उठ खड़ी हो गयी।। 15।।

अवलोक्य समक्षमीश्वरं,
सफलं वीक्ष्य तपोव्रतार्चनम्।
चिरदर्शनतृप्तिहर्षितां,
प्रणमन्तीं सहसाग्रहीत् शिवः।। 16।।

शिव को सामने खड़ा देख अपने तप व्रत पूजन को सफल देखकर चिरकाल से दर्शन की तृप्ति से हर्षित हो प्रणाम करती हुई सती को शिव ने सहसा पकड़ लिया।। 16।।

करपल्लव-पावनं यदा,
सहसा दुर्बलदेहमस्पृशत्।
नवकांचनकान्तिरञ्जितं,
मणिकान्तं वपुराबभौ तदा।। 17।।

जैसे ही शिव का पावन कर पल्लव सती शरीर को छू गया वैसे ही वह दुर्बल शरीर सहसा नव सुवर्ण की कान्ति रमणीय और मणि के समान दीप्त होने लगा।। 17।।

नवयौवन - दिव्यदर्शनां,
विलसद्रूपमनोहरच्छटाम्।
छविपुत्तलिकामिव स्थिता-
मवलोक्याशु शिवोऽब्रवीत् सतीम्।। 18।।

नवयौवन का दिव्य दर्शन देने वाली मनोहर रूप की छटा को बिखेरती शोभा की पुतली बनी मौन खड़ी सती को देखकर तत्काल शिव कहने लगे।।18।।

प्रियदक्षसुते! तपोव्रतैः,
परितुष्टोऽस्मि ममार्चनैरपि।
यदि ते मनसोऽभिवाञ्छित -
मिह तद् ब्रूहि वरं ददाम्यहम्।। 19।।

प्रिय दक्ष की पुत्री! तुम्हारे द्वारा किए गए तप व्रत पूजन अर्चन से मैं पूर्णतया सन्तुष्ट हूँ यदि तुम्हारे मन में कोई इच्छा है तो उसे कहो मैं वर प्रदान के लिए तैयार हूँ।। 19।।

श्रवणामृतवर्षि तद्वचो,
हृदयात्मानमपि प्रसादनम्।
तदपि प्रभुसन्मुखे मनो -
गतलज्जावशमौनमाश्रितम्।। 20।।

शिव के वचन कानों में अमृत की वर्षा और हृदय तथा आत्मा तक को प्रसन्न करने वाले थे फिर भी प्रभु के सामने मनोगत लज्जा के कारण उन्होंने मौन धारण कर लिया।। 20।।

अनुवीक्ष्य सलज्जमाननं,

पुनरूचे भगवान् शिवस्तदा।

तपसा यदि किञ्चिदीहितं,

भवती तत्तु कथं निगूहते।। 21।।

शिव सती का सलज्ज मुख देखकर पुनः बोले– यदि तप के द्वारा तुम्हारा कोई इच्छित फल है तो उसे आप क्यों छिपा रही हैं।21।।

वचनं मधुहास्यमिश्रितं,

प्रियमूचेऽपि निशम्य सस्मितम्।

भवते किमपि प्ररोचते,

यदि तद् देहि तदेव मत् प्रियम्।। 22।।

शिव मधुर हास्य मिश्रित प्रिय वचन बोले थे। उन्हें सुनकर सती मुस्कुराती हुई बोली– यदि कुछ आपको अधिक रुचिकर लगा हो तो वही वर दे दें मुझे वही प्रिय होगा।। 22।।

स निशम्य वचो मधुस्मित -

मनुरागान्वितवाचमाह ताम्।

यदि मत् प्रियतां त्वमीहसे,

मम भार्या गृहिणी भव प्रिया।। 23।।

शिव सती के मधुर मुस्कान भरे वचन सुनकर अनुराग भरे प्रिय वचन बोले– यदि तुम मेरी पसन्द की चाहती हो तो मैं अपने मन का वर दे रहा हूँ– तुम मेरी भार्या गृहिणी और प्रिय बनो।। 23।।

प्रभुणा स्वयमन्तरात्मना,
परिविज्ञाय ममेप्सितं कृतम्।
इति हर्षभरेण पादयो -
र्विनतां तां पुनरग्रहीत् शिवः।। 24।।

प्रभु ने अपनी अन्तरात्मा से मेरे मन की बात जानकर मेरा वांछित वर दे दिया यह समझ विनत चरणों पर हो रही सती को शिव ने पुनः पकड़ लिया।।24।।

हृदयं मम ते स्थितिः प्रिये!
ननु पादावसि भामिनी मम।
विधिरेव मदीयमानसे,
प्रथमं त्वां प्रणिधाय वै गतः।। 25।।

हे प्रिय मेरा हृदय अब तुम्हारा स्थान है पैर नहीं। तुम मेरी भामिनी हो। ब्रह्मा जी पहले ही तुमको मेरे मानस में बैठाकर गए हैं।।25।।

शिव एव हि मां समीहते,
ननु सौन्दर्यसमृद्धिगर्विता।
मृदुहास्यसलज्जसस्मितै -
र्वृषकेतुं सकटाक्षमैक्षत।।26।।

अरे शिव जी स्वयं मुझे चाह रहे थे, तो सौन्दर्य समृद्धि से गर्वित सती ने वृषकेतु शिव को मृदु हास्य सलज्ज मुस्कान के साथ कटाक्ष भरे नेत्रों से देखा।। 26।।

अनुरागसमर्पितं द्वयो -
हृदयं वै विषमव्यथाकुलम्।
क्षणमातुरबाहुपाशयोः,
सहसालिङ्गनबन्धनं ययो।। 27।।

अनुराग में समर्पित दोनों के विषय व्यथा से व्याकुल हृदय क्षण भर में आतुर दोनों के बाहु पाश में आलिंगनबद्ध हो गए।। 27।।

ततः शिवं प्राह सती विनम्रा,
भार्यास्मि ते नाथ वरप्रभावात्।
तथापि वैवाहिकधर्मकृत्यैः,
पितुः प्रदानेन हि मां वृणोतु।। 28।।

कुछ देर बाद सती ने विनम्र भाव हो शिव से निवेदन किया कि हे नाथ मैं वर के प्रभाव से आपकी भार्या हो चुकी हूँ पर आप वैवाहिक धार्मिक कृत्य के द्वारा मेरे पिता के द्वार हो मुझे वरे।। 28।।

मर्यादया तद्वचनैर्महेशः,
स्वीकृत्य तां प्राह गृहं प्रयाहि।
पितुर्गृहं त्वां परिणेतुकामः
शीघ्रं गमिष्यामि सुरैः सहाहम्।। 29।।

शिव ने सती के वचनों को मर्यादा के साथ स्वीकार कर उनसे कहा आप अपने घर जाइए। मैं शीघ्र देवों के साथ तुम्हे व्याहने की इच्छा से तुम्हारे पिता के घर जाऊँगा।।29।।

प्रीत्या दक्षसुतां विवाहविषये विश्वासमापादयन्,
यातो मानसमन्दिरेऽपि च सतीं संरक्ष्य गेहं शिवः।
शम्भोर्मङ्गलमूर्तिमाशु हृदये संस्थाप्य शम्भुप्रिया,
सानन्दं प्रययौ तपोव्रतफलं संप्राप्य पित्रोर्गृहम्।। 30।।

प्रेम से दक्ष पुत्री को विवाह का विश्वास दिलाते हुए अपने मानस मन्दिर में सती को सुरक्षित कर शिव जी कैलास चले गए। इधर शिव की मंगलमूर्ति को शीघ्र अपने हृदय में बिठाकर शिव प्रिया आनन्द के साथ तपव्रत का फल पाकर पिता के घर चली गई।। 30।।

विशति हृदि वियोगोत्पीडनं सानुरागं,
मनसिजविषबाणैर्भिद्यतेऽप्यन्तरालम्।
निशि किरणकटाक्षैश्चन्दिरोऽयं दुनोति,
विरहविपदि चोभौ तापयत्येष कालः।। 31।।

अनुराग भरा वियोग का उत्पीड़न हृदय में प्रवेश कर गया है। कामदेव के विषैले वाणों से अन्तराल विध रहा है। रात में यह चन्द्रमा अपने किरण कटाक्षों से दुखी करता है यह विरहकाल दोनों को वियोग की विपत्ति में तपा रहा है।। 31।।

इति सतीशङ्करे महाकाव्ये
शिवेन सतीवरप्रदानं नाम षष्ठः सर्गः समाप्तः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्
सप्तमःसर्गः

सफलतामधिगत्य तपोव्रतैः

वरमवाप्य मनोरथसाधकम्।

हृदि विधाय महेशमधीश्वरं,

गृहमगात् पितुराशु शिवप्रिया।। 1।।

शिवप्रिया सती तप और व्रत साधना में सफल होकर मनोवांछित वर पाने में सफल हो गयी। हृदय में अधीश्वर महेश को स्थापित कर शीघ्र पिता के घर चली गयीं।। 1।।

समवलोक्य सुतां गृहमागता -

मुभयबाहुगतां जननी सुताम्।

सरलसौम्यहृदा मनसः प्रियां,

परमहर्षभराऽमिलदातुरा।। 2।।

पुत्री सती को गृह आई हुई देख कर उन्हें दोनों बाहु में भरे हुए माता सरल सौम्य हृदय से अपनी मन की प्यारी पुत्री को आतुर होकरं मिली।। 2।।

सरलसुन्दरसौम्यमनोहरां,

कठिनघोरतपोव्रतचारिणीम्।

मनसि चिन्तनमोहवशंगतां,

विकलमाह रुषा जननी सुताम्।। 3।।

सरल सुन्दर भोली और मन को प्यारी पर कठिन तपव्रत करने वाली पुत्री से मन में चिन्तित मोहवश विकल माता कुछ रोष में कहने लगी।। 3।।

प्रियसते! तव कान्तकलेवरं,

सततमत्र मया बहुपालितम्।

विपिनमध्यगतं कठिनव्रतैः,

किमिति दुर्दलितं तपसानलैः।। 4।।

प्रिय पुत्री! तुम्हारा यह सुन्दर शरीर मैंने यहां निरन्तर पाला है पर तुमने वन में जाकर कठिन व्रत और तप की आग में जलाकर दुर्दशाग्रस्त कर दिया है।। 4।।

व्रतकृते ऽन्नजलादपि वञ्चनं,

कठिनभूमितले शयनं वने।

कथमदाहि सुपुष्पतनुस्त्वया,

कुलिशपातहतेव नु मल्लिका।। 15।।

व्रतों के लिए अन्न जल से वंचित, कठिन भूमि पर वन में शयन, तुमने क्यों पुष्प जैसा, शरीर जला दिया जैसे मल्लिका को वज्र ने मार दिया है।। 5।।

विकलमातरमश्रुभराननां,

प्रियसुताकठिनव्रतपीडिताम्।

व्रतविधानतपः फलदां कथां,

सपदि वक्तुमसौ समुवाच ताम्।। 6।।

प्रिय सुपुत्री के कठिन व्रत तप से पीड़ित आँसू भरे विकल माता से अपने तप विधान का फल कहने के लिए शीघ्र माता से सती बोली।। 6।।

जननि! मा कुरु शोकमनर्थकं,

इदमवेहि तपोव्रतसाधनम्।

सफलमद्य सुखप्रदमेव तन्-

ननु बभूव वने तपनं मम।। 7।।

माँ! अनर्थकारी शोक मत करो। इस तपोव्रत साधन को समझो। यह सफल और सुखदायी वन में मेरी तपस्या हो चुकी है।। 7।।

स्वयमेत्य शिवेन सादरं,

तव पुत्री प्रभुणानुकम्पिता।

वरदेन दयालुना वरं,

ददताऽहं निजभामिनी कृता।। 8।।

श्री भगवान शिव ने स्वयं आकर आदर के साथ मेरे ऊपर कृपा की। दयालु प्रभु ने वरदान देते हुए मुझे अपनी पत्नी बना लिया।। 8।।

जननि! शम्भुरुपेत्य ममाश्रमं,

स्वयमसौ सफलीकृतवान् तपः।

परमरम्यवरेण ममेप्सितं,

तदनु मह्यमदात् गृहिणीपदम्।। 9।।

हे माता! शिव ने स्वयं मेरे आश्रम में आकर मेरी तपस्या सफल की है। उन्होंने मेरा मनचाहा रम्य वर प्रदान कर मुझे अपनी गृहिणी का पद प्रदान किया है।। 9।।

प्रियतमास्मि शिवस्य हृदि स्थिता,

तदपि सानुनयं विनिवेदितम्।

मम गृहे पितुरेव करे स्थितां,

परिणयेन हि नाथ! गृहाण माम्।। 10।।

मैं उनके हृदय में स्थान पा चुकी शिव की प्रियतमा हूँ, फिर भी मैंने उनसे विनयपूर्वक निवेदन किया कि वे मेरे गृह में मेरे पिता के हाथों से ही मुझे ग्रहण करें।। 10।।

सपदि ते गृहमेत्य शिवः स्वयं,

परिणये विधिनैव ग्रहीष्यति।

तदनु ते जननि! प्रियनन्दिनी,

नववधूः प्रभुणा सह यास्यति।। 11।।

शीघ्र ही शिव जी तुम्हारे घर आकर स्वयं विवाह विधि से मुझे ग्रहण करेंगे। तत्पश्चात् यह तुम्हारी प्रिय पुत्री नव वधू बनकर शिव के साथ जाएगी।। 11।।

सरलसत्यसुधारसवर्षिभिः,
प्रियसुतावचनैर्मधुरैर्मुदा।
हृदयहर्षपरा जननी तदा,
सजलनेत्रमुवाच सगद्गदम्।। 12।।

सरल सत्य सुधारसवर्षी प्रिय पुत्री के मधुर वचनों से सहर्ष हृदय माता सजल नेत्र और गद्गद् कण्ठ हो पुत्री से बोली।। 12।।

घनवने तपसा शिव-साधने,
सफलतामधिगत्य जगत्त्रये।
कुलमिदं ननु धन्यमभूत् त्वया,
त्वमसि भाग्यवती भवभामिनी।। 13।।

घने वन में तप से शिव साधना द्वारा तुम से यह कुल निश्चय ही धन्य हो गया। तुम भाग्यवती शिव की भामिनी ही हो।। 13।।

त्वं पुत्रि! मन्येऽत्र शिशुत्वकालात्,
दिव्यप्रभावेण परिष्कृतासीः।
शिवः सदा ध्यानपरस्त्वदीयं,
प्रभावयन् मानसमाविरासीत्।। 14।।

हे पुत्री! तुम शिशुकाल से ही दिव्य प्रभाव से प्रभासित रही हो। शिव सदा तुम्हारे ध्यान में रहे हैं वे सदा तुम्हारे हृदय को प्रभावित करते उसमें उपस्थित रहे हैं।। 14।।

त्वं दिव्यरूपा जगदम्बिकासि,
शम्भोः प्रिया मद्भवनेऽवतीर्णा।
जानाम्यहं वै जननीं जगत्या
वन्दे भवानीं भुवनेश्वरीं त्वाम्।। 15।।

तुम दिव्यरूपवती जगदम्बा हो, शिव की प्रिया हो जो मेरे भवन में अवतीर्ण हुई हो। मैं तुम्हें जान रही हूँ तुम संसार की जननी भुवनेश्वरी हो, मैं तुम्हारी वन्दना करती हूँ।। 15।।

दक्षस्तदानीं भवनं प्रविश्य,
निवृत्य पुत्रीं तपसोऽभ्युपेताम्।
ततः प्रमोदेन सतीं स्तुवन्तीं,
पार्श्वस्थितां मातरमभ्यपश्यत्।। 16।।

तभी भवन में प्रवेश कर दक्ष ने तप से निपट कर घर आई सती को तथा समीप में बैठी पुत्री सती की स्तुति करती उसकी माँ को देखा।। 16।।

विलोक्य तातं तनयानुरागा -
दुत्थाय सद्यः पितरं ननाम।
दक्षः स्वपुत्रीं सफलां समीक्ष्य,
हृदा समालिङ्ग्य प्रहर्षितोऽभूत्।। 17।।

पुत्री ने पिता को देख अनुराग वश उठकर तुरन्त उन्हें प्रणाम किया। दक्ष ने पुत्री को तप में सफल समझकर उसे हृदय से लगा कर बहुत हर्ष प्रकट किया।। 17।।

शुभाशिषा ते तपसा शिवेन,

मह्यं प्रदत्तं गृहिणीपदं वै।

शीघ्रं समागत्य त्वदीयं गृहं

विवाहयज्ञे वरिता स्वयं माम्।। 18।।

सती ने कहा– आपके शुभ आशीर्वाद से शिव ने तपस्या से प्रसन्न हो मुझे अपनी गृहिणी का पद प्रदान किया है। वे शीघ्र ही आपके घर आकर विवाह यज्ञ में मेरा स्वयं वरण करेंगे।। 18।।

तपःप्रभावेण शिवप्रसादात्,

वरप्रदानात् सफला सुताऽभूत्।

मेने फलं तत् तपसः स्वयं यत्,

दक्षः कठोरं विपिने तताप।। 19।।

तप के प्रभाव से शिव की प्रसन्नता से वर पाकर मेरी पुत्री सफल हो गयी। इस सफलता को दक्ष ने अपने उस तप का पूर्ण फल माना जिसको उन्होंने वन में कठोर रूप से तपा था।।19।।

उवाच दक्षः गृहिणीपदं ते,

यत् स्वीकृतं चारुतया शिवेन।

शीघ्रं विवाहे विधिना स्वपुत्रीं,

करेण दास्यामि महेश्वराय।। 20।।

दक्ष ने पुत्री से कहा तुम्हें भगवान शिव ने प्रसन्नता से जो गृहिणी पद दिया है तो तुम्हारा विधि से विवाह कर तुम्हें अपने हाथों से शिव को सौपूँगा।। 20।।

तदैव पुत्रीव्रतवृत्तमाप्तुं,
विवेश दक्षस्य गृहं विरञ्चिः।
सतीप्रदानाय निशम्य वाचं,
सन्तोषमन्तर्मनसि प्रपेदे।। 21।।

उसी समय दक्ष के गृह सती के तप का समाचार प्राप्त करने वहाँ ब्रह्मा पहुँच गए। उन्होने वार्ता में दक्ष को यह कहते सुनकर कि वे सहर्ष पुत्री को शिव को देंगे तो उन्हें मन में अति सन्तोष हो गया।। 21।।

विलोक्य दक्षः पितरं गृहाप्तं,
सहर्षमेष प्रणमन् पदाब्जम्।
पत्न्या सह स्वागतमाचरँस्तं,
सतीतपोवृत्तमुदीरयच्च।। 22।।

पिता को घर आए हुए देख दक्ष ने सहर्ष पिता की चरण वन्दना की और पत्नी के साथ उनका स्वागत करते हुए सती के तप का हाल कह सुनाया।।22।।

अतः परं किं नु भवेत् शुभं वै,
शिवस्य भामा समभूत् सुता मे।
संकल्पितं तात मयापि दातुं,
विवाहकाले स्वकरेण पुत्रीम्।। 23।।

इससे अधिक और क्या शुभंकर होगा कि मेरी पुत्री शिव की भामिनी हो गयी। हे तात! मैंने भी संकल्प लिया है कि मैं विवाह काल में शिव को अपने हाथों पुत्री समर्पित करूँगा।। 23।।

पुत्रस्य संकल्पवचांसि कर्णैः,
पिवन् सुधासारमिव प्रसीदन्।
सुनिश्चितं प्राप्य सतीविवाहं,
गम्भीरवाचा निजगाद दक्षम्।। 24।।

शिव के साथ पुत्री के विवाह का संकल्प का वचन सुधासार के समान अपने कानों से पान करते हुए ब्रह्मा विवाह का विषय सुनिश्चित मानकर गम्भीर वाणी से प्रसन्न होते हुए पुत्र से बोले।। 24।।

कन्याविवाहे शतशः प्रयासैः,
धैर्येण बुद्धया बहुसाधनीयम्।
स आशुतोषः प्रलयंकरोऽपि,
योगी वियोगी सुविचार्य साध्यः।। 25।।

कन्या विवाह के समय सैकड़ों प्रयत्नों के द्वारा भी बुद्धि और धैर्य के सहारे बहुत सम्भालना चाहिए। शिव आशुतोष हैं पर प्रलयंकर भी हैं वे योगी वियोगी हैं उन्हें विचार कर सँभाले रखना है।। 25।।

कार्ये शुभे कार्मिक-दुष्प्रबन्धा -
दवाञ्छिता दुष्कृतयो विशन्ति।
अतः सुविज्ञाः समये व्यवस्थां,
नियोजिताचारदिशां नयन्ति।। 26।।

शुभ कार्य में कर्मचारियों के अनुचित प्रबन्ध से अवांच्छित बुराइयां प्रवेश कर जाती हैं। अतः कार्य में निपुण लोग समय से ही योजना बनाकर तदनुकूल व्यवस्था को सही दिशा प्रदान करते हैं।। 26।।

शिवस्य सन्देशवशादिदानीं,
कैलासयात्रामहमेतुमीहे।
इहागमिष्यामि ततोऽतिशीघ्रं,
पौत्रीविवाहे ममता मदीया।। 27।।

शिव जी को सन्देश देने के कारण मुझे अति शीघ्र कैलास यात्रा पर जाना है। मैं अतिशीघ्र यहाँ वापस आऊँगा। पोती के विवाह का मुझे मोह है।। 27।।

देवास्तथा शम्भुगणा विचित्रा,
मुनीश्वरा वै ऋषयश्च वर्याः।
विष्णुः स्वयं श्रीसहितो विवाहे,
समागमिष्यन्ति च नारदाद्या।। 28।।

इस विवाह में देव और शिव के विचित्र गण मुनीश्वर उच्चकोटि के ऋषि, लक्ष्मी के साथ स्वयं विष्णु और नारदादि आएँगे।।28।।

अशनशयनशोभास्वागताचारमार्गं
विमलमतिविरञ्चिः पुत्रदक्षं प्रबोध्य।
शिवगतिमवगन्तुं तत्परोऽसौ विवाहे
प्रभवति च विरागे वा गतः स्यात् समाधिम्।। 29।।

ब्रह्मा अपनी विमल बुद्धि से पुत्र दक्ष को भोजन शयन सजावट स्वागताचार के विषय में समझाकर शिव के विवाह की स्थिति जानने को तत्पर हो गए, विराग के उत्पन्न होते ही वे कहीं समाधि में चले गए हों।। 29।।

इत्थं मनसि विचार्य,
शङ्करविषये सुचिन्तितो ब्रह्मा।
शीघ्रं गन्तुमनाऽसौ,
कैलासं प्रस्थितः सद्यः।। 30।।

ऐसा मन में विचार कर शिव के लिए चिन्तित ब्रह्मा शीघ्र जाने का मन बनाकर कैलास की यात्रा पर चल पड़े।। 30।।

इति सतीशङ्करे महाकाव्ये
सतीविवाहविषये दक्षविधि संवादो
नाम सप्तमः सर्गः समाप्तः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्

अष्टम:सर्ग:

प्रियसतीं परिणीय वरेण वै,
गिरिगृहं पुनरागतवान् शिवः।
परमसह्यनवाङ्कुरितो हृदि,
नववियोगविषाणुरसत्तमः।। 1।।

वरदान द्वारा प्रिय सती को व्याह कर शिव पुनः अपने हिमगिरि के आवास पर आ गए। पर एक नया दुष्ट वियोग विषाणु हृदय में अंकुरित हो गया।। 1।।

तपसि योगनियोगदशागता,
शिरसि सिंहपदेन वियोगिता
नवसती - प्रियता - परिवेदना,
विगतनिद्रमुपैति दिवानिशम्।। 2।।

तप से योग को नियन्त्रण की स्थिति बीत गयी अब वियोग व्याघ्रपाद से शिर पर विराजमान है। नवीन सती के स्नेह की पीड़ा के कारण शिव के दिन और रात निद्रा विहीन आ रहे हैं।। 2।।

भवति भोजनपानविसंगतिः,
अपगता मनसो विजयारतिः।
हृदिगता नवचन्द्रमुखी यदा,
क्षुरति चान्द्रमसी रजनी तदा।। 3।।

भोजन पान में गड़बड़ी, भाँग से विरक्ति हो गई। हृदय में जब चन्द्रमुखी बैठी है, तब चांदनी रात छुरी मारती लगती है।। 3।।

न दिवसो रुचिरो न निशा प्रिया,
न रति रेति न चोपवने वने।
शिरसि भाति न वै शिथिला जटा,
द्युतिमती नहि चन्द्रकलाकला।। 4।।

न दिन के प्रति रुचि रही न रात शोभा देती वायु वन उपवन कोई नहीं भा रहा। शिथिल जटा सिर पर शोभा नहीं देती चन्द्र की कला में भी चमक नहीं रही।। 4।।

प्रयतते यदि योगनिबन्धनं
निशि निमील्य च नेत्रपुटे यदा।
क्षणगते नवपुष्पलतेव सा,
हृदयमेति विनोदपरा प्रिया।। 5।।

रात में नेत्र बन्द कर जब योग करने को आसन बाँधते क्षण भर बीतते ही नूतन पुष्प की भाँति प्रेयसी आकर हृदय में विनोद करने लगती।। 5।।

हिमगिरिस्तपतीव हिमांशुमान्,
दहति वायुरयं हृदयं मम।
तव वियोगविपद्दहनव्यथां,
प्रियतमे! नहि सोढुमहं क्षमः।। 6।।

हिमालय और यह हिमांशु चन्द्र तपा सा रहा है यह शीतल वायु मेरा हृदय जला रही है। हे प्रियतमा! तुम्हारे वियोग की विपत्ति की पीड़ा मैं सहन नहीं कर पा रही हूँ।। 6।।

तव वचः परिपालयता मया,
यदि वरेण मया गृहिणी कृता।
कथमहो! प्रविहाय पतिं प्रिये,
मम दशामनपेक्ष्य गृहं गता।। 7।।

तुम्हारे वचन का पालन करते हुए यदि मैंने तुम्हें पत्नी बना लिया तो हे प्रिये! तुम मुझे त्याग मेरी दशा की उपेक्षा कर अपने घर क्यों चली गयी।। 7।।

तव निवेदनमेव मया प्रिये!
स्वयमुरीकृतमाशु शपामि किम्।
किमपि दोष इहास्ति न ते ऽनघे!
मम वियोगतपस्तु मयार्जितम्।। 8।।

हे प्रिये! तुम्हारा निवेदन तो मैंने स्वयं स्वीकार किया तो अन्य किसे बुरा कहूँ हे अनघे! तुम्हारा यहाँ पर कोई दोष नहीं यह वियोग का तप मैंने ही अर्जित किया है।। 8।।

इति वदन् प्रलपन् भगवान् शिवः,
त्वरितमस्मरदर्थपरं विधिम्।
सपदि दुर्व्यसने विपदागमे,
भवति बन्धुजनो हि सहायकः।। 9।।

इस प्रकार निरर्थक वचन कहते हुए भगवान शिव को तत्काल ब्रह्मा का स्मरण आ गया। एकाएक उलझन या विपत्ति आने पर बन्धु ही सहायक होता है।। 9।।

तदनु सूचयति स्म स वेधसं,
सपदि यातु सतीभवनं स्वयम्।
मम विवाहकृतेऽनुमतिं पितु-
र्यदि भवेत् पुनरेहि ममान्तिकम्।। 10।।

तत्पश्चात् उन्होंने ब्रह्मा को सूचित किया कि वे शीघ्र स्वयं सती के घर जाकर उनके पिता से मेरे विवाह की अनुमति ले यदि अनुमति मिले तो आप सीधे मेरे पास आ जाएँ।। 10।।

यदि युधि प्रहरेदरिरायुधान्,
तदपि वारणमस्त्रमवाप्नुते।
मनसिजः प्रहरेद्धृदयं यदि,
जगति वारयितुं नहि हेतयः।। 11।।

यदि युद्ध में शत्रु शस्त्रों का प्रहार करे तो भी बचाव करने के लिए शस्त्र होते हैं। पर यदि कामदेव हृदय पर प्रहार कर दें तो संसार में उससे बचने के लिए कहीं कोई शस्त्र नहीं है।। 11।।

उल्लंघ्य दुर्लंघ्यहिमाद्रिशृङ्गं,
कैलासमासाद्य परिश्रमेण।
विधिर्निवासाश्रमसन्निधानं,
शिवं प्रतीक्षारतमालुलोके।। 12।।

दुर्लंघ्य हिमालय पर्वत के शिखरों को पार कर ब्रह्मा ने बड़े परिश्रम से कैलास पर पहुँच निवास आश्रम के पास बैठे शिव को उनकी प्रतीक्षा करते देखा।। 12।।

स्थितः शिलायां भुवनेश्वरोऽसौ,
योगी सतीध्यानपरो वियोगी।
विधिं विलोक्यैव सहर्षमग्रे,
भवन् शिवः स्वागतमाजुहाव।। 13।।

एक शिला पर बैठे भुवनेश्वर योगी सती के ध्यान में वियोगी बने, शिव ने ब्रह्मा को देखते ही हर्ष के साथ आगे हो स्वागत किया।। 13।।

हृदा समालिङ्ग्य चतुर्मुखः किं,
वदेदिति ज्ञातुमना शिवोऽभूत्।
क्षणं प्रतीक्षाभिरतं महेशं,
मन्दस्मितैराह विधिः सुवाचम्।। 14।।

शिव हृदय से लगाकर, ब्रह्मा क्या कहते हैं यह जानने को मन में सोचने लगे क्षण भर इसी प्रतीक्षा में लगे शिव से ब्रह्मा ने मुस्कुराते हुए मनोहर–वचन कहने लगे।। 14।।

तवाग्रहात् पुत्रगृहं गतं मां,
दक्षः स्वयं प्राह सहर्षमेतत्।
असौ विवाहं विधिना विधाय,
पुत्रीं सतीं दास्यति वै शिवाय।। 15।।

आपके आग्रह पर मैं स्वयं पुत्र दक्ष के गृह गया तो दक्ष ने मुझसे स्वयं सहर्ष कहा कि वह विधिपूर्वक विवाह करके पुत्री सती को शिव के लिए समर्पित करेगा।। 15।।

विधातुमग्रे स विधिं व्यवस्थां,
व्यस्तोऽपि मत्पार्श्वगतो जगाद।
निवेदयेस्तात शिवं प्रयातुं,
शीघ्रं विवाहे वरयात्रिकैः सह।। 16।।

आगे की विवाह व्यवस्था में व्यस्त रहते हुए मुझे उन्होंने आपसे निवेदन करने को कहा – कि शिव जी शीघ्र विवाह में बारातियों के साथ पधारे।। 16।।

सतीगृहं प्राप्य मम त्वयैतत्,
सम्पादितं लोकहिताय कार्यम्।
विश्वासमापाद्य बलं प्रदत्तं,
प्रफुल्लमन्तःकरणं मदीयम्।। 17।।

सती के घ्र जाकर आपने मेरा यह कार्य पूरा कर जन हित का कार्य किया है। आपने मेरे अन्दर विश्वास पैदा कर दिया मेरा अन्तःकरण प्रसन्न हो गया है।। 17।।

भवानहो! धर्मधुरंधरो भवन्;
अगाद् दशां कामिजनैरुपार्जिताम्।
महाजनाः प्राप्य विपन्महानदीं,
तरन्ति धैर्येण न रोदनैर्वृथा।। 18।।

आश्चर्य है आप धर्म धुरन्धर होते हुए भी कामी जनों द्वारा सर्जित दशा को प्राप्त हो गए। महापुरुष विपत्ति की महानदी को धैर्य से पार करते हैं न कि आँसू बहा रोते हैं।। 18।।

सतीमुखेन्दुस्मितदर्शनेन,
कटाक्षविक्षोभितमानसेन।
रागानुविद्धं प्रसमीक्ष्य देहं,
योगेन मेऽस्त्राणि निपातितानि।। 19।।

सती के मुखचन्द्र की मुस्कान के दर्शन और कटाक्षों के प्रहार से क्षुब्ध मन के कारण शरीर को राग से घिरा देख मेरे योग ने अपने शस्त्र फेंक दिए। योग राग के सामने पराजित हो गया।। 19।।

अलक्ष्य मोहोऽपि सतीप्रवासात्,
मां पीडयन् दुर्दिनमातनोति।
तां संस्मरन्नेव जटाधरोऽयं,
योगी शिवोऽभूद् भुवने वियोगी।। 20।।

सती का अलक्षित मोह सती के चले जाने से मुझे पीड़ित कर दुर्दिन किए हुए हैं। सती का स्मरण करते ही यह जटाधारी योगी शिव भुवन में वियोगी हो गया है।। 20।।

भुजंगधारी भगवान् शिवस्त्वं,
हालाहलं पातुमपि प्रशक्तः।
स कामिनीकामशरप्रहारैः,
स्वधर्मकर्माणि परित्यजेत् किम्?।। 21।।

आप भुजंगों को धारण करने वाले शिव है। हालाहल को भी पीने की शक्ति रखते हैं, वे कामिनी के कामवाणों के प्रहार से क्या अपने धर्म कर्मों का भी त्याग कर दें।। 21।।

वियोगयोगौ च सुखं हि दुःखं,
संसारमध्ये दिनरात्रिवद् वै।
आयान्ति यान्ति क्रमशः स्ववृत्या,
सेवेत धैर्येण च साहसेन।। 22।।

वियोग मिलन सुख या दुःख संसार के बीच अपनी वृत्ति के अनुसार आते जाते हैं मनुष्य को उन्हें धैर्य और साहस से भोगना चाहिए।। 22।।

तपः प्रभावाद् वरमाप्य सद्यः
प्रतीक्षते त्वामपि भामिनी ते।
सतीं विवाहे परिणीय शीघ्र -
मानीय गेहे रमतामशंकम्।। 23।।

सती तप के प्रभाव से आपसे ही वर प्राप्त कर आपकी पत्नी बन चुकी है वह भी आपकी प्रतीक्षा कर रही है। आप शीघ्र उसको विवाह कर अपने घर लाइए और निशंक हो दोनों रमण कीजिए।। 23।।

अतः प्रभो! कार्यविधिप्रबन्धे,

गणान् विनिर्दिश्य त्वरा विधेया।

तत्रापि ते मण्डपसाजसज्जी-

कर्तुं रताः सन्ति महोत्सवाय।। 24।।

हे प्रभो! विवाह कार्य के विधि प्रबन्ध में अपने गणों को निर्देश देकर शीघ्रता करें क्योंकि वहाँ भी वे लोग मण्डप की सज–धज कर विवाह महोत्सव की तैयारी कर रहे हैं।। 24।।

जानासि मां तात महावधूतं,

जाने न संसारगतिं विरागी।

कुरु व्यवस्थां वरयात्रिकाणा -

महं यथा दक्षगृहं व्रजानि।। 25।।

अरे, भाई आप जानते कि मैं महा अवधूत हूँ मैं विरागी संसार की गति जानता हूँ, अतः आप हमारे बरातियों की व्यवस्था कर दें ताकि मैं दक्ष के घर चला जाऊँ।। 25।।

तत् तात! शीघ्रं स्वसुताँस्तथान्यान्,

ऋषीश्वरान् देवगणाँश्च विष्णुम्।

आमन्त्र्यातिथ्यकृते विवाहे,

निर्णीय कालं शुभलग्नमादौ।। 26।।

अतः तात! शीघ्र अपने पुत्रों को प्रमुख ऋषियों, देवगणों और विष्णु को मेरे विवाह में अतिथि होने का निमंत्रण भेजें, पर प्रथम काल शुभलग्न का निर्णय कर लें।। 26।।

शिवस्यार्तां वाणीं विकलविवशां कामवशगां,
हृदि प्राप्तां ब्रह्मा श्रवणसुखदां वै परिमृशन्।
गणैः सार्धं कार्यं सफलयितुमादौ निरणयत्,
सुराणां सौभाग्यं भवति यदि दाक्षीपरिणयः।। 27।।

शिव की दीन वाणी जो विकल विवश और काम वशीभूत थी, वह जब ब्रह्मा के मन में लगी तो कानों को आनन्द देने वाली उस वाणी को विचारा और माना कि यह तो देवताओं का सौभाग्य ही है जो सती का शिव से विवाह हो जाए।। 27।।

तिथिसमयसुलग्नं साधु निर्णीय वेधा,
सपदि तनयगेहेऽपि व्यवस्थां विधातुम्।
शिवसदनविधानं नन्दिकेशं समर्प्य,
सकलमपि शुभं स्यादुच्चरन् वै गतोऽसौ।। 28।।

ब्रह्मा विवाह की तिथि समय लग्न सिद्ध कर, शीघ्र ही पुत्र के घर में भी व्यवस्था करने के लिए, शिव के घर की व्यवस्था नन्दिकेश्वर को सौंपकर स्वयं सब शुभ हो कहते हुए दक्ष के घर चले गए।। 28।।

विगतमोहनिरीहविरागवान्,
गतिमधाद् विरहे धुरि कामिनाम्।
अपि सतीं परिणेतुमुपक्रमो,
नियतिचक्रगतिर्दुरतिक्रमा।। 29।।

सांसारिक मोह से दूर इच्छा रहित विरागधारी को ऐसा विरह लगा कि महाकामियों जैसी गति बना ली। अब सती को ब्याह लाने की तैयारी है। दैव की चक्रगति को कोई अतिक्रमण नहीं कर सकता।। 29।

इति सतीशङ्करे महाकाव्ये
सतीविवाहे ब्रह्मशिवसम्वादो नाम
अष्टमः सर्गः समाप्तः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्

नवम:सर्ग:

समस्तमान्यान् शिवपार्षदान् गणान्,
पार्श्वे समाहूय च नन्दिकेश्वरः।
स्वरूपसौन्दर्यकलागुणान्वितान्,
चकार दिव्यप्रतिभापरिष्कृतान्।। 1।।

नन्दिकेश्वर ने मान्य शिव के गणों को अपने पास बुलाया विवाह में जाने के लिए उन्हें स्वरूप सौन्दर्य कला गुणों के साथ ही दिव्य प्रतिभा से भी निपुण कर दिया।। 1।।

सुवेशभूषापरिधानशोभिता
अलंकृता भूषणरत्नधारिणः।
विलोक्य येषां गुणरूपयौवनं,
क्षणेन मुह्यन्तु सुराङ्गना अपि।। 2।।

सुन्दर वस्त्र वेशभूषा परिधान से शोभित, अलंकार भूषण और रत्नों को धारण किए हुए गण जिनके रूप गुण और यौवन का देख देवाङ्गनाएँ भी मोहित हो जाएं।। 2।।

अपूर्वमासीत् शिवचन्द्रचन्द्रिका,
मणिप्रभारम्यतमा लसज्जटा।
सुशोभिते कर्णपुटे च हीरकै-
र्गले लसन्नागमणेः सितप्रभा।। 3।।

आज शिव के चन्द्र की चन्द्रिका अनोखी थी, मणियों की चमक से सिर की जटा रमणीय लग रही थी। दोनों कानों में सुन्दर हीरे शोभित हो रहे थे और गले में नागमणि की प्रभा चमत्कार कर रही थी।। 3।।

शिवस्वरूपं चितभस्मनावृतं,
बभूव सौगन्धसुधावलेपनम्।
यदङ्गमध्ये नवनागमण्डलं,
तदङ्गमासीत् नवरत्नमण्डनम्।। 4।।

शिवजी के शरीर में जो चिता की भस्म का लेप था वह सुगन्धित अंगराज बन गया। उनके शरीर के जिस अंगों में नाग लिपटे थे वे वहीं पर सुन्दर रत्नों के आभूषण हो गए।। 4।।

कटिप्रदेशे यदभूद् गजाजिनं,
बभूव कौशेयमलंकृताम्बरम्।
प्रभासितं वै नवरङ्गरञ्जितं,
त्रिनेत्रभव्यं मुखमण्डलं प्रभोः।। 5।।

कमर में जो गजचर्म धारण किया था वह अब स्वयं रेशमी अलंकृत वस्त्र हो गया। शिव जी का नवरंग से रञ्जित त्रिनेत्र वाला मुख अपनी प्रभा से प्रकाशित हो रहा था।। 5।।

विवाहभूषाभिरलंकृतं प्रभोः,
शरीरमापादशिरः सुशोभितम् ।
सुसज्जितं रत्नमयैर्विभूषणैः,
तिरश्चकारशु मनोजसौष्ठवम् ।। 6 ।।

प्रभु शिव का शरीर विवाह के आभूषणों से सुशोभित था, अतः वह शिर से पैर तक शोभा पा रहा था। रत्न जड़ित आभूषणों से सुसज्जित शिव का शरीर कामदेव के सौन्दर्य को भी तिरस्कृत कर रहा था।। 6।।

मरीचिमुख्या ऋषयो विधेः सुताः,
सहर्षमागुः प्रथमं निमन्त्रिताः ।
स्वयं च विष्णुर्भगवान् गरुत्मता,
सहैव लक्ष्म्या समगात् शुभङ्करः ।। 7 ।।

मरीचि और ऋषि जो ब्रह्मा के पुत्र हैं व प्रथम ही निमन्त्रित होने से प्रसन्न आ गए। स्वयं शुभकर्ता भगवान विष्णु गरुड़ पर चढ़कर पत्नी लक्ष्मी के साथ आ गए।। 7।।

अपूर्वश्रृंगारमसौ विलोकयन्,
नमश्चकाराशु शिवं स्मिताननः ।
सहर्षमालिङ्ग्य हरिं महेश्वर -
श्चकार तत्स्वागतमिन्दिरां नमन् ।। 8 ।।

विष्णु ने शिव का अपूर्व श्रृंगार देखकर मुस्कुराते हुए उन्हें तत्काल नमस्कार किया। शिव ने लक्ष्मी को नमन एवं विष्णु का सहर्ष स्वागत किया।। 8।।

समस्तभूषाभिरुपस्करैः शुभै-
रलङ्कृतं वाहनवेशमुद्यतम्।
सतीविवाहाय मनोहराकृतिं,
तदारुरोहाशु शिवोऽपि नन्दिनम्।। 9।।

सती से विवाह करने के लिए शिवजी समस्त आभूषणों और आवश्यक साधनों से सजे हुए तैयार मनोहर रूप वाले वाहन नन्दी पर उसी समय सवार हो गए।। 9।।

ऋषीश्वराः स्वस्ति ऋचां प्रवाचनै-
र्गणाश्च तूर्यैः सह शंखनिस्वनैः।
मुनीश्वरा नारददेवकिन्नरा,
महेशमग्रे प्रविधाय तेऽव्रजन्।। 10।।

स्वस्ति ऋचाओं का वाचन करते हुए ऋषिगण तुरुही और शंख बजाते हुए शिवगण मुनिगण नारद देवगण तथा किन्नर आदि शिव को आगे कर वरयात्रा में चल दिए।। 10।।

सतीगृहं गन्तुमिमे समुद्यताः,
शिवेन सार्धं वरयात्रिणस्तदा।
विरञ्चिनिर्दिष्टपथानुसारिणो,
मुदाऽव्रजन् मंगलधर्मचारिणः।। 11।।

सती के गृह की ओर जाने के लिए शिव के साथ उद्यत मंगल धर्मचारी बरातीगण ब्रह्म द्वारा बताये मार्ग का अनुसरण करते हुए प्रसन्नता से पहुँच गए।। 11।।

मृदङ्गशंखध्वनिदुन्दुभिस्वनैः,
सुगन्धपुष्पाञ्जलिभिः शुभार्चनैः।
मधुस्वनैर्मंगलगीतगायनैः,
समर्पितं स्वागतमत्र यात्रिणाम्।।

बारात पहुँचने पर मृदंग शंख दुन्दुभि की ध्वनि द्वारा, सुगन्धित पुष्पांजलि से शुभ अर्चना द्वारा, मधुर ध्वनियुक्त मंगल गीत गान द्वारा बरातियों को स्वागत समर्पित किया गया।। 12।।

स्थितं बहिर्द्वारि वरं महेश्वरं,
समेत्य माता सविनोदमादरात्।
शुभानना पञ्चसुदीप्तदीपकैः,
प्रणम्य जामातरमर्चति स्म तम्।। 13।।

शोभायमान मुख वाली सती की माता ने बाहरी द्वार पर खड़े महेश के पास जाकर विनोदपूर्ण आदर से पांच प्रदीप्त दीपकों से प्रणाम कर जामाता की पूजा की।। 13।।

विभिन्नशाकैर्विविधैश्च पायसै-
रनेकधान्यै रचितैश्च मोदकैः।
घृतेन पक्वैः सरसैश्च भोजनैः,
सुतर्पिताः शम्भुगणा मधूदकैः।। 14।।

दूसरी ओर भोजन के समय विभिन्न प्रकार के शाकाहार दुग्ध पक्व खीर अनेक प्रकार के अनाज से बने मोदक और शुद्ध घी से पके सरस भोजन से देव तथा शम्भुगण मधूदक से तृप्त कर दिए गए।। 14।।

सतीनिवासे वरयात्रिणां कृते,
शुभागमे स्वागतवन्दनैः सह।
सुखप्रदावासविधि-व्यवस्थया,
क्रियाविधिज्ञैः सकलं प्रसाधितम्।। 15।।

सती के निवास पर वरयात्रियों के लिए शुभागमन में स्वागत वन्दन के साथ सुखप्रद आवास विधि की व्यवस्था में इस कार्य में निपुण लोगों द्वारा सब सुविधाएं प्रदान कर दी गयीं।। 15।।

ध्वजांशुकैः क्षुद्रपताकया चितं-
चतुर्दिगन्तं पटमण्डपावृतम्।
दिनेऽपि सूर्ये प्रतिबन्धिते सति,
मणिप्रभाभिर्भवनं प्रकाशितम्।। 16।।

ध्वजा पताकाओं और छोटी झण्डियों से भरे चारों दिशाओं में पाण्डालों से घिरे भवन में सूर्य के प्रकाश के रुकने के कारण भवन का भीतरी भाग मणियों के प्रकाश से प्रकाशित होता था।। 16।।

कुशैः समाच्छाद्य विवाहमण्डपं,
विधानमुख्यं कलशं च वेदिकाम्।
तथाविधं स्तम्भमथाधिरोप्य वै,
व्यवस्थितं सप्तपदीस्थलं बुधैः।। 17।।

कुशों से विवाहमण्डप को ऊपर से छाकर और विधान के प्रमुख कलश तथा वेदी की रचना एवं उसी प्रकार स्तम्भ की स्थापना करते हुए विद्वानों ने सप्तपदी स्थल की व्यवस्था पूरी कर दी।। 17।।

सुपुष्पहारैः परितोष्य भोजनैः,
प्रदाय चावासमसंख्ययात्रिणाम्।
विधिः शिवं मुख्यसुरैः सहादरान्,
निनाय हस्तेन विवाहमण्डपम्।। 18।।

ब्रह्माजी पुष्पहारों तथा भोजन से सन्तुष्ट कर एवं असंख्य बारातियों को आवास प्रदान कर, प्रमुख देवगणों के साथ शिव को आदर से हाथ पकड़ विवाह मण्डप में ले आए।। 18।।

लावण्यसिन्धोर्मथनात् प्रसूता,
रूपश्रियः शुभ्रगुणैरुपेता।
राका शशांकच्छविमादधाना,
सौन्दर्यलक्ष्मीरिव शोभमाना।। 19।।

लावण्य के समुद्र के मंथन से उत्पन्न हुई रूप श्री के शुभ्र गुणों से युक्त पूर्णिमा के चन्द्र की छवि को धारण किए हुए सौन्दर्य की लक्ष्मी जैसी शोभायमान।। 19।।

अंगेषु रत्नाभरणैः प्रदीप्तै-
रनङ्गरागं परितः किरन्ती।
रेजे सती पादसरोजमेषा,
सालक्तकं पीठतलेऽर्पयन्ती।। 20।।

शरीर के अंगों में दीप्त हो रहे रत्नों के आभूषण से चारों ओर कामदेव का राग बिखेरती हुई सती, महावर लगे हुए अपने चरण कमल को पाटा की पीठ पर अर्पित करती हुई शोभित हो रही थी।। 20।।

महेश्वरश्चापि विवाहमण्डपे,
सुभूषिताङ्गो रमणीयदर्शनः।
सुचारुचन्द्रप्रभया सतीमुख-
स्वरूपशोभां द्विगुणीचकार सः।। 21।।

भली प्रकार आभूषणों से सजे रमणीय स्वरूप महेश ने भी विवाह मण्डप में चमक रही सिर के चन्द्र की प्रभा से सती के मुख की शोभा दो गुना कर दी थी।। 21।।

विधिः समाहूय च दक्षदम्पतीं,
तथा स्वयं वेदविधानसम्मतम्।
विधाय पूजां सकलां विधानतः,
सुताप्रदानप्रक्रियां समापयत्।। 22।।

ब्रह्मा ने दक्ष दम्पत्ति को बुलाकर स्वयं वेद विधि सम्मत पूर्ण पूजा का कार्य करके पुत्री प्रदान की सारी प्रक्रिया पूरी कर दी।। 22।।

ततोऽग्निसाक्षीं प्रविधाय शम्भुः,
सत्या समं सप्तपदीमकार्षीत्।
अर्धांगिनीं जीवनसंगिनीं ता-
मंगीचकार स्वयमादरेण।। 23।।

तत्पश्चात् अग्नि को साक्षी कर शिव ने सती के साथ सप्तपदी का कार्य पूरा किया और अपनी अर्धांगिनी जीवनसंगिनी को आदर के साथ स्वीकार किया।। 23।।

शम्भोर्विवाहेन हृदि प्रसन्नाः,
सुरा ववर्षुः कुसुमानि सद्यः।
प्रमोदिता अप्सरसस्तथैव,
देवाङ्गना नृत्यपरा बभूवुः।। 24।।

शिव के विवाह से हृदय से प्रसन्न देवताओं ने तुरन्त पुष्पवर्षा की और आनन्दित अप्सराएं और देवाङ्गनाएं नृत्य करने लगीं।। 24।।

यथा सुराः सत्पुरुषा महर्षयः,
सतीविवाहेन गताः प्रसन्नताम्।
अधर्मवृत्ता असुराश्च दानवाः,
खला बभूवुर्भयमानसास्तथा।। 25।।

जिस प्रकार सती के विवाह से देव सत्पुरुष महर्षि प्रसन्न हुए उसी प्रकार अधर्मी असुर दानव और दुष्ट लोग भयभीत हो गए।। 25।।

प्रणम्य तं शम्भुमुवाच विष्णुः,
पिता भवान् शक्तिरियं च माता।
उभो च कल्याणकरैरुपायैः-
ब्रह्माण्डमेतत् परिपालयेताम्।। 26।।

विवाह के पश्चात् विष्णु शिव को प्रणाम कर कहने लगे। आप पिता हैं और यह शक्ति स्वरूपा सती माता हैं। अब आप दोनों कल्याणकारी उपायों द्वारा इस ब्रह्माण्ड का पालन करें।। 26।।

विवाहकार्यं विधिना समाप्य,
ब्रह्मापि शम्भुं प्रणमन्नुवाच।
हे नाथ! सत्या सह देवकार्यं,
विधाय दैत्यान् जहि पापचारान्।। 27।।

विधिपूर्वक विवाह कार्य को पूरा करके ब्रह्मा भी शिव को प्रणाम करते हुए बोले – हे नाथ आप सती के साथ देव कार्यों को पूरा कर पापचारी दैत्यों का विनाश करें।। 27।।

दक्षस्तु पत्न्या सह शम्भुपादौ,
प्रणम्य पुत्रीं हृदये निवेश्य।
संसाधनैः सार्धमथोभयोश्च,
प्रस्थानकार्यं विधिना चकार।। 28।।

दक्ष ने पत्नी के साथ शिव के चरण छूकर पुत्री को हृदय से लगाकर विवाह सामग्री के साथ दोनों का प्रस्थान कार्य पूरा किया।। 28।।

महर्षिभिर्देवगणैः सहासौ,
प्रहर्षितो दक्षगृहाद् महेशः।
आरुह्य नन्दीगणपृष्ठपीठं,
सत्या समेतः स्वगृहं प्रतस्थे।। 29।।

प्रसन्न मन शिव जी महर्षि और देवगणों के साथ दक्ष के गृह से निकल नन्दी गण की पृष्ठ पीठ पर बैठकर सती समेत अपने गृह को प्रस्थान कर गए।। 29।।

अवाप्य कैलासगृहं महेशः,
व्यसर्जयत् देवगणान् मुनींश्च।
यथाऽऽगताँश्चापि गणान् तथैव,
गन्तुं निवासांश्च तथादिदेश।। 30।।

कैलास पर आकर शिव ने देवगण तथा मुनियों को विदा किया और अपने गणों को जैसे आए थे वैसे ही उन्हें अपने घरों को जाने का आदेश दे दिया।। 30।।

मन्दानिला वै सरसा समन्तात्,
शीतस्पृशो मोदभरा वहन्ति।
लताप्रतानानि विकम्पयन्तः,
किरन्ति पुष्पाणि सुगन्धितानि।। 31।।

आनन्ददायी सरस शीतल वायु चारों ओर बह रही है जो लताप्रतानों को हिलाती हुई सुगन्धित पुष्पों को बिखेर रही है।। 31।।

गुञ्जारशब्दैर्भ्रमरावलीनां,
रसालवृक्षेषु च कोकिलानाम्।
कुहू स्वरैः पुष्पभरैर्लतानां,
सुस्वागतं वै ऋतुराज आह।। 32।।

भ्रमरसमूहों के गुञ्जारों तथा आम्र के वृक्षों पर बैठी कोयलों के कुहू स्वरों के द्वारा तथा पुष्पों से लदी लताओं के द्वारा ऋतुराज बसन्त शिवसती का सुस्वागत कर रहा था।। 32।।

गेहे प्राप्तां प्रियनववधूं वीक्ष्य वीतो वियोगः,
रम्यस्थानं रमणविषये स्याद् हिमाद्रेः किमन्यत्।
भव्यारण्योपवनसरितो निर्झरा दिव्यकुञ्जाः,
शीतप्रायो वहति पवनो भव्य-शान्त-प्रदेशाः।। 33।।

घर आई प्रिय नव वधू को देखकर शिव का वियोग समय बीत गया। रमण करने के लिए रमणीय स्थान हिमालय से अन्य क्या कहीं होगे? सुन्दर वन, उपवन, नदियाँ, झरने और दिव्य, कुञ्ज जहाँ शीत प्राय पवन बहता रहता है ऐसे शान्त स्थान यही हिमालय में ही है।। 33।।

त्रिभुवनपतिरीशो विश्ववन्द्यो महेशो,
विहरति भुवने या विश्वधात्री भवानी।
रमणमिह तयोर्वै पितृवद् नैव वर्ण्यं,
चरणकमलमेषां वन्दते पाहि नाथ।। 34।।

भगवान महेश त्रिभुवन के स्वामी ईश्वर विश्व के वन्दनीय हैं। जो भुवन में विहार करती है वे विश्व का पालन करती माता भवानी है उनका रमण विहार पिता के रमण जैसा वर्णनीय नहीं है। कवि उनके चरण कमल की वन्दना कर अपने जीवन रक्षा की प्रार्थना ही करता है।। 34।।

इति सतीशङ्करे महाकाव्ये
शिवसतीविवाहमहोत्सववर्णनं नाम
नवमः सर्गः समाप्तः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्

दशमःसर्गः

काले गते तीर्थवरप्रयागे,

सद्ज्ञानयज्ञं विदुषां मुनीनाम्।

आयोजितं यत्र पुरन्दराद्या,

देवाश्च ब्रह्मर्षिगणा उपेताः।। 1।।

समय बीतने के साथ ही एक बार विद्वानों एवं मुनियों का सद्ज्ञान यज्ञ तीर्थराज प्रयाग में आयोजित किया गया, उसमें इन्द्रादि देवता तथा ब्रह्मर्षिगणों ने भाग लिया।। 1।।

शिवोऽपि तत्र स्वगणैः समेतो,

यदा सभामध्यगतस्तदानीम्।

उत्थाय सर्वे सहसा सहर्षं,

सस्वागतं सादरमार्चयँस्तम्।। 2।।

उस सभा में शिव अपने गणों के साथ जब सभा में पहुँचे तो सभी ने उठकर उनका आदर के साथ स्वागत अर्चन किया।। 2।।

कालान्तरं ब्रह्मसुतोऽपि दक्षः,

प्रजापतिस्तत्र सभामुपेतः।

सम्मानितः सोऽपि यथोचितं तै-

रुपाविशत् स्वासनमुद्धताक्षः।। 3।।

कुछ समय बाद ब्रह्मा के पुत्र प्रजापति दक्ष भी सभा में आये। सदस्यों द्वारा उनका भी यथोचित सम्मान किया गया। वे अपने आसन पर उद्धत नेत्र किये बैठ गए।। 3।।

दक्षागमे ध्यानपरो महेश

उपाविशच्चापि निमीलिताक्षः।

प्रजापतेरागमनं तदानीं,

ज्ञातुं न शेके न नमश्चकार।। 4।।

दक्ष के आने के समय शंकर जी नेत्र बन्द किये ध्यान में स्थित थे वे दक्ष का आगमन नहीं जान पाये, अतः उन्होंने नमस्कार नहीं किया।। 4।।

शिवस्य सद्भावमयस्वभावं,

घोरापमानं ननु मन्यमानः।

प्रचण्डकोपानलतापतप्तः,

तीव्रं वचोवाणमसौ प्रहार्षीत्।। 5।।

शिव के सद्भावमय स्वभाव को अपना घोर अपमान मानते हुए प्रचण्ड क्रोध की आग के ताप से तपे दक्ष ने तीव्र वचन रूपी वाणों का प्रहार कर दिया।। 5।।

प्रतिष्ठिते सभ्यजनैः सभास्थले,
गतागतं तत्र तु वन्यजीविनाम्।
दुरन्तमाविष्कुरुते प्रदूषणं,
विमान्यतेऽप्यार्यजनानुशासनम्।। 6।।

जिस सभा में सभ्य जन बैठे हो तो वहाँ वनवासियों का आना जाना अत्यन्त प्रदूषण पैदा करता है। साथ ही सभ्य जनों के अनुशासन व्यवस्था का भी अपमान होता है।। 6।।

विलोक्यतामेव जनस्त्रिलोचनो,
नगाधिवासी कृतनागभूषणः।
त्रिशूलधारी वृषवाहनोऽप्यसौ,
न वेत्ति सभ्याचरणं मदोद्धतः।। 7।।

आप लोग देखें, यह व्यक्ति जिसके तीन नेत्र हैं, पर्वतवासी हैं, नागों के आभूषण और त्रिशूलधारी हैं, बैल का वाहन वाला यह मतवाला व्यक्ति, सभ्य आचरण भी नहीं जानता है।। 7।।

इह स्थिताः सभ्यजना महोदयाः,
समागतेऽत्राद्य प्रजापतौ मयि।
तदैव सम्मानयितुं समुत्थिता,
न चानमद् मामवमानयन्नसौ।। 8।।

यहाँ बैठे हुए आप सभ्य जन महानुभाव मुझ प्रजापति के आज यहाँ आते ही उसी समय सम्मानित करने के लिए उठ खड़े हुए, पर इसने मुझे अपमानित करते हुए नमस्कार नहीं किया।। 8।।

पितामहो यत्र चतुर्भुजो हरिः,
पुरन्दरो देवगणैः सह स्थितः।
वदार्धनग्नस्य च तत्र शूलिनो,
मदप्रमत्तस्य च कीदृशी स्थितिः।। 9।।

जिस सभा में ब्रह्मा, विष्णु एवं देवताओं के साथ इन्द्र उपस्थित हों, वहाँ अधनंगे शूलधारी मतवाले व्यक्ति का स्थान क्या है आप लोग बताएं।। 9।।

स्वयं विरूपो वपुषा कुसाधनैः,
सरीसृपैर्लोकभयावहाकृतिः।
वनौकसां संगतयाऽपसंस्कृतिः,
किमाचरेत् सभ्यसभासु दुर्मतिः।। 10।।

स्वयं तो शरीर से कुरूप साथ में सर्पों जैसे कुसाधनों से भयावह रूपधारी वनवासियों की संगति में विकृत संस्कार वाला सभ्य समाज में यह दुर्बुद्धि व्यक्ति क्या आचरण करेगा।। 10।।

प्रजापतेर्मान्यवरस्य गौरवं,
विमृश्य तस्यागमने सभाजनाः।
स्वयं प्रदातुं पदमानमुत्थिताः,
परं तिरस्कर्तुमुपाविशद्धि सः।। 11।।

मान्यवर प्रजापति के पद गौरव पर विचार कर सभा जन उनके आगमन पर स्वयं उन्हें मान देने खड़े हो गये, पर यह तिरस्कार करने के लिए बैठा रहा।। 11।।

निशम्य दक्षस्य सुदुर्वचांसि,
रुषारुणाक्षः स्फुरिताधरोष्ठः।
नन्दीश्वरः शम्भुगणस्तदानीं,
तं वै तिरस्कृत्य सरोषमूचे।। 12।।

दक्ष के अत्यन्त दुर्वचन सुनकर तुरन्त लाल नेत्र फड़कते अधरोष्ठ वाले शम्भु के गण नन्दीकेश्वर दक्ष का तिरस्कार कर क्रोध के साथ बोले।। 12।।

रे दक्ष! दुर्बोध! मदान्धबुद्धे!
जानासि रे किं शिवतत्त्वमेतत्।
यस्य प्रभावेण त्रिलोकविश्वं,
प्रभावशीलं सततं सुरक्षितम्।। 13।।

अरे अज्ञानी मद से अन्धी बुद्धि वाले दक्ष! क्या तू इस शिवतत्त्व को जानता है? जिसके प्रभाव से तीन लोक वाला यह विश्व भली प्रकार सुरक्षित है।। 13।।

समस्त विश्वस्य विभूतिभास्करं,
ततोऽपि भस्मानि शिरोजटाधरम्।
कपालिनं व्यालभुजंगभूषणं,
दिवान्ध रे! ज्ञास्यसि दक्ष! किं शिवम्।। 14।।

समस्त विश्व जिसकी विभूति से प्रकाशमान हैं, उस पर भी भस्मधारी जटाधारी सिर कपाली एवं सर्पों के भूषण धारण करने वाले शिव तत्व को रे दिवान्ध दक्ष तू क्या जानेगा।। 14।।

अलोकसामान्यचरित्रचर्चितं,

यमाशुतोषं विधुशेखरं जनाः।

भजन्तिं भक्ता भवतापहारिणं,

तमीश्वरं निन्दसि दक्ष! वालिश!।।15।।

जिन्हें लोग अलौकिक चरित्र वाला चन्द्रशेखर और आशुतोष मानते हैं। संसार के तापहारी के रूप में भक्त जिनका भजन करते है। उस ईश्वर को निन्दा करता दक्ष तू कितना मूर्ख है।। 15।।

नेत्रत्रयं चारु महेश्वरस्य,

जगत्त्रयस्य प्रतिमानभूतम्।

सृजत्यवत्येष विनाशयेद् वै,

रहस्यमेतद् प्रविदन्ति विज्ञाः।। 16।।

महेश्वर के तीन नेत्र यह तीनों लोकों के प्रतिमान हैं यह विश्व की रचना पालन और विनाश के कारक हैं इस रहस्य को केवल विशेषज्ञ ही जानते हैं।।16।।

वनेचराः कोलकिरात भिल्ला

अयस्कराः काष्ठकराः कुलालाः।

पाशी निषादा दलिताश्च तेषां,

शिवः शरण्यः श्रुतयः प्रमाणम्।। 17।।

वनवासी कोल, किरात, भील, लोहार, बढ़ई, कुम्भकार, पाशधारी, निषाद जैसे दलितों के शिव शरणदाता हैं, इसका प्रमाण वेद हैं (देखें रुद्राष्टाध्यायी)।। 17।।

धरातले वृक्षलतावनानि,
वनस्पतिश्चौषधयस्तृणानि।
गवादिकानां च शुनां पशूनां,
पतिः शिवोऽत्र श्रुतयः प्रमाणम्।। 18।।

पृथ्वी पर वृक्ष वन लताएं वनस्पति औषधि एवं तृण जाति तथा गाय वर्ग एवं श्वानों जैसे पशुओं के पति पशुपति शिव है, वेद प्रमाण हैं।।18।।

या विश्वधात्री जगदम्बिका वै,
या लोकसंसाधनसंविधात्री।
सैवान्नपूर्णा स्वकरेण नित्यं,
विभर्ति सा शम्भुकरे कपालम्।। 19।।

रे दक्ष! जो विश्व की पालने वाली जगदम्बा है, जो लोगों के संसाधनों की रचना करती है वही अन्नपूर्णा अपने कर से शिव का कपालपात्र नित्य भरती है।। 19।।

ऐश्वर्यसौख्यं धनवैभवानि,
दत्ते स्वभक्ताय कृपापरो यः।
अनन्तलोकोत्तरभोगभर्तुः,
किं योगिनस्तत्प्रतिलोभनेन।। 20।।

जो अपने भक्तों पर कृपा कर उन्हें ऐश्वर्य, सुख, धन, वैभव प्रदान करता हैं जो अलौकिक अनन्त भोगों का स्वामी है उस योगी को उन वस्तुओं के प्रलोभन का क्या अर्थ है?।।20।।

पदार्थविन्यासविशेषणैर्युतां,

शिवप्रभावप्रभुताविभूषिताम्।

निशम्य नन्दीश्वरवाचमुद्धता-

मुवाच दक्षः पुनराक्षिपन् शिवम्।। 21।।

शब्द अर्थ के विन्यास के साथ विशेषताओं से युक्त और शिव के प्रभाव प्रभुता से भूषित नन्दीश्वर की उद्धत वाणी को सुनकर दक्ष शिव पर आक्षेप लगाते हुए पुनः बोले।। 21।।

त्रिलोचनत्वाद् विकृतस्तु जन्मतः,

तनौ चिताभस्म गले भुजंगमः।

करे कपालो महतां सभास्थले,

शिवोऽशिवोऽसौ प्रविशन्न लज्जते।। 22।।

तीन नेत्रों के कारण जन्म से विकृत, साथ में शरीर पर चिता की भस्म, गले में सर्प, हाथ में कपाल लिए महापुरुषों की सभा में यह अशिव शिव प्रवेश करते लज्जित नहीं होता है।। 22।।

यत्रागता दिव्यशरीरधारिणो,

महार्हदिव्याभरणैरलंकृताः।

समस्तसभ्याचरणैः परिष्कृताः,

प्रदर्शयन्ते निजगोत्रगौरवम्।। 23।।

जहाँ पर दिव्य शरीरधारी बहुमूल्य दिव्य आभूषणों से सुशोभित समस्त सभ्य आचरणों से परिष्कृत लोग आकर अपने वंश गोत्र का गौरव प्रदर्शित करते हैं।। 23।।

अयं दुरन्तप्रकृतिः कुशीलः,
पाखण्डवृत्तिर्ननु दुर्विनीतः।
प्रजापतेः स्वागतवन्दनायां,
न चोत्थितो नैव नमश्चकार।। 24।।

यह दुष्प्रकृति अशिष्ट पाखण्डी और कुटिल व्यक्ति प्रजापति के स्वागत वन्दन में वहाँ न खड़ा हुआ न नमस्कार किया।। 24।।

नाम्ना शिवोऽसावशिवस्वभावः,
कामी कदाचारपरः कपाली।
अशोभनाचारतया सभायां,
शपेऽहमेनं भवतां समक्षम्।। 25।।

नाम का शिव पर स्वभाव से अशिव कामी, दुराचारी, कपाल धारी, इस व्यक्ति को सभा में अशोभन आचरण के लिए मैं आप लोगों के समक्ष शापित करता हूँ।। 25।।

वर्णाद् विहीनः कुलजन्महीनः,
श्मशानवासोऽप्यशिवः शिवोऽयम्।
यज्ञेषु देवैः सह भोगभागं,
न प्राप्स्यतीति प्रशपेऽहमेनम्।। 26।।

वर्ण से हीन कुल जन्म अज्ञात श्मशान में रहने वाले इस अशिव शिव को यज्ञों में देवों के साथ भोग में भाग नहीं मिलेगा, मैं यह शाप देता हूँ।। 26।।

सन्मानसो दुर्वचनैश्च शापैः,
प्रभावितः किञ्चिदभून्न शम्भुः।
किं क्षुद्रमत्स्यः स्व बलेन शक्तः,
महोदधिं क्षुब्धमसौ विधातुम्।। 27।।

सद्मानस वाले शिव जी इन दुर्वचनों और शाप के शब्दों से किञ्चित् प्रभावित नहीं हुए। क्या मामूली मछली अपनी शक्ति से महासागर को क्षुब्ध कर सकती है।। 27।।

निशम्य दुःशापवचांसि नन्दी,
कोपाकुलो दक्षमुवाच भूयः।
प्रजापते हीनजडात्मबुद्धे!
सम्मानहेतोर्हठवादिता धिक्।। 28।।

शाप के दुर्वचनों को सुनकर क्रोध से व्याकुल नन्दीश्वर ने दक्ष से कहा– अरे प्रजापति तेरी आत्मा और बुद्धि जड़ हो गयी है। सम्मान के तेरे हठवादी होने के लिए धिक्कार है।। 28।।

त्रिदेवमध्येऽखिलदेवतानां,
रुद्रो महादेव इति प्रसिद्धम्।
विभुं त्रिलोके प्रथितं यशोभिः,
शिवं शपत्येष मदान्धदक्ष!।। 29।।

अरे मद से अन्धे दक्ष! जो तीनों देवों में तथा सभी देवताओं के मध्य रुद्र और महादेव के रूप में प्रसिद्ध है जो सर्वव्याप्त है तीनों लोकों में जिसका यश प्रसिद्ध है, उसे तू शाप दे रहा है।। 29।।

आनीय यानत्र बुधांश्च विप्रान्,
करोषि निर्द्वन्द्वमपप्रवादम् ।
ते वेदतत्त्वार्थमहत्त्वहीनाः,
स्युरर्थवादे निरताः शपेऽहम् ।। 30 ।।

जिन विद्वानों एवं ब्राह्मणों को ले आकर यहाँ तू निर्भीक हो गिरा हुआ प्रवाद कर रहा है ये लोग वेद के तात्विक अर्थ के महत्त्व को न समझकर केवल अर्थवाद में ही लगे रहे, मैं शाप दे रहा हूँ।। 30 ।।

निमन्त्रितैः सभ्यजनैः सभास्थले,
विचारवैषम्यगतप्रदर्शने ।
सतां भवेन्नीतिगतप्रबोधनं,
दुरात्मनां दुर्वचनैः प्रतिक्रिया ।। 31 ।।

सभा स्थल पर आये हुए सभ्य जनों में यदि विचारों में भिन्नता हो रही हो तो सत्पुरुष नीति के आधार पर प्रबोध करते हैं पर दुष्ट लोग दुर्वचनों से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।। 31 ।।

महोदयैर्दिव्यपदप्रतिष्ठितै-
रधिष्ठिते यज्ञसभास्थले तव ।
दुरन्तदुर्भाग्यकरप्रदर्शनं,
व्यनक्ति सम्मानपदेऽप्ययोग्यताम् ।। 32 ।।

दिव्य पद पर प्रतिष्ठा पाए देव गण यहाँ आए हैं। उनके सामने तुम्हारा यह दुःखद दुर्भाग्यपूर्ण प्रदर्शन निश्चय ही सम्मानित पद पर बैठने की तुम्हारी अयोग्यता को व्यक्त करता है।। 32 ।।

अवाप्य सम्मानपदं प्रतिष्ठित -

मवाञ्छितैश्वर्यमदेन गर्वितः।

प्रताडयन् लोकमथावमानयन्,

जनाधिपो दुर्मतिराशु नश्यति।। 33।।

प्रतिष्ठित सम्मान का पद पाकर अवांछित ऐश्वर्य के मद से गर्वित, प्रजा का स्वामी दुर्मति हो जनता को पीड़ित और अपमानित करने वाला शीघ्र विनाश को प्राप्त करता है।। 33।।

प्रजापतेर्दुःसह दुर्वचोभिः,

क्रुद्धं तथैवोद्धतवाक्प्रहारैः।

शिवप्रभावं प्रतिपादयन्तं,

निषिध्य नन्दीश्वरमाह शम्भुः।। 34।।

प्रजापति दक्ष के असह्य दुर्वचनों से क्रोधित तथा वैसे ही कठोर वचनों के प्रहार से शिव के प्रभाव का प्रतिपादन करने वाले नन्दीश्वर को रोककर शिव जी बोले।। 34।।

अहो महाप्राज्ञ! विवेकशालिन्!

गणाग्रणीर्धर्मधुरन्धरोऽसि।

प्रजापतिं वै शपतश्च विप्रान्,

विचारमूढत्वमिदं कुतस्ते।। 35।।

अरे नन्दीश्वर! आप महाप्राज्ञ हैं विवेकशालीगणों में अग्रणी हैं धर्म धुरन्धर है तो प्रजापति और विप्रों को शाप देते हुए यह विचार मूढ़ता आप में कहाँ से आ गई है।। 35।।

देवानामग्रगण्यो जगति सुविदितोऽहं महादेव नामा,
दक्षस्यान्यस्य शापः प्रभवति न शिवं नीलकण्ठं त्रिनेत्रम्।
को वा दद्यान्न मह्यं जगति समुचितं यज्ञभागं मदीयं,
तत् त्वं मा गाः प्रकोपं, शमय निजमनो धैर्यबन्धं विधेहि।। 36।।

देवों में अग्रणी संसार में प्रसिद्ध मैं महादेव हूँ। दक्ष या किसी अन्य का शाप इस त्रिलोचन नील कण्ठ को प्रभावित नहीं करता। जगत में मेरा यज्ञ में उचित भाग कोई क्यों नहीं देगा? अतः तुम क्रोध न करो, अपने मन को शान्त करो और धैर्य धारण करो।।36।।

इति वदति महेशे नन्दिकेशो विरम्य,
विनयविनतमौलिश्चन्द्रमौलिं प्रणम्य।
तदपि कुटिलदृष्ट्यादक्षमुद्वीक्षमाणः,
सह विवशसदस्यैः शान्तचेता न्यषीदत्।। 37।।

शिव जी के ऐसा कहने पर नन्दिकेश्वर शान्त होकर विनय के साथ चन्द्रशेखर शिव को प्रणाम कर कुटिल दृष्टि से दक्ष को देखते हुए अपने विवश सदस्यों के साथ शान्तचित्त हो बैठ गए।।37।।

सद्धर्मनीतिजनमानससम्मतानि,
तत्त्वप्रबोधवचनानि सभासमक्षम्।
उक्त्वा प्रशान्तमनसा च मुनीन् प्रणम्य,
सद्यो गणैः सह ततो निरगात् पुरारिः।।38।।

धर्मनीति और जन मन के सम्मत तथा तत्वपूर्ण वचन सभा के सामने कहकर मुनियों को प्रणाम कर शान्त मन शिव अपने गणों के साथ सभा से तत्काल चले गये।। 38।।

ब्रह्मर्षिविप्रसुरसिद्धगणैः प्रसिद्धैः
आयोजिता विधिनिषेधविमर्शहेतोः।
क्षुद्रप्रसंगमनुसृत्य दुराग्रहत्वात्,
मानापमानकलहे विरता सभाऽभूत।। 39।।

ब्रह्मर्षि देव विप्र सिद्ध प्रसिद्ध जनों द्वारा विधिनिषेध के विचार हेतु आयोजित सभा क्षुद्र प्रसंग को लेकर दुराग्रह के कारण मान अपमान को सिद्ध करने में समाप्त हो गई।। 39।।

सत्या सार्धं गतवति शिवे दिव्यकैलासधाम,
विप्रैः सार्धं तदनु विकलश्चापि दक्षः प्रयातः।
लोकोन्नत्यैर्विरचितपदं प्राप्य गर्वोद्धतः सन्,
यः सम्मानं दलति महतां निश्चितं तस्य पातः।। 40।।

सती के साथ शिवजी के अपने दिव्य धाम कैलास पर चले जाने के बाद विप्रों के साथ व्याकुल दक्ष भी चले गए। जनता की उन्नति के लिए निर्मित पदों को पाकर गर्व से उद्धत हो जो महापुरुषों को अपमानित करते हैं उनका पतन निश्चित ही होता है।।40।।

इति सतीशंकरे महाकाव्ये
ब्रह्मसभायां दक्षकृतनन्दिकेश्वरविवादवर्णनं नाम
दशमः सर्गः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्

एकादशःसर्गः

जनस्य सन्मङ्गलमोदमावह -

न्नटन् महीमण्डलमुन्नताशयः।

प्रविश्य सत्यासह दक्षिणापथ-

मगादगस्त्याश्रममिन्दुशेखरः।। 1।।

समाज के उत्तम मंगल एवं आनन्द की वृद्धि करने उन्नत भावना के साथ पृथ्वी मण्डल में सती के साथ भ्रमण करते हुए चन्द्रशेखर शिव दक्षिण क्षेत्र में अगस्त्य आश्रम में पहुँच गए।। 1।।

भयावहातङ्कमदस्तु रक्षसा-

मुपेत्य रामेण विमर्दितो वने।

विचार्य सम्यग् मुनिना सह स्थितिं,

प्रसन्नचेता भगवान् शिवोऽभवत्।। 2।।

इस बीच राम ने दण्डक वन पहुँचकर भयावह राक्षसों के आतंक का मर्दन कर दिया था। इस विषय पर मुनि के साथ विचार कर शिव प्रसन्न हो गए।। 2।।

तदैव सीताहरणं प्रपञ्चै-
श्चकार वज्रस्य निपातनं हृदि।
समीक्ष्य रामस्य च नव्यदर्शनं,
मुनिं प्रणाम्याशु शिवोऽचलद् गृहम्।। ३।।

उसी समय छल से सीता हरण के समाचार ने जैसे हृदय पर वज्रपात कर दिया। फिर शिव इसे राम की नयी लीला समझकर मुनि को प्रणाम कर कैलास को चल दिए।। 3।।

ततः शिवो दण्डककानने घने,
ददर्श रामं परितप्तमानसम्।
इतस्ततो वृक्षलतादिकान् स्वयं,
मृगाँश्च पृच्छन्तमहो! हृतां प्रियाम्।। 4।।

तभी घने दण्डक वन में राम को अत्यन्त पीड़ित देखा। वे वृक्ष लताओं और मृग आदि से अपनी हरण हुई प्रिया सीता को पूछ रहे थे। उन्हें आश्चर्य हुआ।। 4।।

विपन्नभावं विलपन्तमश्रुभि-
र्विलोक्य लीलां विनयन् प्रभुं शिवः।
समीक्ष्य कालं मिलनस्य दुःसहं,
प्रणम्य दूरात् पुनरग्रतोऽचलत्।। 5।।

विपत्ति स्थिति में आँसुओं से विलाप करते हुए राम को देख उनकी लीला समझ विनय करते हुए मिलने का उचित समय न समझ दूर से प्रणाम कर शिव जी आगे चल दिये।। 5।।

विलोक्य रामं विलपन्तमातुरं,
प्रणम्यमानं च शिवेन सादरम्।
निराशया सा मनसापि विह्वला,
सती पतिं प्राह विवक्षितं वचः।। 6।।

राम को व्याकुल और विलाप करते हुए साथ ही शिव द्वारा प्रणाम किए जाते हुए राम को देख निराश और बेचैन सती शिव से कुछ कहने के लिए बोली।। 6।।

ब्रह्मावतारं मनुजस्वरूपं,
रामं भवान् प्राणमदस्य भार्याम्।
विपन्नभावां विवशां रुदन्तीं,
लङ्केश्वरस्तामबलां जहार।। 7।।

मनुष्य रूप में परब्रह्म के अवतार राम को आप ने प्रणाम किया जबकि इनकी विवश दुःखी रोती हुई अबला पत्नी सीता को लंकेश रावण अपहरण कर ले गया।। 7।।

आधारभूतस्य जगत्त्रयस्य,
पत्न्या यदा स्याद्धरणं कुटीरात्।
का नाम नारी गृहिणी जगत्यां,
सुरक्षिता संभविता कदाचित्।। 8।।

जो जगत् के आधार है उनकी पत्नी का यदि कुटी से हरण हो जाए तो क्या इस संसार में कोई नारी कभी सुरक्षित रहेगी।। 8।।

सोऽयं तपस्वी विपिने पदाति-
भ्रात्रा समं शोकविषण्णभावः।
पृच्छन् लतावृक्षमृगांश्च पत्नीं,
विक्षिप्तवेशो विलपन् प्रयाति।। 9।।

(वही ब्रह्म राम) तपस्वी वन में पैदल भाई के साथ शोक से विषाद भाव वाला लता वृक्ष मृगों से अपनी पत्नी का पता पूछता हुआ पागल बना विलाप करता जा रहा है।। 9।।

आकर्ण्य वाचं भगवान् शिवोऽपि,
तां रामलीलां मनसा प्रणम्य।
ऊचे सतीं देवि! रमेऽहमत्र,
यच्चिन्तितं ब्रूहि तमेव सर्वम्।। 10।।

भगवान शिव भी सती की बात सुनकर राम की लीला को मन से प्रणाम कर बोले– मैं यहीं विश्राम करता हूँ जो पूछना है जाकर उन्हीं से सब पूछ ले।। 10।।

शिवस्य संकेतमवाप्य सद्यो,
रामं विपन्नं विपिने भ्रमन्तम्।
प्रश्नैरनेकैः हृदये स्थितैस्तैः,
सह प्रपेदे सहसा सती तम्।। 11।

शिव का संकेत पाकर तत्काल हृदय में स्थित अनेक प्रश्नों के साथ सती वन में घूमते व्याकुल राम के पास सहसा पहुँच गयीं।। 11।।

विलोक्य रामः सहसाऽऽगतां सतीं,
प्रणम्य सद्यः समुवाच सादरम्।
इतः कुतः कुत्र विराजते शिवः,
करोमि किं देवि! वद प्रयोजनम्।। 12।।

सती को सहसा आई देखकर राम तत्काल प्रणाम कर आदर के साथ बोले– इधर आप कहाँ से आई हैं। शिव जी कहाँ विराजते हैं। हे देवि मुझे प्रयोजन बताये, मैं क्या करूँ।। 12।।

अखण्डविश्वस्य विधायिनः प्रभोः,
बभूव सद्यः कथमीदृशी दशा।
यदेष वृक्षादिलतामृगब्रजान्,
इतस्ततः पृच्छति चोरितां प्रियाम्।। 13।।

अखण्ड विश्व की रचना करने वाले स्वामी की एकाएक ऐसी दशा कैसे हो गयी जो यह वृक्षलता मृगों से अपनी अपहृत पत्नी को इधर–उधर पूछ रहा है।। 13।।

धरावतीर्णेन नरोत्तमेन वै,
तदीयधर्मः परिपाल्यते मया।
यदस्य सम्यक् करणीयमापदि,
सुखे च दुःखे मरणेऽपि जीवने।। 14।।

गर्भ से जन्म प्राप्त कर मनुष्य का जो धर्म है, उसी का पालन मैं कर रहा हूँ, जो उसे आपत्ति में सुख–दुःख मरण और जीवन में करना चाहिए।। 14।।

धृतावतारो यदि गर्भमाध्यमात्,
शिशुत्वकौमारमथापि यौवनम्।
मनुष्यधर्मे तु समाजनिर्मितं,
समस्तकृत्यं करणीयमेव तत्।। 15।।

मैंने यदि गर्भ के माध्यम से अवतार लिया है तो शिशुत्व कुमारावस्था यौवन जैसे मनुष्य के धर्मों तथा समाज के समस्त नियमों का पालन तो करना ही पड़ेगा।। 15।।

छलप्रपञ्चैरपसार्य लक्ष्मणं,
विपन्नभिक्षुप्रतिरूपधारकः।
जहार सीतामबलामरक्षितां,
कदर्यचौराभिरतो दशाननः।। 16।।

छल प्रपंच से लक्ष्मण को सुरक्षा से हटाकर गरीब भिखारी का रूप बनाकर रावण अरक्षित निर्बल सीता का अपहरण कर कायरतापूर्ण चोर का कार्य कर रहा है।। 16।।

मदाश्रयं प्राप्य वनाय निर्गता-
मरक्षितां तामपहाय राघवः।
किमाचरेत् किं नु वदेत् कमाह्वयेत्,
निराश्रयोऽसौ नितरां प्रियां विना।। 17।।

मेरा सहारा लेकर वन में आयी हुई अरक्षित सीता को खो देने के बाद यह राम क्या करे, किससे पीड़ा कहे, किसे पुकारे, यह तो प्रिया के बिना पूर्ण रूप से बेसहारा हो गया है।। 17।।

छायां तरोः प्राप्य सुखप्रदामसौ,

शिवस्तु विश्राम्यति तत्र निश्चितम्।

तदाज्ञया प्रष्टुमिहागतास्म्यहं,

प्रदातुमर्हस्युचितं तदुत्तरम्।। 18।।

सुखप्रद छाया पाकर शिव जी वहाँ वृक्ष के नीचे विश्राम कर रहे हैं। मैं उनकी आज्ञा से कुछ प्रश्न पूछने आपके पास आयी हूँ आपसे उनके उचित उत्तर मुझे प्राप्त होना है।। 18।।

सतां परित्राणमसत्कृतां वधो,

दृढ़ा व्यवस्था जनधर्मकर्मणाम्।

तवावतारस्तु विधातुमीदृशं,

प्रवर्धते हिंस्रगतिस्तु रक्षसाम्।। 19।।

सज्जनों की रक्षा, दुष्टों का विनाश, समाज के धर्म कर्मों की सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित करना आपके अवतार का उद्देश्य है, पर राक्षसों की हिंसा की गति निरन्तर बढ़ रही है।। 19।।

दीर्घावधिं वीक्ष्य वनप्रवास-

माशान्विता देवगणा अभूवन्।

ऊनैकवर्षावधिरेष पूर्णो,

लङ्केश्वरो जीवति दुर्मदोऽसौ।। 20।।

लम्बे समय तक वनवास की अवधि को समझ कर देवगण आपसे बड़ी आशा कर रहे थे, आपके प्रवास का एक वर्ष ही शेष रह गया पर लंकेश रावण दुर्मद अभी जीवित है।। 20।।

प्रश्नो मदीयः करुणापरोऽयं,

घोराऽपमानं वनिताजनानाम्।

सीता द्वयोर्मध्यसुरक्षितापि,

हृताऽतिलज्जास्पदमेतदेव।। 21।।

यह मेरा प्रश्न अति करुणापूर्ण है कि जिसमें नारियों के घोर अपमान की बात है। सीता आपकी पत्नी आप दोनों के मध्य सुरक्षित होने पर भी हरण हो गयी। यह अति लज्जा प्रद कार्य है।। 21।।

सृष्टेर्नियन्तुर्नियमो महीयान्,

भोग्यं सदाकर्मफलं मनुष्यैः।

अतः कृतानां तु शुभाशुभानां,

भुङ्क्ते फलं देवि नरो विपाकात्।। 22।।

राम ने कहा– हे देवि! संसार के नियन्ता का यह महान नियम है कि मनुष्य को अपने कर्मों का फल भोग्य होता है। अतः अपने किये शुभ अशुभ कर्मों का फल उसके पूर्ण होने तक मनुष्य भोगता है। 22।।

दारिद्र्यदुःखं च सुखं धनं च,

मृत्युर्जराऽऽरोग्यविपत्तिरोगाः।

ऐश्वर्यसंयोगवियोगभोगाः,

सर्वं यथा कर्म तथाऽऽप्नुतेऽसौ।। 23।।

गरीबी दुःख, सुख, धन, मृत्यु, बुढ़ापा, आरोग्य, रोग विपत्ति ये सभी अपने कर्मों के अनुसार मनुष्य प्राप्त कर रहा है।। 23।।

धर्मप्रवृत्तिः शुभकर्मदीक्षा,
स्वर्गं समृद्धिं च सुखं ददाति।
हिंसा दुराचारखलप्रवृत्ति-
र्दुःखं दुरन्तं निरयं प्रदत्ते।। 24।।

धर्म कार्यों को करना, शुभ कार्यों की शिक्षा, स्वर्ग, समृद्धि और सुख प्रदान करती है। हिंसा, दुराचार, दुष्ट स्वभाव से दुःख तथा गहन नरक प्राप्त होता है।। 24।।

कश्चिद् दुराचारपरो नरश्चेद्,
ऐश्वर्यसौख्यं लभते समन्तात्।
तत्पूर्वजन्मन्यमितार्जितानां,
सत्कर्मणामस्ति विपाक एव।। 25।।

यदि कोई दुराचारी पुरुष चारों ओर ऐश्वर्य सुख भोग कर रहा है तो वह अपने पूर्व जन्म में किए असंख्य सत्कर्मों का फल भोग रहा है।। 25।।

यदैव पूर्वार्जितसत्फलानां,
भवेत् समाप्तिः पुरुषस्तदानीम्।
सद्यः स्वदुष्कर्मफलप्रभावात्,
पतेद् दुरात्मा विपदन्धकारे।। 26।।

जैसे ही उसके पूर्व अर्जित सत्कर्मों का फल समाप्त होता है उसी समय वह पुरुष अपने दुष्कर्मों के फलस्वरूप विपत्ति के अन्धकार में डूब जाता है।। 26।।

तद् धर्मनिष्ठः पुरुषोऽप्यहिंसा-
सत्यं श्रमेणार्जितसद्धनेन।
जीवन् सदा लोकहितं यतेत,
ज्ञानेन वित्तेन तथा श्रमेण।। 27।।

अतः धर्मनिष्ठ पुरुष को चाहिए कि वह अहिंसा सत्य पर चलता हुआ श्रम से अर्जित पवित्र धन से जीविका चलाता हुआ सदा ज्ञान, धन और श्रम के द्वारा समाज के हित का प्रयासरत रहे।। 27।।

प्रवेशमार्गे निवसन्तमुद्धतं,
वनान्तरप्राप्तमनुष्यभक्षकम्।
विलोक्य सीतामपि हर्तुमुद्यतं,
जघान दुर्दम्यविराधराक्षसम्।। 28।।

दण्डकारण्य के प्रवेश मार्ग पर निवास करने वाले वन के अन्दर मनुष्य को खाने वाले सीता को देख हरने का प्रयास करने वाले उद्धत राक्षस विराध का मैं वध कर चुका हूँ।। 28।।

विशालसैन्यैः सह हन्तुमागतान्,
रक्षस्त्रिशीर्षं च खरं विदूषणम्।
दशाननस्य प्रियबन्धुराक्षसान्,
जघान युद्धे मुनिमांसभक्षकान्।। 29।।

विशाल 14000 सेना लेकर मुझे मारने के लिए आए हुए आक्रमणकारी खरदूषण और त्रिशिरा राक्षस को युद्ध में मैंने मारा, यह लोग रावण के बन्धु और मुनियों के माँस भक्षक थे।। 29।।

पूर्वं हताः कौशिकयज्ञबाधकाः,
निरन्तरं विघ्नकरा दुरासदाः।
सुबाहुमारीच-निशाचराधमाः,
निशाचरी क्रूरतमापि ताटका।। 30।।

कौशिक विश्वामित्र के यज्ञ में निरन्तर बाधा डालने वाले दुष्ट राक्षस सुबाहु और मारीच नष्ट किए साथ ही क्रूर राक्षसी ताड़का को भी मारा।। 30।।

इहापि मातः खरदूषणादिभिः,
सहस्रशो रक्तपिपासुराक्षसैः।
निरन्तरं तैर्मुनिर्मांसभक्षकैः,
विनिर्मिता अस्थिसमूहपर्वताः।।31।।

यहाँ दण्डकारण्य में भी खरदूषण आदि सहस्त्रों मुनिमाँस का भक्षण करने वाले राक्षसों ने लगातार मुनियों को मारकर खाते रहने से उनकी अस्थियों के पहाड़ बना दिये थे।। 31।।

मया समागत्य वनेऽत्र दण्डके,
निरीक्ष्य साधून् मुनिवृन्दतापसान्।
सुरक्षिता देवगृहास्तथाश्रमाः,
निहत्य हत्यारतराक्षसान् खलान्।। 32।।

मैंने दण्डक वन में साधु मुनि तपस्वियों का निरीक्षण कर हिंसा में लगे हुए राक्षसों का वध करके मुनियों और आश्रमों को सुरक्षित कर दिया।। 32।।

अलक्षिता शक्तिरियं विधेः क्वचित्,
क्रियासु मन्ये भवतीह बाधिका।
प्रवासितोऽहं स्वगृहाद् वने वसन्,
ततोऽपि भार्याहरणं प्रपञ्चतः।। 33।।

दैव की कोई अलक्षित शक्ति लगता है मेरे कार्यों में कहीं बाधक हो रही है। देखिये, मैं अपने गृह से निर्वासित हूँ। वन में रह रहा हूँ वहाँ से छल से मेरी पत्नी का हरण हो गया।। 33।।

मदीयमेतद् मनुजावतारणं,
नियन्त्रितं वै विधिना प्रतीयते।
व्यवस्थितं किं नु नटेन को वदेद्-
भविष्यदृश्यं तु पटान्तरे स्थितम्।। 34।।

यह मेरा मनुजावतार प्रतीत होता है कि दैव ने नियन्त्रित कर रखा है। निश्चय ही कौन कह सकता है नट ने क्या व्यवस्था की है, भविष्य का दृश्य तो पर्दे में है।। 34।।

विधिप्रपञ्चान्निजराज्यवैभवात्,
बहिष्कृतोऽप्यत्र वने वसन्नपि।
धनुर्धरो रक्तपिपासुरक्षसां,
विनाशनायोद्यत एव राघवः।। 35।।

दैव के प्रपंच से अपने राज्य वैभव से वंचित भी तथा वन में रहते भी यह रघुवंशी धनुर्धर राम नर रक्त के प्यासे राक्षसों के विनाश के लिए उद्यत रहता है।। 35।।

प्रसादसौहार्दपरं व्यवस्थितं,
सुबोधसन्नीतिपरं निरापदम्।
यथार्थसत्येन समन्वितं वचो,
निशम्य रामं मुदिताऽवदत् सती।। 36।।

प्रसन्नता एवं मैत्रीपूर्ण, व्यवस्थित, सुबोध, उत्तम नीतिपरक, आपत्ति रहित, यथार्थ एवं सत्य वचन सुनकर सती प्रसन्न हो राम से बोली।। 36।।

दशाननाद् घोरविपत्तिदुर्दशा-
मनादरं प्राप्य निपीडिता सुराः
तवावतारेण शुभाशयान्विताः,
परं विलम्बेन तु चिन्तयावृताः।। 37।।

रावण से घोर विपत्ति दुर्दशा अनादर पाकर पीड़ित देवता आपके अवतार लेने से शुभाशा युक्त हो गए पर विलम्ब के कारण चिन्ता से घिर गए थे।। 37।।

भवेन्नु तेषां यदलक्षिता क्रिया,
विमर्षणीया भवता दयादृशा।
बुभुक्षिता पापमपि प्रकुर्वते,
निपीडितानां विविधाश्च दुष्क्रियाः।। 38।।

उस समय उनका कोई अलक्षित कार्य हुआ हो। उसे आप दयादृष्टि पूर्ण क्षमा कर दे। क्योंकि भूख से पीड़ित पाप भी करते हैं और पीड़ित पुरुषों के विविध दुष्कर्म होते रहते हैं।। 38।।

असभ्यसीताहरणे न देवताः
सुनिश्चितं रावणकृत्यमीदृशम्।
विधाय रामेण सहेष शत्रुतां,
प्रहारलक्ष्येऽपि गतो दशाननः।। 39।।

सती कहती है पर असभ्य सीताहरण में देवता कहीं नहीं है यह केवल रावण का ही कृत्य है। अब राम के साथ शत्रुता कर सीधे आपके बाणों के लक्ष्य में दशानन आ गया है।। 39।।

वधेन दुर्दान्तखरादिरक्षसां,
भयाकुलोऽपि प्रतिशोधविह्वलः।
रणे तु रामं प्रतिरोद्धुमक्षमः,
स्वयं कदर्यात् स जहार जानकीम्।। 40।।

भयंकर खर आदि राक्षसों के वध से भयभीत भी प्रतिशोध के लिए व्याकुल पर युद्ध में राम का प्रतिरोध करने में असमर्थ रावण ने स्वयं कायरों की भाँति सीता का हरण कर लिया।। 40।।

विश्वं विजित्यापि च दुष्कृतेन,
चौर्येण शून्यादपहार्य सीताम्।
सर्वत्र लोके महिलास्मितायाः,
घोराऽपमानं कृतवान् दशाननः।। 41।।

विश्व विजय करने के बाद भी चोरी द्वारा शून्य से सीता का हरण जैसे दुष्कृत्य करके रावण ने सर्वत्र संसार में नारीजन की अस्मिता का घोर अपमान किया है।। 49।।

क्षात्रं तेजो दधदपि भवान् ब्रह्मदिव्यावतारः,
लोकत्राणं दलनमसतां दुष्कृतां सर्वनाशम्।
कुर्वन् हिंसानिरतमखिलं विश्वमातङ्कयन्तं,
लङ्केशं वै जहि जनकजा त्राहि सीतां शुभाशीः।। 42।।

क्षात्र तेज की धारण करते हुए आप ब्रह्म के दिव्य अवतार हैं, अतः लोक की रक्षा, असत्पुरुषों का दलन, दुष्टों का विनाश करते हुए हिंसा में निरत विश्व को आतंकित कर रहे रावण का वध करे और जनक पुत्री सीता की रक्षा करें यही मेरा आपके लिए आशीर्वाद है।। 42।।

इत्थं विधाय विरहातुरराघवेन्द्र-
मुत्साहधैर्यबलपौरुषशौर्यपूर्णम्।
रामं नमन्तमपि तं विजयी भवेति,
प्रोवाच राधव! शिवं प्रतियातुमीहे।। 43।।

इस प्रकार विरह से व्याकुल राघवेन्द्र राम के अन्तःकरण हृदय को उत्साह, धैर्य, बल, पौरुष तथा दिव्य शौर्य पूर्ण बना कर राम को प्रणाम करते ही विजयी होने का आशीर्वचन देकर कहा, हे राघव! अब मैं शिव के पास जाना चाहती हूँ।। 43।।

पुनः प्रणमतो वीक्ष्य सीतारामौ च लक्ष्मणम्,
साश्चर्यं सस्मितं भूयो दत्वाशीर्वचनं यायौ।। 44।।

उन्होंने पुनः उधर देखा तो राम लक्ष्मण के साथ सीता भी प्रणाम कर रही थी, कुछ आश्चर्य हुआ फिर मुस्कुराकर आशीर्वाद देकर सती चली गयी (राम ने अपना दिव्य प्रभाव प्रदर्शित कर दिया था)।।44।।

यद्‌यदाचरितं सत्या, यत्पृष्टं यत्तदुत्तरम्,
तत्सर्वं सूचयामास, सती शङ्करमुत्सुकम्।।45।।

राम के समीप जाकर सती ने जो आचरण किया जो पूछा, उस का जो उत्तर मिला, उसके सुनने के लिए उत्सुक शिव को सती ने सूचित कर दिया।।45।।

वृक्षच्छायासुखमनुभवन् दण्डके शूलपाणिः,
वार्तालापं सपदि सुखदं रामसत्योर्निशम्य।
वाक्‌चातुर्यं गहनविषये स्वप्रियायाः प्रशंसन्,
कैलासाद्रेः पथमनुसरन् प्राप गेहं प्रसन्नः।।46।।

दण्डकारण्य में वृक्ष की छाया में आनन्द का अनुभव करते हुए शूलधारी शिव राम और सती के मध्य हुई बातों को शीघ्र सुनकर गहन विषय में अपनी प्रिया की वाणी में चतुरता की प्रशंसा करते हुए कैलास पर्वत का मार्ग पकड़कर अपने आवास पर पहुँच गए।।46।।

इति सतीशंकरे महाकाव्ये
सीताहरणसमये दण्डकारण्ये सीतान्वेषणे विलपता रामेण
सह सतीसम्वादो नामैकादशः सर्गः समाप्तः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्

द्वादशःसर्गः

प्रयागयज्ञे विद्वेषात्, शिवेन सह दुर्मनाः।

क्षुब्धः कनखले दक्षः, यज्ञं कर्तुं मनो दधे।। 1।।

प्रयाग के यज्ञ में शिव के साथ विद्वेष हो जाने से दुष्ट विचार वाले दक्ष ने कनखल में यज्ञ करने को सोचा।। 1।।

महायज्ञप्रतिष्ठायामसंख्यास्तत्र ऋत्विजः।

सहस्रशश्च होतारः, ऋषयश्च समागताः।। 2।।

महायज्ञ की तैयारी में असंख्य ऋत्विज उपस्थित हुए। सहस्रों होतागण और ऋषिगण भी सम्मिलित हुए।।2।।

देवगन्धर्वनागाश्च, यक्षा विद्याधरा अपि।

विष्णुर्ब्रह्मा तथा दिव्या, मुनयश्च निमन्त्रिताः।।3।।

उस यज्ञ में देव गन्धर्व नाग, यक्ष, विद्याधर, विष्णु, ब्रह्मा तथा दिव्य मुनिगण भी निमन्त्रित हुए।। 3।।

अगस्त्यकश्यपात्रिश्च, गौतमो गर्गभार्गवौ।
भारद्वाजो दधीचिश्च,वामदेवो भृगुस्तथा।।4।।

अगस्त्य कश्यप अत्रि गौतम गर्ग भार्गव भरद्वाज दधीचि वामदेव और भृगु भी निमन्त्रित हुए।। 4।।

मयेनावासनिर्माणं, कृतं सुष्ठु व्यवस्थितम्।
यत्रागत्य महाभागाः, सुखेनावासमाप्नुवन्।।5।।

मय दानव ने आवासों का निर्माण और सुन्दर व्यवस्था की जहाँ सभी महानुभाव आकर सुखपूर्वक आवास पर गए।। 5।।

पदप्रतिष्ठागर्वेण मदोन्मत्तः प्रजापतिः।
अहो! दुर्भाग्य दक्षोऽसौ, दक्षो नाऽमन्त्रयत् शिवम्।।6।।

अपने पद और प्रतिष्ठा से गर्व में डूबे मदोन्मत्त दुर्भाग्य लाने में दक्ष प्रजापति ने शिव को निमन्त्रण नहीं भेजा।। 6।।

यज्ञात् पूर्वं स्वयं दक्षो, भार्यया सह मण्डपे।
पूरयामास ध्यानेन, सकला मङ्गलक्रियाः।। 7।।

यज्ञ से पूर्व स्वयं दक्ष ने पत्नी के साथ मण्डप में जाकर ध्यान से सभी मंगलाचरण के कार्य पूर्ण किए।। 7।।

सर्वांस्तत्र मुनीन् देवान् विधिं विष्णुं च ऋत्वजः।
दधीचिर्ध्यानतः पश्यन्नावलोक्य च शंकरम्।। 8।।

ऋषि दधीचि सभी मुनि देवगण ब्रह्मा विष्णु ऋत्वजों को ध्यान से देख शिव को कहीं न पाकर कहने लगे।। 8।।

आश्चर्यं यो महायज्ञे, मङ्गलायतनः शिवः।
दृश्यते नैव कुत्रापि, ज्ञायते नैव कारणम्।। 9।।

आश्चर्य है कि जो यज्ञ में मंगल का आयतन है। वे ही शिव यहाँ नहीं दिखाई दे रहे हैं, कारण भी नहीं ज्ञात है।। 9।।

विद्वांसस्तं तु मन्यन्ते, मङ्गलप्रतिपालकम्।
विना तं तु कथं यज्ञः सम्पूर्णः सफलो भवेत्।। 10।।

विद्वान लोग शिव को यज्ञ का मंगलकर्ता मानते हैं उनके बिना यह यज्ञ कैसे पूर्ण और सफल होगा।।10।।

यद्यसौ नागतस्तत्र, गत्वा ब्रह्माऽथवा हरिः।
आनयेत् तं महादेवं, यतोऽसौ यज्ञदेवता।। 11।।

यदि वे नहीं आए हैं तो ब्रह्मा या विष्णु जाकर उन्हें ले आए क्योंकि वे यज्ञ के देवता हैं।।11।।

दधीचिवचनं श्रुत्वा, दक्षोऽसौ दुर्मदोऽवदत्।
देवानां मूलरूपोऽयं, विष्णुरत्र विराजते।। 12।।

दधीचि के वचन सुन गर्बीले दक्ष ने कहा– देवताओं के मूल विष्णु यह उपस्थित हैं।। 12।।

तदा किं शूलिनस्तस्य, शङ्करस्य कपालिनः।
यज्ञेऽस्मिंन्तस्य किं कार्यं, मया नैव निमन्त्रितः।। 13।।

तब उस शूलधारी कपाली शंकर का इस यज्ञ में क्या कार्य है। मैंने उन्हें नहीं निमन्त्रित किया।।13।।

पितुर्वचनबद्धेन, मया पुत्री विवाहिता।
अन्यथा को नु वृणुयात्, कन्यामज्ञातजन्मने।। 14।।

पिता के वचन में बँधे होने के कारण मैंने उन्हें पुत्री ब्याह दी नहीं तो उसे कौन अपनी कन्या ब्याहता, जिसके जन्म का ही पता नहीं।।14।।

तस्य दोषवशात् पुत्री, सती नाऽऽमन्त्रिता मया।
गुणद्वेषी च पाखण्डी, यज्ञे स्थानं न सोऽर्हति।। 15।।

उसके दोषों के कारण मैंने अपनी पुत्री सती को भी निमन्त्रित नहीं किया। वह गुणों का विरोधी पाखण्डी यज्ञ में स्थान पाने योग्य नहीं है।। 15।।

दक्षदुर्वचनाद् रुष्टः, सर्वदेवान् मुनीश्वरान्।
संबोधयन्नुवाचासौ, दधीचिर्यज्ञमण्डपे।। 16।।

दक्ष के दुर्वचनों से रुष्ट होकर दधीचि ने सभी देवताओं एवं मुनीश्वरों को सम्बोधित करते हुए कहा।। 16।।

कोऽपि किं वा वदेद् यज्ञं, महादेवं शिवं विना।
अपूर्णमेव मन्येऽहं, नैव पूर्णो भविष्यति।। 17।।

कोई कुछ भी कहे मैं महादेव शिव के बिना उस यज्ञ को पूर्ण होने योग्य नहीं मानता हूँ। यह पूर्ण नहीं होगा।। 17।।

ईर्ष्याकषायितं चैनं, मन्ये यज्ञं प्रदूषितम्।
निष्फलो भविताऽप्येष, दुष्फलं च प्रदास्यति।। 18।।

ईर्ष्या के कारण खटांस आए इस यज्ञ को मैं दूषित मानता हूँ। यह निष्फल रहेगा और बुरे परिणाम प्रदान करेगा।। 18।।

इत्युक्त्वा तत्क्षणं चासौ, निर्गतो यज्ञमण्डपात्।
दधीचौ निर्गतेऽप्यन्ये, शिवभक्ता बहिर्गताः।। 19।।

यह कहकर तुरन्त वे यज्ञ मण्डप से निकल गए। दधीचि के चले जाने पर अन्य शिव भक्त भी चले गए।। 19।।

दधीचिगमनाद् दक्षः, प्रसन्नः प्राह केशवम्।
भवांस्तु वेदवक्तास्ति, यज्ञं प्रारभतां प्रभो।। 20।।

दधीचि के जाने से प्रसन्न दक्ष विष्णु से बोला हे प्रभो! आप तो वेदवक्ता हैं अतः यज्ञ प्रारम्भ कीजिए।। 20।।

नियतिप्रेरितो यज्ञः, प्रारब्धस्तत्र विष्णुना।
अशुभारम्भ एवासीत्, विनाशाय विना शिवम्।। 21।।

दैव की प्रेरणा से विष्णु ने यज्ञ प्रारम्भ कर दिया। इसका प्रारम्भ ही अशुभ था और शिव के बिना विनाश के लिए हो गया।। 21।।

शोभनं समयं ज्ञात्वा शङ्करेण समं सती।
जगामानन्दक्रीडार्थं, गन्धमादनपर्वतम्।। 22।।

इधर कैलास पर शोभायमान समय देख सती शिव के साथ आनन्द से क्रीड़ा के लिए गन्धमादन पर्वत पर चली गयी।। 22।।

सखीभिः सह क्रीडन्ती, परमानन्दनिर्भरा।
प्रकृतेः शोभनैर्दृश्यैः साश्चर्यचकिताऽभवत्।। 23।।

वहाँ सखियों के साथ खेलती आनन्द में डूबी हुई सती प्रकृति के सुन्दर दृश्य देख चकित हो रही थी।। 23।।

तत्रैव देवपत्नीनां, श्रुत्वा संगीतनिस्वनम्।
अपश्यत् सहसाकाशे, विमानानां गतागतम्।। 24।।

वहीं पर सती ने देवताओं की पत्नियों का संगीत सुना और आकाश में विमानों का गमनागमन भी देखा।। 24।।

विज्ञातुं कारणं तत्र, विजयामाह्वयत् सखीम्।
विज्ञाय कारणं तस्य, शीघ्रं प्राह सतीमसौ।। 25।।

उसका कारण जानने के लिए सखी विजया को बुलाकर सती ने पूछा तो ज्ञातकर उसने सती से कहा।। 25।।

आयोजितो महायज्ञः पित्रा कनखले तव।
आमन्त्रिताः सुरा यक्षा, गन्धर्वा नारदादयः।। 26।।

विजया ने कहा – आपके पिता ने कनखल में एक महायज्ञ का आयोजन किया है। जिसमें उन्होंने देवता यक्ष गन्धर्व नारद आदि ऋषियों को आमन्त्रित किया है।। 26।।

सुप्रसन्नाः विमानेन, सपत्नीकाः प्रयान्ति ते।
गायन्ति मङ्गलं गीतं, हर्षिताश्च सुराङ्गनाः।। 27।।

वे लोग प्रसन्नतापूर्वक विमान द्वारा अपनी पत्नियों के साथ जा रहे हैं देवांगनायें मंगलगीत गा रही हैं।। 27।।

अप्सरसो नृत्यमग्ना, वाद्यवृन्दैः समाहिताः।
गीतानि तानि श्रूयन्ते, वाद्यानां चैव निःस्वनम्।। 28।।

वाद्यवृन्दों के बजने के साथ अप्सराएं नृत्य गान कर रही हैं उन्हीं के सुखदायी गीत और बाजों के शब्द सुनाई दे रहे हैं।। 28।।

तदाकर्ण्य वचः शम्भोः, पार्श्वं गत्वाह तं सती।
सम्बन्धा अप्युपेक्ष्यन्ते, ध्यानेनापि समाधिना।। 29।।

यह सुनकर सती शिव के पास जाकर कहने लगी अब ध्यान और समाधि के कारण सम्बन्धों की भी उपेक्षा की जाने लगी है।। 29।।

तातेनायोजितो यज्ञः, तीर्थे कनखले श्रुतः।
ब्रह्मा विष्णुः सुराःसर्वे विमानैस्तत्र संगताः।। 30।।

पिता ने तीर्थ कनखल में यज्ञ आयोजित किया है उसमें ब्रह्मा विष्णु तथा देवगण विमानों से पहुँच गए हैं आपने सुना है।। 30।।

त्रैलोक्यश्रेयसे तातो, यत् कार्यं कुरुते शुभम्।
उपेक्षा तत्र भवतो, मां पीडयति निश्चितम्।। 39।।

तीनों लोकों के कल्याण हेतु जो कार्य पिताश्री करते हैं उसमें आपकी उपेक्षा निश्चित ही मुझे पीड़ित करती है।। 31।।

मया सार्धमतः शीघ्रं, गन्तुं तत्र भवोद्यतः।
स्वागतार्थं प्रतीक्षन्ते, त्वां विष्णुर्मुनयः सुराः।। 32।।

अतः आप मेरे साथ वहाँ जाने के लिए शीघ्र उद्यत हो जाएँ। वहाँ आपके स्वागत के लिए विष्णु मुनि देवगण प्रतीक्षा कर रहे हैं।। 32।।

शान्तवृत्तिः शिवः श्रुत्वा, सतीवचनमातुरम्।
करेणाकृष्य तां पार्श्वमुपावेशयदासने।। 33।।

सती के व्याकुलता भरे वचन को सुनकर शान्त बैठे शिव ने हाथ से सती को खींचकर अपने आसन पर पास बैठा लिया।। 33।।

पश्यंश्च सस्मितं शम्भुः, सत्यावेशपरं मुखम्।
उवाचाहं करिष्यामि, यदुक्तं शान्तिमाप्नुहि।। 34।।

सती का आवेश पूर्णमुख देखते मुस्कुराते हुए शिव ने कहा हम करेंगे जो तुमने कहा, पर शान्त हो जाइये। 34।।

त्वत् पितुः सत्यमाख्यातुं, वक्तुमिच्छामि यद् वचः।
कर्तुं तत्सत्यसांमुख्यं, शक्तिं साहसमर्जयेः।। 35।।

तुम्हारे पिता के जिस सत्य को मैं कहना चाहता हूँ उस सत्य का सामना करने के लिए तुम्हें शक्ति और साहस अर्जित करना है।।35।।

सुरादयः प्रयाता ये, आसंस्ते तु निमन्त्रिताः।
अद्यावधि न चैकोऽपि, गतस्तत्रानिमन्त्रितः।। 36।।

जो देव आदि वहाँ गये हैं, वे सब निमन्त्रित हैं। आज तक अभी एक भी अनिमन्त्रित नहीं गया है।। 36।।

उचितं स्यात् कथं तत्र, गमनं मे प्रिये वद।
यदा दक्षेण यज्ञेऽस्मिन्नावां न हि निमन्त्रितौ।। 37।।

प्रिये कहो – वहाँ मेरा जाना कैसे उचित है जबकि यज्ञ में हम दोनों को दक्ष ने निमन्त्रण ही नहीं दिया है।। 37।।

शम्भोर्वचनमाकर्ण्य, मनसा विह्वला सती।
पत्युर्घोरापमानात् सा, साक्रोशा व्यथिताऽवदत्।। 38।।

शिव जी के वचन सुनकर मन से सती पति के घोर अपमान के कारण आक्रोश में व्यथित बोली।। 38।।

सम्बन्धशुचितां नीत्वा, भावनायां प्रवाहिता।
यत् कटूक्ता मया नाथ, क्षम्यतां लज्जितास्म्यहम्।। 39।।

सम्बन्धों की पवित्रता को लेकर भावना के प्रवाह में मैंने जो कुछ वचन कह दिए उन्हें क्षमा करें, मैं लज्जित हूँ।। 39।।

दुष्कृत्येन पितुर्याऽभूद्, भवतामवमानना।
यज्ञे वै सर्वदेवानां, मध्ये तदसह्यं मम।। 40।।

पिता के इस दुष्कृत्य से जो आपका यज्ञ में सब देवताओं के मध्य अपमान हुआ है, वह मेरे लिए असह्य है।। 40।।

अहमेकाकिनी तत्र, गन्तुमिच्छामि हे प्रभो।
आज्ञां मे देहि ज्ञास्यामि, वैराद् वोपेक्षयाऽभवत्।। 41।।

हे प्रभो, मैं अकेले वहाँ जाना चाहती हूँ। मुझे आज्ञा दे मैं ज्ञात करूँगी यह वैर से या भूल से हुआ है।। 41।।

सम्बन्धिमित्रबन्धूनां, गृहे रात्रौ दिवापि वा।
गमनं वै सदा लोके प्रसादायैव मन्यते।। 42।।

शिव के कहा सम्बन्धी माता पिता मित्र बन्धुजनों के घर रात या दिन में जाना समाज में सदा हर्ष का विषय माना जाता है।। 42।।

परं तेष्वपि चेत् कश्चित् नोचितं मन्यते तदा।
मन्यते वा विरोधं चेद्, न गच्छेत् तस्य वै गृहे।। 43।।

परन्तु उनमें भी यदि कोई उचित न माने या विरोध मानता हो तो उसके घर कदापि नहीं जाना चाहिए।। 43।।

सन्ति पितृगृहे माता भगिनी बन्धुबान्धवाः।
गतयज्ञे विवादाद् वै, मद् विरोधे पिता तव।। 44।।

पिता के घर में माता बहनें भाई और बन्धुजन भी होते हैं (केवल पिता ही नहीं) पर गत यज्ञ में विवाद से तुम्हारे पिता मुझसे विरोध मानते हैं।। 44।।

अहं नामन्त्रितस्तेन स्वपुत्रीं चापि व्यस्मरत्।
विरोधिनो गृहे यानमनाहूतं न श्रेयसे।। 45।।

मुझे निमन्त्रण नहीं दिया अपनी पुत्री को भी वह भूल गया। विरोधी के घर बिना बुलाये जाना हितकर नहीं होता।। 45।।

मातृपितृगृहं ते तत्, यदि त्वं गन्तुमीहसे।
अहं न बाधकस्तत्र, भविष्यामि वदामि तत्।। 46।।

तुम्हारे माता–पिता का गृह है, यदि तुम जाना चाहती हो तो मैं कहता हूँ कि मैं बाधक नहीं बनूँगा।।46।।

नन्दी वाहनमत्रैव, वर्तते त्वां नयेदपि।
गणाश्च तव रक्षार्थं, गमिष्यन्ति त्वया सह।। 47।

नन्दीगण वाहन यहीं हैं तुम्हें ले जायेगा। तुम्हारी रक्षा में गण भी साथ जाएंगे।।47।।

शम्भोः सहमतिं ज्ञात्वा, वस्त्रलङ्कारसज्जिता।
सौन्दर्येणाद्वितीयेन, भासिता दिव्यतेजसा।।48।।

शिव की सहमति समझकर सती जी वस्त्र और आभूषणों से सजकर अद्वितीय सौन्दर्य एवं अपने दिव्य तेज से प्रभासित होती हुई आ गई।।48।।

सतीं चारु विशालाक्षीं दिव्याननविभूषिताम्।
पश्यन्नेव शिवः शान्तो, निर्निमेषोऽभवत् तदा।।49।।

सुन्दर विशाल नेत्र और दिव्य आनन विभूषित सती को देखते हुए ही शान्त हृदय शिव के नेत्र निर्निमेष हो गए।। 49।।

निर्निमेषं तु पश्यन्तं शिवं सा वीक्ष्य सस्मितम्।
उपसृत्य समालिङ्ग्य चुम्बनैस्तर्पितावुभौ।।50।।

अपलक दृष्टि से मुस्कुराते हुए देखते शिव को देखकर सती पास जाकर आलिंगनबद्ध हो गयी और दोनों ही चुम्बनों से तृप्त हो गए।। 50।।

उपेक्ष्य शम्भोस्तत्वार्थं, नियतिप्रेरिता सती।
नन्दीवाहनमारुह्य, गणैः सार्धं विनिर्गता।।51।।

शिव जी के कहे वचनों में तत्व अर्थ की उपेक्षा कर नियति से प्रेरित सती नन्दी वाहन पर सवार हो गणों के साथ चली गयी।।51।।

शीतस्पर्शं सरससुखदं स्नेहबन्धं प्रियस्य,
पत्या सार्धं विहरणसुखं चारुहासं सखीनाम्।
त्यक्त्वा सर्वं विचलितसतीं दक्षयज्ञे पयान्तीं,
कोऽसौ रक्षेन्नियतिरचिते चक्रव्यूहे पतन्तीम्।। 52।।

अपने प्रियतम शिव का सरस सुखद शीतल स्पर्श देने वाला स्नेहालिङ्गन, पति के साथ विहार का आनन्द, सखियों का सुन्दर

परिहास जैसे सुख को त्याग कर विचलित सती को दक्ष के यज्ञ में जाते हुए नियति के द्वारा रचे गये चक्रव्यूह में गिरने की स्थिति से कौन है जो उन्हें रोक सके अर्थात् कोई नहीं।। 52।।

इति सतीशंकरे महाकाव्ये
शिवेन सह मन्त्रणानन्तरं दक्षयज्ञेऽनिमन्त्रिताया सतीदेव्याः गमनं
नाम द्वादशः सर्गः समाप्तः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्

त्रयोदशः सर्गः

यदि दैवगतिर्विरोधिनी,
विफला दैवतमानवाक्रिया।
पुरुषो यदि दुर्मदस्तदा,
स विनाशाय विकल्पते स्वयम्।। 1।।

यदि दैव विरोध की स्थिति में है तो पुरुष हो या देवता उनके कार्य निष्फल ही रहे हैं। यदि पुरुष दुर्मद है तो वह अपने विनाश की स्वयं तैयारी करता है।। 1।।

यदि गर्वसमुद्धतो नरो,
निजधर्माचरणं परित्यजेत्।
नहि कापि बलीयसी क्रिया,
पतनात् तं भुवि या समुद्धरेत्।। 2।।

यदि गर्व से उद्धत पुरुष अपने कर्म और आचरण का त्याग कर दे तो पृथ्वी पर ऐसा कृत्य नहीं है जिसके द्वारा पतन से उसे उबारा जाए।। 2।।

प्रभुता पदमानवैभवं,
मृगतृष्णाचरणं प्रशिक्षते।
भ्रम एव मनुष्यजीवनं,
कुरुते पंगु पिपासयान्वितम्।। 3।।

प्रभुता, पद का मान और वैभव यह सब मृगतृष्णा की शिक्षा देते हैं। यह भ्रम ही मनुष्य के जीवन को आगे चलने में असमर्थ करता और प्यास बढ़ाता है।। 3।।

गुणदोषविवेकहीनता,
सदसत्कर्मविनिर्णये भ्रमः।
अतिलोभसमृद्धिसाधनं,
कुरुते धर्मपथाच्च्युतं नरम्।। 4।।

गुण और दोष को पहचानने की शक्ति न होना, अच्छे और बुरे कर्म के विषय में पहचान न कर पाना, अति लोभ और समृद्धि के साधन पुरुष को धर्म मार्ग से पतित करते हैं।। 4।।

अवमानयितुं तु शङ्करं,
यदभूद् दक्षपदाभिमानता।
ननु यज्ञमहानसेऽपचत्,
सविषं सा मरणान्तपायसम्।। 5।।

भगवान शिव का अपमान करने के लिए दक्ष के पद के अभिमान की भावना यज्ञ रूपी रसोई में मरणान्त विषयुक्त खीर पका रही है।। 5।।

मधुरं शिवदर्शनं सती,
हृदये नेत्रपुटैः प्रकुर्वती।
अतिवेगवतैव नन्दिना,
प्रययौ दक्षनिवासमण्डपम्।। 6।।

अपनी बन्द आँखों से शिव के मधुर दर्शन हृदय में करती हुई सती तीव्र गति से चलने वाले नन्दी के द्वारा अपने पिता के मण्डप में पहुँच गयीं।।6।।

अवलोक्य सतीं गृहागतां,
जननी साश्रुमुखी प्रहर्षिता।
उरसाऽऽलिङ्ग्य सतीं चिरागतां,
कुशलं सा परिपृच्छति स्म ताम्।। 7।।

बहुत समय बाद घर आई हुई पुत्री को देखकर अश्रुपूर्ण आँखों से हर्षित माता सती को हृदय से लगाकर उससे कुशल पूछने लगी।। 7।।

अवलोक्य सतीं विना शिवं,
कृतवैरं पितरं विमृश्य च।
मिलिता हृदयेन सादरं,
सकला स्वसृजना इहागताः।। 8।।

शिव के बिना सती को आया देख और पिता का शिव के साथ शत्रु भाव समझकर यहाँ आई हुई बहनें सादर हृदय से मिलीं।।8।।

पितरं मिलितां स्वभावतः,
प्रणमन्तीं तनयामनादरात्।
शिववैरवशात् प्रजापतिः,
नहि दक्षः समुवाच किञ्चन।। 9।।

पिता से स्वाभाविक ढंग से मिली एवं प्रणाम करती पुत्री से प्रजापति दक्ष शिव के साथ शत्रुता के कारण कुछ भी नहीं बोले।। 9।।

परिवीक्ष्य विशेषमण्डपे,
सुरभागान् परितः समीक्ष्य सा।
शिवभागमवेक्ष्य नात्र वै,
पितरं प्राह तदर्थमातुरा।। 10।।

विशेष मण्डप में देवताओं के यज्ञभाग को देख फिर चारों ओर भलीभांति जांचकर सती ने शिव का भाग यहाँ न देख आतुर होकर पिता से पूछा।। 10।।

नहि तात! शिवो निमन्त्रितो,
मखभागोऽपि न दृश्यते क्वचित्।
कथमेष विना प्रभुं भवेन्,
ननु पूर्णोऽप्यपवित्रतां गतः।। 11।।

हे तात! आपने शिव को निमन्त्रित नहीं किया। उनका यज्ञ भाग भी कहीं दिखाई नहीं देता है। वह मेरे प्रभु शिव के बिना कैसे पूर्ण होगा यह निश्चय ही अपवित्र हो गया है।। 11।।

कथमत्र शिवं विना त्वया,
महदेतद् यजनं प्रवर्तितम्।
परिपूर्णमिदं भवेत् कथं,
क्रतुहव्यं ननु मन्त्र एव सः।। 12।।

आपने शिव के बिना यह विशाल यज्ञ कैसे प्रारम्भ कर दिया, यह कैसे पूर्ण होगा क्योंकि यज्ञ, हव्य और मन्त्र तो शिव ही है।। 12।।

परिणीय च तं सुतामिपि,
न हि जानासि भवं त्रिलोचनम्।
प्रलयङ्करमाशु शङ्करं,
किमु सामान्यसुरो महेश्वरः।। 13।।

अपनी पुत्री उन्हें ब्याह कर भी आपने भव त्रिलोचन क्षण में प्रलय करने वाले शङ्कर को नहीं जाना, क्या वे महेश्वर सामान्य देवता हैं।।13।।

तव बुद्धिविवेकभ्रंशनात्,
परिचेतुं नहि शक्नुसे शिवम्।
स्वयमाशु विनाशकारणं,
भवितासि त्वमिहात्मनः पितः।। 14।।

हे पिता जी, तुम्हारी बुद्धि का विवेक भ्रष्ट होने से तुम शिव को पहचान नहीं पाये हो। आप शीघ्र ही अपने विनाश का कारण हो जाओगे।। 14।।

परमत्र महेश्वरं विना,
कथमागादिह विष्णुरुद्धतः।
सुरसिद्धमुनीश्वरादयः,
कथमेते शिववैरभागिनः।। 15।।

परन्तु शिव के विना यह उद्धत विष्णु यहाँ कैसे आ गया यह देव सिद्ध मुनीश्वर आदि कैसे शिव के साथ वैर के भागी हो गए।। 15।।

अपमानविषादपीडया,
व्यथयाक्रोशवशाद् वचः शरैः।
पितुरन्तः परिमर्दने रता-
मथ दक्षः दुरुवाच वै सतीम्।। 16।।

अपमान विषाद को पीड़ा और व्यथा से आक्रोश के कारण पिता के हृदय को कुचलने में लगी सती से दक्ष दुर्वचन कहने लगा।। 16।।

अलमस्तु वृथा वचः शरैः,
कथमागस्त्वमिहाद्य दुर्भगे!
गृहमेहि न वा न मे हितं,
नहि सम्बन्ध इतः शिवेन मे।। 17।।

अरे दुर्भाग्यशालिनी! अब व्यर्थ में वाणी के बाण चलाना बन्द करे। यहाँ तुम आज क्यों आ गईं। घर आओ या न आओ मेरा तुमसे कोई मतलब नहीं। यहाँ से अब शिव से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है। 17।।

इह विष्णुरुपागतो महान्,
स तु वेदप्रतिबद्धमानसः।
ननु यज्ञशरीर एव स,
मम यज्ञं सफलीकरिष्यति।। 18।।

यहाँ महान विष्णु भगवान आ गए हैं वे वेदों से पूर्णतया जुड़े हैं। निश्चय ही वे यज्ञशरीर हैं मेरा यज्ञ वे सफल करेंगे।। 18।।

न मयैव निमन्त्रितः शिवः,
स तु भूताधिपतिः कुवेशवान्।
स च सभ्यसमाजसंगमे,
परिहासाय प्रकल्प्यते भृशम्।। 19।।

मैंने ही शिव को निमन्त्रित नहीं किया। वे भूतों के स्वामी और कुवेशधारी है। वे सभ्य समाज के समागम में परिहास के लिए ही होते हैं।। 19।।

नगपन्नगभूषणप्रियं,
जटिलामङ्गलवेशधारिणम्।
वृषवाहनमुद्धतं शिवं,
नहि मन्ये मम यज्ञभागिनम्।। 20।।

उन्हें पहाड़ और सर्पभूषण प्रिय है जटाधारी अमंगलवेश, बैल की सवारी वाले उद्धत शिव को मैं अपने यज्ञ का भागी नहीं मानता।। 20।।

पतिरत्र न ते निमन्त्रितः,

त्वमिहागा निजभागमाप्नुहि।

अपि वादविवादवर्धने,

तव किं हस्तगतं भविष्यति।। 21।।

तुम्हारे पति को निमन्त्रित नहीं किया। तुम आई तो अपना यज्ञ भाग ले लो। वाद विवाद बढ़ाने से तुम्हारे हाथ कुछ भी नहीं आएगा।। 21।।

शिवदर्शनमीहते मनः,

यदि पृष्टा किमहं वदानि तम्।

मम सन्मुखमेव निन्दितो,

जनकेनाद्य महेश्वरो भवान्।। 22।।

अब मेरा मन शिव जी का दर्शन करना चाहता है। पर यदि उन्होंने पूछ दिया तो मैं क्या कहूँ उनसे, यही कि मेरे सामने ही मेरे पिता ने आप महेश्वर की निन्दा की है।। 22।।

मयि शृण्वति हन्त! निन्दितो,

भगवान् विश्वपतिः शिवस्त्वया।

शृणुते स च निन्दकोऽप्यसौ,

भवतो द्वावपि पापभागिनौ।।23।।

मेरे सुनते हुए भगवान् विश्वनाथ शिव की तुमने निन्दा की है, उनकी निन्दा जो सुनता है, वह और जो निन्दा करता है दोनों ही पाप के भागी होते हैं।। 23।।

यदि शक्तिरूपेत्य तत्क्षणं,

रसनां शस्त्रबलेन कर्तयेत्।

त्वरितं निरियात् ततोऽन्यथा,

निज कर्णौ च पिधाय सज्जनः।।24।।

यदि शक्ति हो तो तत्काल निन्दक के पास पहुँचकर शस्त्र से उसकी जीभ काट ले, अन्यथा उस सत्पुरुष को अपने दोनों कान बन्द कर उस स्थान से बाहर चला जाना चाहिए।।24।।

इह तात! महाघमर्जितं,

शिवनिन्दां प्रविधाय वै त्वया।

उपभुज्य फलं स्व जीवने,

नरकं घोरमपि प्रयास्यासि।। 25।।

हे तात! यहाँ शिव की निन्दा करके आपने घोर पाप अर्जित किया है। इस जीवन में इसका फल भोग कर घोर नरक में जाएंगे।। 25।।

मम कर्णमुपागतामपि,

शिवनिन्दां प्रतिरोद्धुमक्षमा।

अहमद्य निजं नु जीवन-

मवमन्ये नितरां निरर्थकम्।। 26।।

मेरे कान में आई हुई शिव निन्दा को मैं उसे रोकने में असमर्थ रही हूँ अतः आज मैं अपने जीवन को नितान्त निरर्थक समझती हूँ।। 26।।

तव पापपरायणस्य वै,

रचितं देहमिमं घृणास्पदम्।

मम दुःसहमात्मनः कृते,

विदधे सम्प्रति यज्ञ आहुतिम्।। 27।।

पाप में डूबे हुए तुम्हारी रची हुई घृणित और आत्मा के लिए असहनीय इस देह को अभी यज्ञ में आहुति कर रही हूँ।। 27।।

स्मरति स्म वचांसि शम्भुनाऽ-

भिहितं तामिह गन्तुमुद्यताम्।

अतिदुःखपरां परिस्थितिं,

हृदि सन्तापपरा व्यलोकयत्।। 28।।

यहाँ आने के लिए तैयार सती से जो वचन शिव ने कहे थे वे उन्हें याद आ रहे थे। वे हृदय में संतप्त होती हुई अत्यन्त दुखदायी परिस्थिति को देख रही थी।। 28।।

पुनराह हरिं मुनीश्वरान्,

सुरवृन्दानपि बोधयन् वचः।

कथमत्र भवन्त आगता,

इह यज्ञे शिवनिन्दकस्य वै।। 29।।

वे पुनः विष्णु मुनीश्वरों और देवताओं को सम्बोधित कर कहने लगी, आप लोग यहाँ प्रबल शिवनिन्दक के यज्ञ में क्यों आये।। 29।।

जनको मम दक्ष एष वै,
नरकं यास्यति शम्भुनिन्दकः।
अपि शम्भुविरोधकारका,
भवितारो ननु दण्डभागिनः।। 30।।

यह मेरा पिता दक्ष शिव की निन्दा करने वाला निश्चय ही नरकगामी होगा और यहाँ शिव का विरोध करने वाले भी निश्चित ही दण्ड के भागी होंगे।। 30।।

ज्ञानप्रभापरिगतो विदुषां समाजे,
दुर्बुद्धिदुर्जनखलान् प्रति सावधानः।
कुर्यान्न संगतिमपेक्ष्य विनम्रभावं,
भूमौ सरन्नहिरहो! दशति स्पृशन्तम्।। 31।।

विद्वानों के समाज में ज्ञान के प्रकाश को प्राप्त पुरुष को चाहिये कि वह दुर्बुद्धि दुर्जन दुष्टों से सावधान रहे, उनके विनम्र भाव को देखकर उनकी संगति न करे। धरती पर रेंगने वाला सर्प छूने वाले को डस लेता है।। 31।।

विज्ञाय ये शिवविरोधमपि प्रसन्ना,
ये यज्ञकार्यनिरता सहयोगिनो वा।
ये चात्र सिद्धमुनियक्षसुराश्च केऽपि,
दण्ड्या महेश्वरविरोधपरा भवेयुः।। 32।।

जो लोग शिव का विरोध समझकर भी प्रसन्न हो यज्ञ कार्य में लगे या सहयोगी हैं और जो यहाँ सिद्ध मुनि, यक्ष या देवता कोई भी हों, यह सब महेश्वर के विरोधी दण्ड अवश्य पाएंगे।। 32।।

इत्याक्रोशाज्ज्वलितमनसा यज्ञदेवान् शपन्ती,
मौनीभूय प्रियतमशिवं चोपविश्य स्मरन्ती।
आचम्यादौ नयनपदवीमूर्ध्वमध्ये नियम्य,
त्यक्त्वा प्राणान् निज पुरमगात् योगशक्त्याम्बिका सा।।33।।

इस प्रकार आक्रोश से प्रज्वलित मन से यज्ञ में आए देवगणों को शाप देती हुई मौन होकर प्रियतम शिव को आसन पर बैठकर स्मरण करती हुई, प्रथम आचमन कर फिर नेत्रों की स्थिति को ऊपर मध्य भाग में नियमित कर वह जगदम्बिका योगशक्ति से प्राणों को त्याग कर अपने लोक को चली गयी।।33।।

आगत्य शङ्करगृहे हृदयप्रियाऽभू-
दानन्दचम्पकलतेव सदा प्रफुल्ला।
सम्मानहेतुमपि पत्युरुदग्रभावा,
प्राणप्रिया प्रियतमाऽभवदर्पितासा।। 34।।

भगवान शिव के गृह में आकर हृदय की प्यारी आनन्द की चम्पक लता के समान सदा खिली रही। अपने प्रिय पति शिव के सम्मान के लिए ही अग्रणी बन उनकी प्राणप्रिया अपने प्रियतम के लिए समर्पित हो गई।। 34।।

हाहाकारं, प्रबलमशुभं वीक्ष्य सत्यात्मघातं,
सर्वे देवा अपि मुनिगणा कम्पमाना अकुर्वन्।
श्रुत्वा शस्त्रैः सहशिवगणा मण्डपान्तः प्रविष्टा,
भ्रष्टं कृत्वा यजनमपि ते संप्रहर्तुं प्रवृत्ताः।। 35।।

सती का प्राण त्याग देखकर सभी देव और मुनिगण काँपते हुए हाहाकार करने लगे। यह सुनकर शिव जी के गण यज्ञ मण्डप में प्रवेश कर यज्ञ कार्य को भ्रष्ट कर शस्त्रों से प्रहार करने लगे।। 35।।

त्रिशूलघातैश्च गणा भयावहाः,
निपातयामासुरसंख्ययाज्ञिकान्।
प्रविश्य भाण्डारगृहे सुरक्षितं,
व्यनाशयन् यज्ञसमस्तसाधनम्।। 36।।

भयंकर शिवगण त्रिशूलों के द्वारा असंख्य याज्ञिकों को मार डाला और भण्डार गृह में प्रवेश कर समस्त यज्ञ के साधन नष्ट कर दिए।। 36।।

भृगुस्तदा मन्त्रबलेन यज्ञा-
दुत्पादयामास ऋभूग्रदैत्यान्।
तेषां प्रहारैर्निहता असंख्याः,
शेषा गणाः शम्भुसमीपमापुः।। 37।।

तब भुगु ऋषि ने मन्त्र बल से ऋभुगण दैत्य उत्पन्न कर दिये उनके प्रहारों से असंख्य शिवगण मारे गए शेष शिव जी के पास पहुँच गए।। 37।।

सम्बोध्य दक्षमभवत् सहसा नभोवाक्,
मा गर्वमावह विरञ्चिसुतप्रभावात्।
शम्भोर्विरोध इह दुष्कृतमेव कृत्यं,
पुत्रीं सतीमपि मदेन तिरश्चकार।। 38।।

तभी दक्ष को सम्बोधन कर आकाशवाणी हुई– अरे दक्ष ब्रह्मा के पुत्र होने के प्रभाव से गर्व मत करो। शिव के यज्ञ में विरोध में महान दुःसह कृत्य कार्य किया है। गर्व के कारण स्वपुत्री सती का भी तिरस्कार कर दिया।। 38।।

ज्ञानं दधीचिमुनिदत्तमुपेक्ष्य मूर्ख,
इष्टिः विना शिवमहो! विहिता त्वयैव।
पक्वं फलं विषमयं फलितं समक्षं,
प्राणान् हरिष्यति न कोऽपि सुरक्षितोऽद्य।।39।।

अरे मूर्ख, तूने दधीचि मुनि के द्वारा दिए ज्ञान की उपेक्षा कर यज्ञ प्रारम्भ कर दिया। अब यह विषपूर्ण फल पक गया, यह फल तुम्हारे प्राणों का हरण करेगा और सुरक्षित नहीं है।। 39।।

वाणीं श्रुत्वा विवशविकला विष्णुभृग्वादयश्च,
चिन्ताग्रस्ताः कुटिलचरितस्यास्य दक्षस्य कृत्यैः।
सत्या मृत्योः श्रवणविकलस्याद्य शम्भोः प्रकोपात्,
को वा रक्षेत् प्रखरदहनाद् दक्षदेवादिकांश्च।।40।।

आकाशवाणी को सुनकर विवश विकल विष्णु और भृगु मुनि दक्ष के कुटिल चरित्र से चिन्तित थे। सती के मरण की सूचना से विकल शिव के क्रोध की आग से दक्ष और देव आदि की कौन रक्षा कर सकें।। 40।।

यदि लोकहिते प्रचारितानां,
परमीर्ष्याविषवैरमिश्रितानाम्।
परिणाम उदारसत्क्रियाणां,
नहि कल्याणकरो भवेज्जनानाम्।। 41।।

यदि लोक हित में प्रचारित किए जाने वाले उदार और उत्तम कार्यों में ईर्ष्या विष और शत्रुता का भाव मिला हुआ हो तो उन कार्यों का परिणाम लोगों में कल्याणकारी नहीं होता है।। 41।।

इति सतीशङ्करे महाकाव्ये
सतीदेहत्यागो नाम त्रयोदशः सर्गः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्
चतुर्दशः सर्गः

आक्रोशरोषविकलाः क्षतविक्षताश्च,
दैत्यप्रहारहतशेषगणाः विपन्नाः।
देव्यात्मघातमपि दक्षकृतापमानात्,
कैलासमेत्य शिवमाहुरधर्मकृत्यम्।। 1।।

आक्रोश रोष से विकल क्षत विक्षत ऋभुदैत्यों के प्रहार से मरने से शेष बचे हुए विपत्तिग्रस्त शिव के गणों ने कैलास में आकर शिवजी से उस अधर्म कृत्य का वर्णन किया जिससे दक्ष के द्वारा किए अपमान के कारण सती ने आत्मघात कर लिया।। 1।।

शम्भुः क्रुधा मनसि नारदमस्मरत् सः,
यज्ञात् तदा सपदि शङ्करपाश्र्वमागात्।
सर्वं च दुर्वचनविद्धशिवापमानं,
सत्यात्मघातमपि दक्षकुकृत्यमाह।। 12।।

गणों की बात से शिव ने नारद का स्मरण किया, वे तत्काल यज्ञ से शिव के पास पहुँचे और दुर्वचनों से भरा शिव के अपमान से सती का प्राण त्याग जैसे दक्ष के कुकृत्य का वर्णन कर दिया।। 2।।

आकर्ण्य सत्यमतिशोकपरं कुकृत्यं,
दुर्बुद्धिदक्षकृतमात्मविनाशहेतोः।
उत्पाट्य रोषवशमेकजटां शिरस्तः-
आपातयच्च शिखरे स तडित्प्रभावाम्।। 3।।

दुर्बुद्धि दक्ष द्वारा अपने विनाश के लिए किए गए अत्यन्त शोक पूर्ण इस कुकृत्य को नारद से सुनकर शिव ने रोष में आकर अपने सिर की एक जटा को उखाड़ कर पर्वत शिखर पर पटका तो वह विद्युत की तरह प्रभावी हो गयी।। 3।।

प्रादुर्बभूव सहसा तु जटाप्रभावात्,
उद्दीप्तशौर्यबलविक्रमभीमदेवः।
तत्रैव भूतगणघोरपिशाचवृन्दाः,
काली करालवदनापि च संबभूवुः।। 4।।

उस जटा के प्रभाव से सहसा तेजस्वी शौर्य बल विक्रम भीम देव और भूतगण घोर पिशाच तथा कराल मुख वाली काली देवी भी उत्पन्न हो गयीं।। 4।।

सद्यः प्रणम्य शिवमाह स भीमरूप
आज्ञां प्रदेहि किमहं करवाणि नाथ!
किं शोषयामि लवणाम्बुनिधिं विशालं,
किं चूर्णयामि बहुशैलविशालश्रृङ्गान्।। 5।।

वह भीम रूप पुरुष तत्काल शिव को प्रणाम कर बोला– हे नाथ! आज्ञा दें मैं क्या करूँ, क्या लवण समुद्र को सुखा दूँ, क्या पर्वतों के विशाल चोटियों को चूर्ण कर दूँ।। 5।।

तीव्रं स्फुरत्यतुलदक्षिणबाहुरेष,
जेतुं न मां त्रिभुवनेऽपि च कोऽपि शक्तः।
आलोक्य तं तु लघुशैलसमानदेह-
मूचे शिवः सुविदितो भव वीरभद्रः।। 6।।

मेरी अतुल दक्षिण बाहु तेजी से फड़क रही है। त्रिभुवन में कोई मुझे जीत भी नहीं सकता है। लघु पर्वत समान उस भीम को देखकर शिव ने कहा– तुम वीरभद्र के नाम से प्रसिद्ध रहो।। 6।।

हे वीरभद्र! शिव आह विनाश्य यज्ञं,
सिंहो वने मृगवरुथमिव प्रविश्य।
तत्र स्थितान् विपुलशम्भुविरोधलिप्तान्,
सर्वानिमान् जहि कुरुष्व च यज्ञहव्यम्।। 7।।

शिव ने कहा– हे वीरभद्र! तुम (दक्ष के) यज्ञ का विनाश कर जैसे सिंह मृगों के समूह में उसी प्रकार यज्ञ मण्डप में प्रवेश कर यज्ञ में असंख्य शिव विरोधी कार्य में लिप्त सभी को मारकर उन्हें यज्ञ की आहुति बना दो।। 7।।

यः सन्मुखे यदि विरोधमुपक्रमेत,
विष्णुर्भवेत् सुरपतिर्ननु वज्रहस्तः।
दक्षं तथा परिजनैः सह तत्र गत्वा,
सर्वं विनाश्य कुरु नष्टमपूर्णयज्ञम्।। 8।।

जो सामने आये विरोध को तैयार हो, विष्णु हो या वज्र लिए निश्चय इन्द्र हो और दक्ष को परिजनों के साथ सबका विनाश कर अपूर्ण यज्ञ का भी नाश कर दो।। 8।।

पुष्टैः प्रचण्डबलविक्रमशालिसिंहै-
र्युक्तं विशालरथमुन्नतमुग्रघोषम्।
विद्युत्प्रभं निशितशूलमसौ निधाय,
नत्वाऽऽरुरोह शिवमुद्धतवीरभद्रः।। 9।।

पुष्ट प्रचण्ड बल और विक्रमशाली सिंहों से जुते हुए विशाल ऊँचे उग्र घोष करने वाले रथ पर बिजली की चमक जैसे शूल को लेकर वीरभद्र शिव को प्रणाम कर चढ़ा।। 9।।

सिहैर्युते सपदि भव्य रथाधिरुढ़े,
वेगेन गच्छति महाबलवीरभद्रे।
यज्ञस्थले तु नभसो विपदावहानि,
भूतानि तत्र बहुशोऽशकुनानि सद्यः।। 10।।

सिहों से युक्त शीघ्र रथ पर महाबली वीरभद्र के वेग से चलने पर यज्ञस्थल में आकाश से अनेक विपत्तियों के सूचक अपशकुन तत्काल होने लगे।। 10।।

दिग्दाहनं च नभसो रुधिराभिवर्षः।
गृध्राः पतन्ति च शिरस्यरुदन् शृगालाः।
भीत्याकुलः सपदि विष्णुमुपेत्य तत्र,
संरक्षणाय चरणेषु पपात दक्षः।। 11।।

दिग्दाह, आकाश से रुधिर वर्षा, सिर पर गिद्ध गिर रहे सियार रो रहे हैं। यह देख भय से व्याकुल दक्ष विष्णु के पास जाकर रक्षा के लिए चरणों पर गिर पड़ा।। 11।।

विष्णुस्तमाह शरणागतरक्षकोऽस्मि,

रक्षां तवाद्य च विधातुमहं यतिष्ये।

शम्भोः परं जगति वैरपरस्य कोऽपि,

कुत्रापि रक्षितुमसौ नहि शक्नुते वै।। 12।।

विष्णु ने उनसे कहा– मैं शरणागत का रक्षक हूँ। मैं तुम्हारी रक्षा का प्रयास करूँगा परन्तु शिव के वैरी की कोई रक्षा करने में समर्थ नहीं हो सकता।। 12।।

शम्भोर्विरोधमधिकृत्य कृतेऽत्र यज्ञे,

देवान् मुनीश्वरगणानपि मां निमन्त्र्य।

सर्वे त्वया विकटकालमुखे प्रदत्ताः,

सिंहो मृगानिव हनिष्यति वीरभद्रः।। 13।।

शिव के विरोध में किये गये इस यज्ञ में देवता मुनीश्वर और मुझे निमन्त्रित कर तुमने सबको काल के मुख में दे दिया है। सिंह मृगों की भाँति वीरभद्र सबको मार डालेगा।। 13।।

इन्द्रो हसन् विपदि विष्णुवचो निशम्य,

प्रोवाच दक्षमहमेव हि रक्षकस्ते।

वज्रप्रहारनिहते ननु वीरभद्रे,

यज्ञं प्रसन्नमनसा परिपूर्णयेस्त्वम्।। 14।।

विष्णु के वचन सुनकर इन्द्र ने हँसते हुए दक्ष से कहा– मैं हूँ निश्चय तुम्हारा रक्षक, वज्र के प्रहार से वीरभद्र के मारे जाने पर तुम प्रसन्नचित यज्ञ को पूर्ण कर लेना।। 14।।

सिंहैर्युतं सघनघर्घरघोषबद्ध-
मारुह्य सिंहरथमागतमुग्रदेवम्।
आलोक्य तत्र सुरसिद्धमुनीश्वराद्याः,
मृत्युं समीक्ष्य विकला अभवन् निरीहाः।। 15।।

सिंहों से खींचे जाते घने घर्घर घोष करने वाले सिंहरथ पर बैठकर आए हुए उग्र देव को देख कर देवता सिद्धगण मुनीश्वर समूह अपनी मृत्यु समझकर दीन व्याकुल हो गए।। 15।।

इन्द्रस्तदेव सुरपक्षगणैः सहैतान्,
आश्वास्य दक्षमगमन्नु योद्धुमादौ।
तं सन्मुखं सुरपतिं सहसा विलोक्य,
क्रोधाकुलः शितशरैः प्रजहार वीरः।। 16।।

तभी इन्द्र दक्ष को आश्वस्त कर देव और यक्षों को साथ ले युद्ध के लिए पहुँच गए। इन्द्र को सामने देख क्रोध से उस वीर ने तीक्ष्ण बाणों से प्रहार कर दिया।। 16।।

विद्धं शरैः स्वयमनेकसुरांश्च वीक्ष्य,
प्रोवाच तं गणपतिं प्रहसन् सुरेशः।
सोढा तव शरा मम वज्रमेतत्,
त्वां नेतुमद्य यमलोकमथोद्यतं मे।। 17।।

वीरभद्र के वाणों से स्वयं तथा अनेक देवों को आहत देखकर हँसते हुए इन्द्र ने गणपति से कहा– मैंने तुम्हारे बाण सह लिए हैं अब यह मेरा वज्र आज तुम्हें यम लोक भेजने को तैयार है।। 17।।

प्रोच्येति वज्रमतुलं सहसा प्रहर्तु-
मुद्यत्प्रभं सपदि वक्षसि संजहार।
साश्चर्यमद्य पतितं हृदि निष्फलं तत्,
वीक्ष्याशनिं सुरपतिस्तु पलायते स्म।। 18।।

यह कहकर इन्द्र ने अतुल शक्ति वज्र से जिसकी प्रभा उछल रही थी तत्काल छाती पर प्रहार कर दिया। वीरभद्र की छाती पर गिरा हुआ आज वज्र को आश्चर्य के साथ निष्फल देख सुरपति इन्द्र तो भाग गये।। 18।।

इन्द्रस्य शस्त्रमशनिं विफलं विलोक्य,
सर्वे प्रहारविकला सुरयक्षयूथाः।
युद्धात् पलाय्य समुपेत्य च विष्णुमाहुः,
संरक्ष नाथ शरणागतरक्षकोऽसि।। 19।।

इन्द्र के वज्र को विफल देखकर प्रहार से घायल देव यक्ष गण युद्ध से भागकर विष्णु के पास पहुँचकर बोले– नाथ रक्षा करे आप शरणागत रक्षक है।। 19।।

युद्धे स्थितं हरिमुवाच गणाधिपोऽसौ,
विष्णो! कथं शिवविरोधमुपागतोऽसि।
सद्योऽवदद्धरिरहं शिवसेवकोऽस्मि,
त्वत्सन्मुखेऽस्मि कुरु युद्धमहं विजेष्ये।। 20।।

युद्ध में खड़े विष्णु को देख गणधिपति ने कहा– हे विष्णु! आप क्यों शिव के विरोध में खड़े हो। विष्णु ने कहा– मैं शिव का सेवक हूँ, आप युद्ध करे मैं विजय प्राप्त करूँगा।। 20।।

मन्येऽहमत्र भगवन्! शिवसेवकोऽसि,
युद्धं त्वया सह न मे करणीयमास्ते।
यज्ञस्य चात्र हरिराह विधायकोऽस्मि,
कर्तव्यमस्ति मम रक्षणमेव तस्य।। 21।।

गण ने कहा– मैं मानता हूँ आप शिवसेवक हैं अतः आपके साथ मुझे युद्ध नहीं करना है। विष्णु बोले– मैं इस यज्ञ का कर्ता हूँ अतः इसकी रक्षा करना मेरा कर्तव्य ही है।। 21।।

भक्तः शिवस्य यदि रक्षति यज्ञमेतत्,
तद् युद्धमेव शरणं भव सावधानः।
सन्धाय तत्क्षण-शरासनमुग्रवीर्यः,
स प्राहरद युधि हरिं, निशितैः शराग्रैः।। 22।।

यदि शिव का भक्त इस यज्ञ की रक्षा करता है तो मेरे लिए युद्ध ही शरण है। आप सावधान हों, यह कह उग्रवीर्य ने तुरन्त धनुष चढ़ा पैने वाणों से युद्ध में विष्णु पर प्रहार कर दिया।। 22।।

युद्धे तयोस्तदनु घोरमभूत् प्रचण्डं,
तत्रेषुभिः प्रचुरशस्त्रबलैरवाच्यम्।
पक्षद्वये शिवगणाश्च सुरादयोऽपि,
वाणैर्हताश्च विपुलाः क्षतविक्षाताङ्गाः।। 23।।

इसके पश्चात् दोनों के मध्य घोर प्रचण्ड युद्ध वाणों तथा अनेक शस्त्रों द्वारा प्रारम्भ हुआ जो अवर्णनीय था। दोनों पक्षों के गण और देव मरे और क्षत विक्षत हो गए।। 23।।

वक्षःस्थले सपदि शूलकृतात् प्रहारात्,
मूर्च्छां गतो हरिरसौ क्षणमुत्थितोऽपि।
कोपान्निहन्तुमपि घातकवीरभद्रं,
चक्रप्रहारमकरोत् तरसा मुरारिः।। 24।।

वीरभद्र द्वारा वक्ष पर किए गए प्रहार से विष्णु मूर्च्छित होकर क्षण भर में उठ बैठे। क्रोध में आकर मुरारि विष्णु ने उसको मारने के लिए तेजी से चक्र का प्रहार कर दिया।।24।।

चक्रं जहौ नहि यदाङ्गुलिमेव विष्णोः,
शार्ग धनुः सशरमुद्यतमाशु चक्रे।
तच्चापि खण्डितमकारिगणाधिपेन,
मेनेऽप्यलौकिबलं भगवांस्तदानीम्।। 25।।

विष्णु की अंगुली को ही जब चक्र ने नहीं त्यागा तो उन्होंने अपना शार्ग धनु पर बाण चढ़ा दिया। पर उस गणाधिप ने धनुष को भी काट दिया। तभी विष्णु ने उसका बल अलौकिक मान लिया।।25।।

मत्वा शिवस्य विपुलं बलमस्य दत्तं,
ज्ञात्वाऽप्यजेयमपि सम्प्रति वीरभद्रम्।
शस्त्रं प्रहर्तुमनसोद्यत एव वीरे,
सद्यो बभूव समराद्धरिरप्यलक्ष्यः।। 26।।

वीरभद्र का बल शिव का दिया हुआ मानकर उसे इस समय अज़ेय जानकर वीरभद्र के द्वारा प्रहार के लिए उद्यत होते ही विष्णु अलक्षित हो गए।। 26।।

युद्धात् पलायितमवेक्ष्य हरिं विपन्ना-
देवाः पलायनपराः समराद् बभुवुः।
यज्ञस्थलं शिवगणैः सह वीरभद्रः,
सिंहो यथा मृगक्रुथमिव प्रविष्टः।।27।।

युद्ध से लुप्त हुए विष्णु को देख देवगण विकल हो युद्ध से भाग गये। तब वीरभद्र अपने गणों के साथ यज्ञ स्थल में मृग समूह में सिंह की भाँति प्रवेश कर गये।। 27।।

अन्विष्य गुप्तमपि दक्षमरिं सरोष-
मारुह्य वक्षसि शिरः शिवनिन्दकस्य।
उन्मूलयन् सपदि कन्धरतः प्रसह्य,
चिक्षेप यज्ञदहने ननु वीरभद्रः।। 28।।

छिपकर बैठे हुए शत्रु दक्ष को खोजकर क्रोध से उसकी छाती पर चढ़कर शिव निन्दक के सिर को हठ के साथ कन्धे से उखाड़कर वीरभद्र ने यज्ञ के कुण्ड में डाल कर भस्म कर दिया।।28।।

शिवस्य हास्यैरपहासकर्तुः,
भृगोः ऋषेः श्मश्रु लुलुञ्च सद्यः।
तथैव पूष्णः शिवसैनिकोऽसौ,
दन्तान् समुत्पाटितवान् प्रसह्य।। 29।।

हँसकर शिव का उपहास करने वाले भृगु की दाढ़ी नोच ली और इसी कारण उस शिव सैनिक ने पूषन् ऋषि का बलपूर्वक दाँत उखाड़ लिए।। 29।।

आक्रोशरोषाच्च समस्तयज्ञं,
चक्रुर्मलाद्यैरपवित्रकृत्यैः।
भ्रष्टं गणाः शम्भुविरोधिवर्गं,
पादप्रहारैरपि ताडयन्तः।। 30।।

आक्रोश और रोष में शम्भु के गणों ने शिव के विरोधियों को पादप्रहार से पीटते हुए मल आदि अपवित्र कृत्यों द्वारा समस्त यज्ञ भ्रष्ट कर दिया।। 30।।

ब्रह्मा स्वपुत्रस्य विनाशदुःखाद्-
यज्ञं परित्यज्य गतः स्वलोकम्।
देवाः कथञ्चित् क्षतविक्षताङ्गाः,
पलायमानाः स्वगृहानगच्छन्।। 31।।

ब्रह्मा अपने पुत्र दक्ष के विनाश से दुःखी हो यज्ञ छोड़कर अपने लोक को चले गए। देवता क्षत विक्षत अंग किसी प्रकार भागते हुए अपने गृहों को पहुँच गए।।31।।

यज्ञं च तत्र शिवनिन्दकदेववृन्दं,
ध्वस्तं चकार हरिमिन्द्रमुदग्रवज्रम्।
जित्वाऽऽहुतिं निहतदक्षशिरो विधाय,
यातो गणैः सह शिवं प्रति वीरभद्रः।।32।।

यज्ञ और शिवनिन्दक देव समूह को ध्वस्त कर तथा विष्णु और वज्र लिए उद्यत इन्द्र को जीतकर तथा दक्ष के सिर को कुण्ड में आहुति देकर वीरभद्र अपने गणों के साथ शिव के पास चला गया।।32।।

कैलासमेत्य शिवमाह जयाभियानं,
विष्णोः पराजयकथामथ दक्षनाशम्।
अन्तःप्रकोपशमनात् स्मितमादधानः,
तं वीरभद्रमकरोत् स गणाधिनाथम्।। 33।।

वीरभद्र ने कैलास आकर अपने विजय अभियान विष्णु की पराजय और दक्ष के विनाश की कथा शिव को कह सुनाई। हृदय का क्रोध शान्त होने पर मुस्कुराते हुए शिव ने वीरभद्र को गणों का अधिनाथ बना दिया।। 33।।

यदपि सुखद आसीत् दुर्जनानां विनाशः,
तदपि हृदयपीडां स्वप्रियाप्राणनाशात्।
शमयति नहि किञ्चित् क्वापि कस्यापि वृत्तं,
विगलति हृदि शान्तोऽप्येष योगी वियोगी।। 34।।

यद्यपि दुर्जनों का विनाश सुखद था, तथापि अपनी प्रिया के प्राणनाश से उत्पन्न हृदय की पीड़ा को कहीं कोई किसी का समाचार कुछ भी शान्त नहीं कर पाता है। शान्त बैठा हुआ भी यह योगी वियोगी अन्दर ही अन्दर गल रहा है।। 34।।

इति सतीशङ्करे महाकाव्ये
वीरभद्रकृतदक्षयज्ञविध्वंसो नाम चतुर्दशः सर्गः

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्
पञ्चदश:सर्ग:

कनखले खलदक्षनिमन्त्रिताः

सुरगणा अपि यज्ञमुपागताः।

परमलौकिकदैवविडम्बना,

समरयज्ञशरैः क्षतविक्षताः।। 1।।

कनखल में दुष्ट दक्ष द्वारा निमन्त्रित देवतागण भी यज्ञ में भाग लेने आए परन्तु दैव की अनौकिक विडम्बना हुई कि वहाँ वे समरयज्ञ में वाणों से घायल हो गए।। 9।।

विपदि भाग्यवशाद् गृहमागताः,

पुनरिमे खलु वर्णयितुं व्यथाम्।

सुरपतिं प्रविधाय गणाधिपं,

विधिसभां समवेतसुरा ययुः।। 2।।

उस विपत्ति में भाग्यवश देवगण अपने घर पहुँच गए। पुन: वे लोग अपनी पीड़ा बताने इन्द्र को अग्रणी बना ब्रह्मा की सभा पहुँचे।। 2।।

विधिमुपेत्य सुरेश उवाच तं,
विबुधनाथ! विलोकय विक्षतान्
कुरु तथा च यथा विगतक्षताः,
पुनरिमे तु भवन्तु नवा इव।। 3।।

ब्रह्मा के पास जाकर इन्द्र ने कहा हे सुरों के स्वामी! इन घायलों को देखिए और ऐसा कीजिए जिससे ये पुनः क्षतहीन होकर नवीन जैसे हो जाएं।।3।।

प्रियसुतस्य विनाशनपीडया,
शिथिलवृत्तिमपीन्द्रवचःप्रभा।
तनयशोकतमोवृतमानसे,
सपदि नूतनमार्गमदर्शयत्।। 4।।

प्रियपुत्र के विनाश की पीड़ा से शिथिल प्रवृत्ति वाले ब्रह्मा को पुत्र शोक के अन्धकार में डूबे मन में तत्काल इन्द्र के वचनरूपी प्रभा ने नवीन मार्ग दिखा दिया।। 4।।

विधिरुवाच वचस्तु समर्थये,
विपदि विष्णुगृहे गमनं शुभम्।
किमपि मार्गमसौ ननु मार्गयेद्,
यदि भवेत् स तु पीडितमानसः।। 5।।

ब्रह्मा ने कहा आपकी बात का समर्थन करता हूँ। इस विपत्ति में विष्णु के पास चलना शुभ है। वे कोई मार्ग अवश्य खोज देंगे। यदि उनके मन को आपकी पीड़ा ने प्रभावित किया।। 5।।

मृतसुतस्य पुनर्नवजीवनं,
प्रति निराशमनाश्च सुरैः सह।
विषमदुर्ग्रहयज्ञगलग्रहाद्,
विधिरगाद् विकलो हरिमन्दिरम्।। 6।।

मृत पुत्र दक्ष के पुनर्नव जीवन पाने के प्रति निराश मन होते हुए भी विषम दुष्ट यज्ञ रूपी ग्राह द्वारा गला पकड़े होने के कारण ब्रह्मा देवताओं के साथ बैकुण्ठ पहुँचे।। 6।।

हरिरुवाच विलोक्य सुरक्षतान्,
सकलदुर्व्यसनं शिवरोषतः।
अखिलविश्वलयं करणे क्षमो,
भवति तस्य मखेऽप्यवमानना।। 7।।

विष्णु ने देवताओं के घावों को देखकर कहा– यह सारी विपत्ति शिव के क्रोध के कारण है। जो सारे विश्व का प्रलय करने में समर्थ है उसका यज्ञ में भी अपमान (आपके पुत्र द्वारा) हुआ है।।7।।

जगति दुर्मददक्षकृतोद्धतं,
विकृतकर्म सुताप्यवमानिता।
भुवनवन्दितशम्भुमनः प्रिया,
ननु सती ललिता शिवभामिनी।। 8।।

इस जगत में दुर्मद दक्ष ने ऐसा उद्धत दुष्कर्म किया, अपनी ही पुत्री भुवन वन्दित शंकर की प्रिया पत्नी प्यारी भामिनी सती को भी अपमानित किया।। 8।।

सततदुर्व्यवहारवशादसौ,

सपदि तत्र, रुषाऽप्यदहत्तनुम्।

प्रबलकोपवशान्ननु शम्भुना,

विकटरुद्रबलेन विनाशितम्।। 9।।

निरन्तर दुर्व्यवहार से क्रोधित सती ने आत्मदाह कर लिया। परिणामस्वरूप प्रबल क्रोध से विकट रुद्र (वीरभद्र) द्वारा शिव ने विनाश करा दिया।। 9।।

यदि भवेत् करुणा सुलभा प्रभोः,

सपदि यान्तु सुरास्तु हिमाचलम्।

अहमितो गमनाय समुद्यतः,

चरणयोः पतनं शरणं गतिः।। 10।।

यदि प्रभु शिव की कृपा सुलभ हो पाए, निश्चय ही सभी देवता शीघ्र हिमालय पहुँचे। मैं यहाँ से साथ चलने को तैयार हूँ। उनके चरणों में पड़ना उनकी शरण ही मार्ग है।। 10।।

वृक्षमध्ये शिवस्तद्गणैरावृतो,

यत्र यक्षेश आसीत् कुवेरः स्थितः।

पंक्तिबद्धा सुरा विक्षताङ्गा अपि,

विष्णुना ब्रह्मणासार्धमेवागताः।। 11।।

(हिमालय कैलास पर) वृक्षों के बीच शिव अपने गणों से घिरे बैठे हैं उनके पास यक्षराज कुबेर भी हैं। वही सभी क्षतविक्षत देवता विष्णु एवं ब्रह्मा के साथ पहुँच गए।।11।।

हे प्रभो! त्राहि मां रक्ष मां पाहि माम्,
आर्तदीनाः सुरा नाथ! त्वत्सेवकाः।
निर्बला दुर्बला निःसहाया वयं,
निर्दयैराहता विक्षताङ्गा कृताः।। 12।।

हे प्रभो! मेरी रक्षा करो मुझे नाथ बचाएँ, हम अतिदीन देवगण आपके सेवक हैं। हम निर्बल दुर्बल और असहाय हैं। हमें निर्दयी लोगों ने मारकर अंगहीन घायल कर दिया है।। 12।।

हे शरण्यप्रभो! दीनबन्धो! भवान्,
रक्षको नैव कश्चित् त्वदन्यः क्वचित्।
पादयोस्ते रजो याचमाना वयं,
रक्षणीयाः प्रभो! दीनभावा वयम्।।13।।

हे शरण दाता प्रभु! हे दीन बन्धु! आप ही हैं आप के सिवा कहीं कोई हमारा रक्षक नहीं है। हम आपके चरणों की रज माँग रहे हैं। दीन दशाग्रस्त हैं आप हमारी रक्षा कीजिए नाथ।।13।।

प्रार्थयन्तः समं ब्रह्मणा विष्णुना,
तत्र बद्धा करा आशुतोषं शिवम्।
कर्तुमष्टाङ्गमेवं पुनर्दण्डवत्,
लम्बमाना निपेतुर्धरायां सुराः।।14।।

ब्रह्मा और विष्णु के साथ करबद्ध प्रार्थना करते हुए देवगण साष्टांग दण्डवत् करने के लिए लम्बे होकर भूमि पर लेट गए।।14।।

सुराणामिमां प्रार्थनां दीनभावैः,
समाकर्ण्य दृष्ट्वा दशां देवतानाम्।
शिवः प्राह विष्णुं किमर्थं सुदूर-
मगम्यं हिमागारमत्रगतोऽसि।।15।।

सुरे की दीन भाव भरी प्रार्थना सुनकर और उनकी दशा देखकर शिव विष्णु से पूछने लगे, आप किसलिए इतनी दूर अगम्य इस हिमगिरि के आगार मे पधारे हैं।। 15।।

समुत्थाय विष्णुः शिवं प्राह नीतिं,
प्रभो! सज्जनो वा भवेद् दुर्जनो यः।
कुकृत्यं स्वदुर्बुद्धियोगाद् विदध्यात्,
भवेद् माननीयैः सदा दण्डनीयः।।16।।

शिव के प्रश्न पर विष्णु ने नीति वाक्य कहा, प्रभो यह नीति है व्यक्ति सत्पुरुष हो या दुर्जन अपनी दुर्बुद्धि से यदि वह कुकृत्य करता है तो माननीय उसे दण्ड देते हैं।। 16।।

पदं प्राप्य गर्वोद्धतीभूय दक्षो,
विरोधेऽभवत् श्रीमतां वै दिवान्धः।
अनामन्त्र्य यज्ञे न भागं प्रदाय,
स्वपुत्रीं भवद्भामिनीं चावमेने।। 17।।

प्रजापति का पद पाकर गर्व से दुष्ट होकर दक्ष दिवान्ध हो आपका विरोधी हो गया। यज्ञ में आपको निमन्त्रित न कर आपका मान नहीं दिया और अपनी पुत्री आपकी प्रिय पत्नी को अपमानित किया।।17।।

फलं दुष्कृतनामवापाशु दक्षः,
गतास्तस्य यज्ञे सहायाश्च ते वै।
तथैवाभवन् दण्डिता नागयक्षाः,
सुरा ऋत्वजोऽप्यङ्गभङ्गैर्विपन्नाः।। 18।।

दक्ष ने तथा उसके यज्ञ में सहायक होने वालों ने शीघ्र ही उसका फल पा लिया। उसी प्रकार नाग यक्ष देवता होता गण दण्डित हुए अंग भंग से विपत्ति में पड़े हैं।। 18।।

परं नाथ लोके दयादृष्टिवन्तोऽ,
पराधे स्थितान् शत्रुपक्षे रतान् वा।
परं दुर्दशाग्रस्तदीनान् विपन्नान्,
क्षमन्ते सदा दण्डितान् मान्यवर्याः।। 19।।

परन्तु हे नाथ, लोक में दया दृष्टि वाले माननीय लोग अपराधी या शत्रु पक्षी के परन्तु दुर्दशाग्रस्त दीन दुखी दण्डित किये लोगों को क्षमा कर देते हैं।। 19।।

त्वया दण्डिता नाथ सर्वे कृताघा
विनाशं गतं यज्ञकर्माभियानम्।
अहं चापि याचे दयाधर्मदृष्टिं,
क्षमस्व प्रभो सर्वदेवान् महर्षीन्।।20।।

आपने नाथ! सभी पापियों को दण्डित किया है। यज्ञ का कार्य भी नष्ट हो गया। अब मैं भी आपकी दया धर्म दृष्टि से याचना करता हूँ। हे प्रभो सभी देव और ऋषियों को क्षमा कर दें।। 20।।

यथा दण्डिता श्मश्रुदन्तादिभंगात्,
क्षमस्व प्रभो! ब्रह्मपुत्रं विपन्नम्।
तवाज्ञा भवेत् यज्ञपूर्तिं करिष्ये,
स्वयं तत्र वै यज्ञभागं लभस्व।। 21।।

दाढ़ी और दांत तोड़कर पीड़ित ऋषियों को तथा ब्रह्म के पुत्र को भी क्षमा कर दें। आपकी आज्ञा हो तो हम यज्ञ पूरा करें। वहाँ आप स्वयं यज्ञ का भाग प्राप्त करें।। 21।।

इति प्रार्थयन्तः शिवं नम्रभावाः,
पुनः पादयोः पार्श्वमागत्य सर्वे।
नमस्कृत्य बद्ध्वा करौ तत्समक्षं,
वदेत् किं प्रतीक्षाकुलास्तस्थुरेवम्।। 22।।

शिव से नम्र भाव से प्रार्थना करते हुए वे सब शिव के चरणों के पास आकर हाथ जोड़ नमस्कार कर यह क्या कहेंगे इस प्रतीक्षा में व्याकुल खड़े हो गए।। 22।।

कृतं तत्र दक्षेण घोरापमानं,
सतीसन्मुखे याज्ञिकैश्चोपहासः।
शिवःप्राह तस्यास्ततश्चात्मघातः,
ममासीच्च कोपस्य वै कारणं तत्।। 23।।

शिव ने कहा, यज्ञ में सती के सामने दक्ष द्वारा घोर अपमान, यज्ञकर्ताओं द्वारा परिहास और तब सती का प्राण त्याग मेरे कोप का यह कारण था।।23।।

इमां प्रार्थनां देवतानां निशम्य,

तथा दुर्दशामङ्गभङ्गं विलोक्य।

प्रसीदन्निदानीमहं शान्तकोपो,

यथा प्रार्थितं तत् तथा स्वीकरोमि।। 24।।

देवताओं की इस प्रार्थना को सुनकर और उनकी दुर्दशा तथा अंग–भंग देखकर मेरा क्रोध शान्त है। प्रसन्न होता हुआ मैं जो जैसा मांगा है वह सब वैसा स्वीकार करता हूँ।। 24।।

यथा प्रार्थितं यज्ञमापूरयन्तु,

ऋषेः श्मश्रुदन्ता भृगोश्चापि पूष्णः।

भवेयुः सुराश्चापि भूयोऽक्षताङ्गाः,

नवं जीवनं प्राप्नुयात् तत्र दक्षः।। 25।।

जैसा आप लोगों ने माँगा है यज्ञ पूरा करे। ऋषि की दाढ़ी भृगु और पूषन् के दाँत तथा देवगणों के अंग पुनः सही अक्षत हो जाए तथा दक्ष को नव जीवन प्राप्त हो।। 25।।

शिवस्य प्रभावादृषीणां सुराणां

क्षताङ्गा अभूवन् यथा तत् तथैव।

पुनर्यज्ञकार्यं समारब्धुकामा-

हरिः शम्भुमामन्त्र्य सर्वे प्रयाताः।। 26।।

शिव के प्रभाव से ऋषि एवं देवताओं के घायल अंग पुनः यथावत् हो गए। यज्ञ का कार्य प्रारम्भ करने के लिए हरि शिव को निमन्त्रित कर देवों के साथ चले गए।। 26।।

प्रारब्धे पुनराशु तत्र ऋषिभिर्देवैश्च यज्ञे शुभे,
शम्भुस्तत्र निमन्त्रितः सह गणैः प्राप्तश्च सम्मानितः।
दक्षस्यापि शिरस्तदा बलिपशोर्नीत्वा शिरोऽजस्य वै,
युक्तं तत्र शिवेन जीवनमधात् सद्यो विरञ्चेः सुतः।। 27।।

पुनः ऋषियों द्वारा यज्ञ प्रारम्भ किए जाने पर शिव निमन्त्रित हो गणों के साथ पधारे और सम्मानित हुए। दक्ष का शिर एक बलिपशु बकरे के शिर को लाकर शिव के द्वारा जोड़ दिया गया तो ब्रह्मा के पुत्र ने तत्काल जीवन प्राप्त कर लिया।। 27।।

प्राणानवाप्य सहसा समुपाविशत् सः,
दक्षः प्रणम्य शिवसन्मुखवाचमूचे।
दुर्बुद्धिदुर्मदमिमं विहिताघमुग्रं,
हे नाथ पादपतितं ननु मां क्षमस्व।। 28।।

प्राणों को प्राप्त करते ही सहसा दक्ष उठकर बैठ गया और प्रणाम कर शिव के सामने वाणी बोला– हे नाथ दुर्बुद्धि दुर्मद और उग्रपापी आप के चरणों में पड़ा है इसे क्षमा कर दें।। 28।।

पापौघनिर्मितमिमं पतितं दुरन्तं,
पश्चात्तपन्तमपि मां नहि शान्तिमेति।
मां सेवकं चरणयोः कुरु विश्वनाथ!
नान्यत्र नाथ शरणं मम जीवनस्य।। 29।।

पाप समूह से बने हुए मुझ पतित दुःखद अन्त वाले पश्चात्ताप करते हुए भी कहीं शान्ति नहीं मिल रही है। मुझे अपना सेवक बना ले। हे विश्वनाथ! मुझे कहीं अन्यत्र शरण नहीं है।। 29।।

श्रुत्वा स्तुतिं दक्षकृतां महेश

उवाच तं वै श्रृणुयाद् मदुक्तिम्।

मा भूः पदं प्राप्य मदप्रमत्तः,

महेश्वरोऽहं परमेश्वरोऽपि।। 30।।

दक्ष की स्तुति सुनकर शिव ने कहा– दक्ष मेरी बात ध्यान से सुन, पद पाकर मतवाले मत हो जाओ। मैं महेश्वर हूँ और परमेश्वर भी हूँ।। 30।।

एकोऽहमेवास्मि त्रिदेवरूपः,

जन्म स्थितिं च प्रलयं करोमि।

स्याद् विष्णुभक्तः प्रणमेत् शिवं स,

भक्तः शिवस्यापि नमेत् स विष्णुम्।। 31।।

मैं एक तीन रूपों में विद्यमान हूँ। मैं ही जन्मपालन और प्रलय करता हूँ। अतः यदि विष्णुभक्त है वह शिव को नमन करें यदि शिव भक्त है तो विष्णु को भी प्रणाम करें। 31।।

विष्णुप्रियो यस्तु शिवावमानी,

शिवप्रियो विष्णुविरोधको यः।

उपासकौ द्वावपि धर्मशून्यौ,

पापावुभौ तौ नरकं प्रयातः।। 32।।

विष्णु का प्रिय जो शिव को अपमान करता है जो शिवभक्त है वह विष्णु का विरोधी है यह दोनों धर्म से शून्य है मरण के बाद दोनों नरक को प्राप्त होते हैं।। 32।।

सद्धर्मनीत्या कुरु लोककृत्यं,
सद्ज्ञानमन्तः समतां विधत्ते।
समत्वभावेन जनान् प्रपश्यन्,
प्रजापतिः सैव जनप्रियः स्यात्।। 33।।

सद्धर्म नीति से जनता के कार्य करिए। सद्ज्ञान हृदय में समता की भावना पैदा करता है। जो प्रजापति समता की भावना से जनता को देखता है वही जनप्रिय होता है।। 33।।

शिवोपदेशेन सुराः प्रसन्ना,
यज्ञं विधानेन विधाय पूर्णम्।
प्रदाय भागं च ततः शिवाय,
देवैस्तथान्यैरपि तद्गृहीतः।। 34।।

शिव के उपदेश से प्रसन्न देवों ने यज्ञ को विधि विधान से पूर्ण किया यज्ञ का भाग शिव को प्रदान कर शेष देवताओं ने अपना यज्ञ भाग प्राप्त किया।। 34।।

ब्रह्मा हरिर्देवगणाः स्वलोकं,
गताः शिवं हर्षभराः प्रणम्य।
यज्ञं प्रशस्तं सफलं विधाय,
कैलासमागात् सगणो महेशः।। 35।।

ब्रह्मा, विष्णु और देवगण शिव को प्रणाम कर प्रसन्न हो अपने लोक को चले गए। प्रशस्त यज्ञ को सफल बनाकर शिवजी गणों के साथ कैलास को पधार गए।। 35।।

इति श्रीसतीशङ्करमहाकाव्ये
शङ्करपरितोषो नाम पञ्चदशः सर्गः

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्

षोडशः सर्गः

दुर्दान्तदैवस्य जगत्प्रभुत्वं,

मन्ये वशेऽस्यैव समस्तविश्वम्।

अकिञ्चनं तन्नृपतिं विदध्यात्,

सिंहासनारूढ़नृपं विपन्नम्।। 1।।

भयंकर दैव का मानो, संसार में प्रभुत्व है, उसके वश में सारा संसार है। वह निर्धन को चाहे तो राजा बना दे और सिंहासन पर बैठे राजा को भिक्षुक कर दे।। 1।।

यज्ञान्निवृत्तो भगवान् शिवोऽपि,

कैलासगेहं पुनराजगाम।

सतीं विना शून्यगृहं विलोक्य,

तस्थौ निराशो विवशोऽसहायः।। 2।।

यज्ञ से लौटे भगवान शिव भी कैलास पर अपने गृह आ गए। घर को सती के बिना शून्य देखकर वे निराश विवश और असहाय से खड़े रह गए।। 2।।

स्मरत्यसौ तद् दिवसं यदा वै,
गन्तुं रुषा सा त्वनिमन्त्रितापि।
एकाकिनी दुर्दमनापमानं,
ज्ञातुं पितुर्गेहमथोद्यताऽभूत्।। ३।।

वे उस दिन को याद करने लगे जब क्रोध में आकर बिना निमन्त्रण के उस दुर्दमन अपमान को मालूम करने के लिए वे पिता के घर जाने को उद्यत हुई थीं।। 3।।

पूर्वं निषिध्यापि सतीप्रयासं,
पश्चाद् मया नैवकृतो विरोधः।
विचार्य सा मातृजनान् मिलित्वा,
शीघ्रं समायास्यति मत्समीपम्।। 4।।

पहले मैंने उसके जाने के प्रयास को रोककर भी पुनः विरोध, यह समझकर नहीं किया कि वे वहाँ माताजनों को मिलकर शीघ्र भली प्रकार लौट आएंगी।। 4।।

संभ्रान्तदेवर्षिसुरादिमध्ये,
प्रवञ्चितं वीक्ष्य महेश्वरं सा।
पितुः समक्षं स्व विधाय पक्षं,
घोरं प्रमाणैरकरोद् विरोधम्।। 5।।

वहाँ प्रतिष्ठित देवर्षि तथा देवगणों के मध्य महेश्वर को अपमानित किया देखकर पिता के सामने उन्होंने अपना प्रमाणों के साथ घोर विरोध प्रस्तुत किया।। 5।।

यज्ञेऽपमानं परिवीक्ष्य पत्युः,
प्राणा हुता देवि! कथं तदैव।
क्षणं प्रिये! नैव विचारितं यत्,
मज्जीवनं पङ्गु भवेद् विना त्वाम्।। 6।।

यज्ञ में पति का अपमान देखकर हे देवी प्रिये! उसी समय प्राण क्यों हवन कर दिए। एक क्षण भी नहीं सोचा कि तुम्हारे बिना मेरा जीवन असहाय हो जाएगा।। 6।।

त्वदात्मघाताद् विकलेन तत्र,
मया तु यज्ञस्य कृतो विनाशः।
दुर्वाक्यदक्षस्य नराधमस्य,
दक्षस्य मुण्डं हुतमग्निकुण्डे।। 7।।

तुम्हारे आत्मघात से व्याकुल मैंने वहाँ यज्ञ का विनाश कर दिया। दुर्वाक्य बोलने में चतुर उस अधम दक्ष का मुण्ड यज्ञ के अग्नि कुण्ड में हवन कर दिया।। 7।।

यस्त्वामवाप्तुं गिरिकन्दरातो,
निष्क्रम्य हित्वाप्यवधूतवेशम्।
सोऽहं वियोगी तव मोहपाशे,
बद्धोऽभवं स्नेहरसानुरागी।। 8।।

जो तुमको पाने के लिए गिरि कन्दरा से बाहर निकल अवधूत का वेश त्याग मैं योग रहित हो तुम्हारे मोहपाश में बँधा तुम्हारे प्रेम रस का अनुरागी बन गया था।। 8।।

तवात्मघाताद् विषवद् वियोगो,
ममाङ्गयष्टिं शिथिलीकरोति।
तदात्मशक्त्या किल धर्मकृत्यं,
कर्तुं प्रिये! नास्ति शिवः समर्थः।। 9।।

तुम्हारे आत्मघात से उत्पन्न वियोग विष के समान मेरे इस शरीर को शिथिल कर रहा है। प्रिये यह शिव अब निश्चय ही अपना धर्मकृत्य करने में समर्थ नहीं रहा।। 9।।

यज्ञे क्षमां तत्र हताहतानां,
विष्णुः स्वयं मां विनयन् ययाचे।
अन्तर्वियोगव्यथयाऽऽहतेन,
दत्तं मया जीवनमुद्धतेभ्यः।। 10।।

वहाँ यज्ञ में मृत और घायल लोगों को क्षमा करने की प्रार्थना स्वयं विष्णु ने मुझसे की। हृदय में वियोग की व्यथा से आहत मैंने उन उद्‌दण्डों को जीवन दान दे दिया।। 10।।

एकाकिनी पितृगृहं प्रयातुं,
सतुद्यता तां न तदा निषिद्ध्य।
भुङ्क्ते फलं तत्सविषं कृतागाः,
सहाश्रुभिस्त्वामपहाय सैषः।। 11।।

पिता के घर अकेले जाने को तैयार तुम्हें उस समय न रोककर यह मैं अपराधी उसी का विषैला फल तुम्हें खोकर भोग रहा हूँ।। 11।।

पितुर्गृहे चेदनिमन्त्रितापि,

पुत्री सदागन्तुमिह स्वतन्त्रा।

इति प्रबोध्यैव शुभे! मया त्वां,

तवात्मदाहेऽस्मि कृतापराधः।। 12।।

पिता के घर में अनिमन्त्रित भी पुत्री सदा जाने के लिए स्वतंत्र है। हे शुभे! ऐसा तुम्हें समझाकर ही मैं तुम्हारी मृत्यु का अपराधी बना हूँ।। 12।।

प्रलयङ्करशङ्करोऽप्यसौ,

विकलो निर्बलनिष्फलोऽभवत्।

शिवशक्तिरियं निरर्थका,

यदि सा रक्षितुमक्षमा प्रियाम्।। 13।।

प्रलयकारी यह शंकर कलाहीन, निर्बल, निष्फल हो गया शिव की यह शक्ति निरर्थक है जब वह मेरी प्रिया की रक्षा करने में अक्षम रही।। 13।।

स्मृतिमागतमेव तत्क्षणं,

वृषमारुह्य ममेक्षणं त्वया।

हृदये नु किमागतं तव,

यदिदं मेऽन्तिममेव दर्शनम्।। 14।।

मुझे वह क्षण स्मरण हो रहा है जब तुमने नन्दीगण पर सवार होकर मुझे देखा था। कहीं तुम्हारे हृदय में यह तो नहीं आ गया कि तुम्हें मेरा अन्तिम दर्शन ही हो रहा है।।14।।

मम भाग्यसरोवरे शुभं,
सरसं कञ्जमभूत् प्रफुल्लितम्।
विधिना करिणाऽरिणा रुषा,
सहसोन्मूल्य विमर्दितं भृशम्।। 15।।

मेरे भाग्य रूपी सरोवर में एक शुभ सरस कमल खिला था, दैव रूपी शत्रु हाथी ने उसे सहसा उखाड़ कर अत्यन्त कुचल दिया।।15।।

सतीवियोगाद् विलपन्तमार्तं,
शिवं विलोक्याशु पराम्बिका सा।
आकाशमध्ये सहसाऽवतीर्य,
संबोधयन्ती तमुवाच देवी।। 16।।

सती के वियोग से विलाप करते शिव को देख भगवती पराम्बा आकाश में सहसा अवतीर्ण होकर उन्हें सम्बोधित करती कहने लगी।। 16।।

शोकं न कुर्याद् भव शान्तचेताः,
साहं भविष्यामि पुनर्भवानी।
त्वं वै महाकाल लयंकरोऽसि,
मां विद्धि कालीं भवभामिनीं च।। 17।।

आप शोक न करें, शान्त चित्त हो जाइये। मैं वही हूँ और आपकी पुनः भवानी बनूँगी। निश्चय ही आप प्रलयकारी महाकाल हो और मुझे अपनी भवानी काली समझो।।17।।

सतीशरीरं यदि द्रष्टुकामः,

सुरक्षितं प्राप्स्यसि यज्ञपार्श्वे।

तत् प्राप्य शीर्षे च निधाय प्रेम्णा,

नृत्यन् धरायां भ्रमतात् समन्तात्।।18।।

सती के शरीर को यदि देखना चाहते हो तो वह यज्ञस्थल के पास सुरक्षित मिलेगा। उसको प्राप्त कर सिर पर रख प्रेम से पृथ्वी पर चारों ओर नृत्य करते हुए भ्रमण करें।। 18।।

अंगानि तस्याः समयेन भूमौ,

यदा पतिष्यन्ति च यत्र तत्र।

तदैव तानि प्रभवन्ति देव्या,

वै शक्तिपीठानि जगद् हितार्थम्।।19।।

उस शरीर के अंग समय से जब भूमि पर यत्र तत्र गिरेंगे उसी समय वे संसार के कल्याणार्थ भगवती के शक्तिपीठ बन जाएंगे।। 19।।

शिवं समाश्वास्य ततः परामबाऽ,

प्यन्तर्हिताभूत् तु शिवोऽपि सद्यः

सतीशरीरं परिलब्धुकामो,

यज्ञस्थलं गन्तुमना बभूव।।20।।

शिव को आश्वासन प्रदान कर पराम्बा भी अन्तर्धान हो गयी। तो शिव भी तत्काल सती के शरीर को पाने की कामना से यज्ञस्थल की ओर जाने को तैयार हो गए।।20।।

यज्ञस्थलं पुनरुपेत्य शिवो ददर्श,
सत्याः शरीरममलं ननु दिव्यरूपम्।
गत्वा समीपमुरसा सहसा निवेश्य,
ह्यालिङ्ग्य तामवशमश्रुमुखो रुरोद।। 21।।

पुनः यज्ञस्थल पहुँचकर शिव ने सती के निर्मल दिव्यरूप शरीर को देखा। सहसा उसका हृदय से आलिंगन कर आसुओं से भरे मुख से वे रोने लगे।।21।।

उन्मील्य मत्प्रियतमे! नव कञ्जनेत्रं,
त्वं पश्य मां विरहवह्नितले तपन्तम्।
शून्यं गृहं सपदि तक्षति मेऽन्तरालं,
दुर्दैवदृष्टिदलितं नहि पश्यसि त्वम्।। 22।।

अरे मेरी प्रियतमे नव कमल नेत्र खोलकर तुम्हारे वियोग की आग में तप रहे मुझे देखो। अपना शून्य गृह अन्दर जाते ही मेरा हृदय चीरने लगता है। दुर्दैव की दृष्टि से मारे हुए मुझे तुम देख नहीं रही हो।।22।।

मन्ये त्वया सह गतो नहि तत्र यज्ञे,
तेनैव मां प्रति रुषा हृदये मदीये।
वज्रं प्रहर्तुमनसा विहितस्त्वया वै,
हा हा! प्रिये! कथमहो कृत आत्मघातः।। 23।।

लगता है, मैं तुम्हारे साथ यज्ञ में नहीं गया अतः मेरे प्रति क्रोध कर मेरे हृदय पर वज्र का प्रहार करने वाली यह आत्मघात हाय प्रिये यह क्यों कर डाला।। 23।।

पश्याहमेव सिरसा सततं वहंस्त्वां,
हर्षातिरेकसरिति प्रवहन् नितान्तम्।
क्रीडन् त्वया सह समस्तधरातलेऽस्मिन्,
नृत्यन् पुनः प्रियतमां मुदितां विधास्ये।। 24।।

देखो, यह मैं तुम्हें अपने सिर पर लगातार धारण किए अत्यन्त हर्ष की नदी के प्रवाह में बहता हुआ तुम्हारे साथ निरन्तर क्रीड़ा करता हुआ इस भूमण्डल में नाचता हुआ पुनः प्रियतमा को प्रसन्न करूँगा।।24।।

शीर्षे निधाय च पुनः स सतीशरीरं,
वक्षःस्थले क्वचिदसौ स्वकरेऽपि लग्नम्।
क्रोडं नयन् प्रियतमां मनसा प्रसन्नो,
नृत्यन् समस्तभुवनं व्यचरद् महेशः।।25।।

पुनः सती के शरीर को सिर पर रखकर फिर कहीं छाती से लगा के कहीं अपने हाथों में लिये, प्रियतमा को कहीं गोद में लिए हुए मन से प्रसन्न महेश नृत्य करते हुए समस्त भुवन में विचरने लगे।। 25।।

शीर्षस्थितेऽपि च शिवस्तु सतीशरीरे,
सानन्दमुद्यतपदैर्गतिमादधानः।
मेरुं धरामपि नदीवनसिन्धुशैलान्,
विक्षोभयन् सततमुद्धतमाननर्त।।26।।

सिर पर सती शरीर को रखे होने पर भी भगवान शिव आनन्द के साथ उठे हुए पैरों से गति धारण किए हुए सुमेरु पर्वत पृथ्वी नदी वन समुद्र एवं समस्त पहाड़ों को क्षुब्ध करते हुए निरन्तर सभी ओर उद्धत नृत्य कर रहे थे।। 26।।

चन्द्रादित्यग्रहगतिरभूत् कम्पमानान्तरिक्षे,
पादाघाताद् विचलधरणी शेषनागे विपन्नः।
स्वर्गे देवा विकलमनसा चिन्तयन्ति प्रकामं,
किं वा कर्तुं प्रलयमुदितः शङ्करोऽसौ वियोगे।। 27।।

चन्द्र सूर्य और ग्रहों की गति अन्तरिक्ष में प्रकम्पित हो रही है। नृत्य में पैर के आघात से पृथ्वी विचलित है, शेषनाग विपत्ति में हैं। इस दशा में स्वर्ग में बैठे देवगण व्याकुल मन से अधिक चिन्तित हो रहे हैं कि सती के वियोग में शंकर क्या प्रलय करने के लिए निकले हैं।। 27।।

नृत्यत्पादैः प्रबलगतिभिः कम्पते देवलोकः,
चीत्कुर्वन्तो विकलसकला दिग्गजाः कच्छपोऽपि।
हाहाकारः प्रतिदिशमभूत् सर्वनाशं समीक्ष्य,
देवैः सार्धं विधिरपि ययौ विष्णुलोकं तदानीम्।। 28।।

प्रबल गति वाले नाचते हुए शिव के चरणों से देवलोक काँप रहा है। चिल्लाते हुए दिग्गज, शेषनाग, नीचे धरती धरे, कच्छप भी चीख रहे हैं। सर्वनाश का विचार कर हर ओर हाहाकार मचा है, अतः देवों के साथ ब्रह्मा विष्णु लोक पहुँचे है।। 28।।

यदि हिंसकदुर्जनैर्नितान्त-
मपमानं क्रियतेऽबलाजनानाम्।
दुरतिक्रमदुर्दिनैरुपेता,
पतनं यास्यति लोकसंस्कृति वै।। 29।।

यदि हिंसक दुर्जन लोग निरन्तर महिलाओं का अपमान करते हैं जिन्हें कोई रोक नहीं सकता ऐसे दुर्दिनों से परिपूर्ण लोक संस्कृति अर्थात् समाज के संस्कार निश्चित रूप से पतन की ओर चले जाएंगे।। 29।।

इति श्रीमतीशङ्करे महाकाव्ये

दिवगतसतीकृते शंकरविलापो नाम षोडशः सर्गः।

अथ सतीशंकरम् महाकाव्यम्
सप्तदशःसर्गः

विष्णुः स्वयं व्यग्रमना स्वगेहे,
विरञ्चिमालोक्य रुषा जगाद।
सर्वं विधे! त्वत्तनयस्य कृत्यं,
भुङ्क्ते फलं तस्य समस्त विश्वम्।। 1।

अपने घर में बैठे विष्णु स्वयं बेचैन थे, ब्रह्मा को देख रोष में बोले ब्रह्मा जी यह सब आपके पुत्र का कृत्य है जिसका फल सारा विश्व भोग रहा है।। 1।।

भुक्तं फलं तेन तु दुष्कृतस्य,
विस्मृत्य तन्नाथ! विचार्यमेतत्।
केन प्रयोगेन शिवस्य नृत्यं,
शीघ्रं भवेत् शान्तमुवाच वेधाः।। 2।।

ब्रह्मा ने कहा– हे नाथ, उस दुष्कृत्य का फल तो पुत्र ने भोग लिया। अतः उसे भूलकर यह सोचना है कि किस प्रयोग से शिव का नृत्य शान्त हो जाए।। 2।।

यथा पराम्बाशिवमाह पूर्व-
मङ्गानि सत्याः समयेन विद्धि।
भूमौ पतिष्यन्ति च यत्र तत्र,
तच्छक्तिपीठानि भवेयुरेवम्।। 3।।

जैसा कि पराम्बा पूर्व ही शिव से कह चुकी हैं कि सती के अंग समय से पृथ्वी पर जहाँ गिरेंगे वही शक्तिपीठ हो जाएंगे।। 3।।

शिवात् प्रगोप्यैव सुदर्शनेन,
शनैः शनैरङ्गनिकृन्तनेन।
लुप्ते शरीरे तु विरम्य नृत्यात्,
शान्तः स्वयं स्यादपि शङ्करोऽसौ।। 4।।

शिव से छिपाकर सुदर्शन चक्र से धीरे–धीरे अंगों के काटने से सती का शरीर लुप्त हो जाने पर नृत्य से रुक शंकर शायद शान्त भी हो जाएँ।। 4।।

मा गा विधे! भीतिमहं करिष्ये,
तथा यथा प्राह शिवं पराम्बा।
चक्रेण प्राप्यावसरं समन्तात्,
शीघ्रं छुरिष्यामि सतीशरीरम्।। 5।।

विष्णु ने कहा– ब्रह्मा आप भयभीत न हो मैं शीघ्र ही वहीं करूँगा, जो परम्बा ने शिव से कहा था। अवसर पाकर चक्र से काटकर चारों ओर सती का शरीर बिखेर दूँगा।। 5।।

तद्विष्णुचक्रेण सतीशरीरं,

छिन्नं समन्तात् पतितं धरायाम्।

आनन्दमग्नस्तु शिवोऽपि नृत्यन्,

ज्ञातुं न शेके चरितं मुरारेः।।6।।

तब विष्णु चक्र के द्वारा सती शरीर कटकर भूमि पर इधर–उधर बिखर गया। आनन्दमग्न नृत्य करते हुए शिव भी मुरारि का यह चरित्र नहीं जान पाए।। 6।।

नृत्यन् शिवो भारविहीनशीर्षं,

समीक्ष्य सम्यक् सहसा विरम्य।

अहो! सती कुत्र गता चतुर्दिग्,

विस्मृत्य नृत्यं विकलोऽप्यपश्यत्।। 7।।

नाचते हुए शिव अपना सिर भार रहित अनुभव करते हुए एकाएक रुककर अरे! सती कहाँ गई यह कहकर नृत्य भूलकर व्याकुल हो चारों ओर देखने लगे।। 7।।

तं व्यग्रभावेन समीक्षमाणं

विलोक्य देवा मनसा भयार्ताः।

लुप्तां सतीं वीक्ष्य किमेष भूयः,

क्रूद्धो न कुर्यात् प्रलयं पुरारिः।। 8।।

उन्हें व्यग्र भाव से सती के शरीर की जाँच करते हुए देखकर देवता मन से भयाकुल हो गये कि क्रोधित होकर पुरारि पुनः कहीं प्रलय न कर दें।।8।।

विलोक्य विष्णुः शिवमुग्रवेश-
मन्वेषयन्तं च सतीशरीरम्।
पार्श्वे स्थितं नारदमाह शीघ्रं,
विधेहि शान्तं मुनिवर्य! शम्भुम्।। 9।।

शिव को उग्र वेश में सती को खोजते हुए देखकर विष्णु ने पड़ोस में खड़े नारद से कहा हे मुनिवर! आप शीघ्र शिव का क्रोध शान्त करें।। 9।।

विष्णोर्निर्देशेन गतं समीपं,
बद्धाञ्जलिं मौनमुपस्थितं तम्।
विलोक्य पप्रच्छ शिवो महर्षे!
ब्रूहि प्रभो! कुत्र गता सती मे।। 10।।

विष्णु के संकेत से समीप पहुँचे हुए अंजलि बाँधे मौन खड़े नारद को देख शिव ने पूछा– हे महर्षि मेरी सती कहाँ गयी।। 10।।

सा दिव्यशक्तिस्तव भामिनी वै,
क्व सा परित्यज्य गमिष्यति त्वाम्।
दृष्टा त्वयाऽऽकाशतले भ्रमन्ती,
कालेन भूयो भविता प्रिया ते।। 11।

नारद ने कहा– वे निश्चय ही दिव्यशक्ति आप की भामिनी हैं। आपको त्यागकर कहाँ जा सकती हैं। आपने उन्हें आकाश में भ्रमण करते देखा है। समय आने पर वे पुनः आपकी प्रिया आपके पास होगी।। 11।।

देव्या यथोक्तं तु सतीशरीरं,

खण्डैर्विभक्तं पतितं शिरस्तः।

अंगानि यत्रैव निपेतुरुर्व्यां,

तच्छक्तिपीठान्यभवन् समन्तात्।। 12।।

भगवती पराम्बा देवी ने जैसा कहा था, सती का शरीर खण्डों में बँटकर शिर से गिर गया है। उनके अंग पृथ्वी पर जहाँ–जहाँ गिरे वहीं सर्वत्र वे शक्तिपीठ बन गए हैं।।12।।

नृत्यन् प्रभो! पादतलप्रहारैः,

प्रकम्पिता भूग्रहचन्द्रताराः।

अकाल एव प्रलयं गमिष्यत्,

समस्तविश्वं परिपश्य देव!।। 13।।

हे प्रभो! आप नृत्य करते हुए जो पाद प्रहार करते थे, उससे पृथ्वी ग्रह चन्द्र और तारागण प्रकम्पित हो गए। हे महादेव! आप देखें सारा विश्व अकाल में ही प्रलय की ओर जाने को तैयार है।। 13।।

सतीशरीरं शिरसा निधाय,

नृत्यन् प्रसन्नो विरहातुरोऽपि।

ज्ञातुं न शेके यदभूद् धरायां,

शान्तोऽस्म्यहं सर्वमिदं शुभं स्यात्।। 14।।

शिव ने कहा– सती के शरीर को शिर से धारण किए प्रसन्न हो नृत्य करते हुए मुझे पता ही नहीं चला कि भूमण्डल में क्या हो गया? मैं अब शान्त हूँ अब यह सब शुभ ही होवे।। 14।।

सतीशरीरस्य च योनिपातो,
यदाऽभवत् पावनकामरूपे।
श्रेष्ठं च मुख्यं भुवि शक्तिपीठं,
भूतं सुविख्यातमुवाच योगी।। 15।।

योगी नारद ने कहा– सती के शरीर के अंग योनि का जब कामरूप में पतन हुआ तभी वह पृथ्वी पर श्रेष्ठ मुख्य और विख्यात शक्तिपीठ हो गया है।। 15।।

समाधिमाधाय च तत्र गत्वा,
प्रोचे यथाम्बा शुचि शक्तिपीठे।
तपस्यया प्राप्स्यसि स्वप्रियां त्वं,
तां पार्वतीं रूपवतीं सतीं वै। 16।।

वहाँ जाकर पवित्र शक्तिपीठ पर समाधि लगा तपस्या करके आप अपनी प्रिया सती को पार्वती के रूप में पायेंगे, जैसा पराम्बा ने कहा था।।16।।

निशम्य देवर्षिवचः प्रसीदन्,
शिवस्तदा शान्तमना जगाद।
सतीप्रियाङ्गेन विनिर्मितं वै,
तत् सिद्धपीठं परमं प्रियं मे।।17।।

देवर्षि के वचन सुन प्रसन्न शिव शान्त हो बोले सती के प्रिय अंग से निर्मित वह सिद्धपीठ मुझे परम प्रिय है।। 17।।

समाधिमाधाय च तत्र पुण्ये,
महापवित्रे प्रियशक्तिपीठे।
तप्तुं तपः सत्वरमुद्यतोऽस्मि,
यतः प्रसीदेदपि सा सती माम्।। 18।।

उस पुण्य महापवित्र प्रिय शक्तिपीठ पर समाधि लगाकर तप करने के लिए मैं तत्काल उद्यत हो गया हूँ। इससे वे सती भी मुझ पर प्रसन्न हो जाएगी।। 18।।

विधाय शान्तं भुवनं महेश्वरो,
मुनीश्वरेणापि ततोऽभिनन्दितः।
स कामरूपं प्रययौ तपस्यया,
प्रियां मनोज्ञां हृदयेन चिन्तयन्।। 19।।

समस्त विश्व को शान्ति प्रदान कर तथा मुनीश्वर नारद द्वारा भी अभिनन्दित होकर महेश्वर शिव अपने हृदय में मनोज्ञ प्रिया का चिन्तन करते हुए तपस्या हेतु कामरूप को प्रस्थान कर गये।। 19।।

इति गतवति सद्यः शङ्करे कामरूपं,
मुनिरपि पुनरागाद् विष्णुपार्श्वं प्रसन्नः।
चरितमपि शिवस्याख्याय नृत्यावसानं,
गमनमपि तदीयं वै तपस्यार्थमूचे।।20।।

इस प्रकार तत्काल शिव जी के कामरूप चले जाने पर मुनि नारद भी प्रसन्न हो पुनः विष्णु के पास पहुँच गए। उनसे नारद ने शिव से हुई बातचीत का चरित्र और तभी नृत्य का परित्याग तथा तपस्या के लिए उनकी यात्रा पर जाना भी कह सुनाया।। 20।।

निशम्य विष्णुर्विधिमाह जीवितं,
समस्तमेतद् भुवनं सुरक्षितम्।
विरम्य नृत्यादनुकम्पितं जगत्,
शिवेन तुष्टेन महर्षिवार्तया।।21।।

नारद की बात सुनकर विष्णु ने ब्रह्मा से कहा– समस्त भुवन को जीवन मिल गया। यह अब सुरक्षित है। महर्षि नारद की वार्ता से सन्तुष्ट शिव ने नृत्य समाप्त कर जगत् पर महती कृपा की है।। 21।।

पृष्टे शिवेन तु सती क्व गता महर्षिः,
प्रोचे तदेव यदुवाच शिवं पराम्बा।
सा खण्डशो भुवितले पतिता समन्तात्,
तत्रैव खण्डमभवत् शुचि शक्तिपीठम्।। 22।।

शिव द्वारा सती कहाँ गई पूछने पर महर्षि ने वही कह दिया जो पराम्बा ने शिव से कहा था कि सती खण्डों में बिखर कर चारों ओर भूमि तल पर गिर गई वहीं पर प्रत्येक खण्ड पवित्र शक्तिपीठ हो गया।।22।।

अस्मारयत् सपदि तं ननु कामरूपे,
योनिः पपात तदभूच्छुचि शक्तिपीठम्।
तत्र त्वया नियमतस्तु तपो विधेयं,
भूयस्तदैव लभतां हिमवद्गृहे ताम्।। 23।।

नारद ने उन्हें स्मरण कराया कि निश्चित रूप से कामरूप में सती की योनि का पतन हुआ हैं वह तत्काल पवित्र शक्तिपीठ बन गया। वहाँ आपको नियमबद्ध तप करना है ताकि आप हिमाचल के गृह में पुनः अपनी प्रिया को पा लेवे।। 23।।

सत्यं दृष्ट्वा सकलमपि तद् यद् यदूचे पराम्बा
तेनाश्वस्तः पुनरपि सतीं प्राप्तुमाशन्वितोऽसौ।
भूयोभूयः पुलकिततनुर्योनिपातेन तत्र,
तां वै प्राप्तुं प्रबलतपसोऽगाच्छिवः कामरूपम्।। 24।।

उन सब कृत्यों को सत्य होते देख जो–जो परम्बा ने कहे थे, उससे आश्वस्त होते हुए पुनः सती की प्राप्ति की आशा होने लगी। वहाँ योनि के पतन को जानकर बार–बार रोमांचित शिव उन्हें प्राप्त करने का निश्चय कर प्रबल तप करने के लिए कामरूप को चले गए।। 24।।

गते शिवे शान्तिमवाप्य विष्णु-
र्हृदि प्रसन्नो गतवान् स्वगेहम्।
सुरान् समाश्वस्य सहैव तैश्च,
ययौ विधाताऽपि च देवलोकम्।। 25।।

शिव के चले जाने की सूचना के पश्चात् हृदय में प्रसन्न विष्णु अपने आवास को चले गए। देवताओं को आश्वासन देकर ब्रह्मा भी उन्हीं के साथ देवलोक को पधारे।। 25।।

सतीवराङ्गेन विनिर्मितं तत्,
प्रेत्याभिपश्यन् शुभशक्तिपीठम्।
स्मरन् प्रियां चञ्चलचारुनेत्रां,
बभूव सद्योऽश्रुमुखो महेशः।। 26।।

वहाँ जाकर सती की योनि से निर्मित इस शुभ शक्तिपीठ को देखते हुए अपनी चंचल नेत्र वाली प्रिया को याद करते हुए शिव जी का एकाएक मुख आँसुओं से भर गया।। 26।।

तत् कामरूपस्थितशक्तिपीठे,
तेपे तपो घोरतरं महेशः।
प्रचण्डतापेन च यस्य देवाः,
चकम्पिरे स्वर्गतले भयार्ताः।। 27।।

कामरूप स्थित उस शक्ति पीठ पर शिव ने घोर तप कर दिया। जिसके ताप से स्वर्ग में भय से व्याकुल देवता कांपने लगे।। 27।।

तपः प्रभावाद् विकलां त्रिलोकीं,
समीक्ष्य देवी जगदम्बिकापि।
विचिन्तयन्ती पुनरन्तरिक्षे,
गत्वा तपस्यास्थलमाविरासीत्।।28।।

भगवती जगदम्बा परामबा त्रिलोकी को तप के प्रभाव से विकल समझकर विचार करती हुई पुनः तप के स्थान पर जाकर आकाश में प्रकट हो गई।। 28।।

विलोक्य शम्भुं निरते समाधौ,
सा प्राह मां ब्रूहि तपः किमर्थम्।
यदा मयोक्तं हिमवद्गृहे सा,
भूत्वा सुता त्वां परिणेष्यतीति।।29।।

शिव को समाधि में निरत देखकर देवी ने कहा— मुझे बताओ तुम्हारा यह तप किसलिए है जब मैंने पहले ही कह दिया था कि सती हिमवान के घर जन्म ले उनकी पुत्री बन आपसे विवाह करेंगी।।29।।

सा दिव्यवाक् तच्छ्रवणे पतन्ती,
बद्धं समाधिं सहसा बभञ्ज।
उन्मील्य नेत्रे विकलो ददर्श,
प्रत्यक्षभूतां गगने पराम्बाम्।। 30।।

उस दिव्य वाणी ने शिव के कान में पड़ते ही उनकी लगी समाधि को भंग कर दिया। तब विकल हो आँख खोली तो आकाश में प्रत्यक्ष पराम्बा को देखा।।30।।

शिवोऽवदत् स्नेहमयी समर्पिता,
पतिप्रिया सद्गृहिणी सुभाषिणी।
सती यथासीत् सरसाऽतिशोभना,
भवेत्पुनर्जन्मनि सापि तादृशी।।31।।

शिव ने कहा– मेरी प्रिया सती स्नेहमयी समर्पण भाव वाली पति की प्रिय सद्गृहिणी मधुर वाणी बोलने वाली सरस तथा अत्यन्त सुन्दर थीं। अतः नवीन जन्म में भी वह वैसे ही गुणों से सम्पन्न हो। यही मेरे तप का हेतु है। 31।।

अहं तवाधीननिवासिनी सदा,
प्रियाऽनुरागेण रसप्रवाहिणी।
सतीस्वरूपे गृहिणी मनोरमा,
तथा भविष्यामि पुनश्च पार्वती।। 32।।

पराम्बा ने कहा– मैं सदा आपकी अर्धांगिनी रही हूँ। आपकी प्रिय अनुराग में रस प्रवाह करने वाली हूँ। सती के रूप में मैं मन को रमण कराने वाली गृहिणी रही हूँ। अब पुनः पार्वती के रूप में भी वैसी ही रहूँगी।। 32।।

आश्वास्य शङ्करमसौ गमने पराम्बा,
सान्तर्हितापुनरगात् सुरलोकशान्त्यै।
विश्वासपूर्णमनसाऽपि जगद्धिताय,
योगी समाधिमगमच्च शिवः प्रसन्नः।। 33।।

देवलोक की शान्ति के लिए आकाश में ही शिव को आश्वासन देकर पुनः अन्तर्धान हो गयी। शिव पूर्ण विश्वास हो प्रसन्न मन जगत के हित के लिए योगी रूप पुनः समाधि लगा गए।। 33।।

गते काले भूत्वा हिमगिरिसुताऽजायत सती,
तपस्तप्त्वा भूयः परिणयविधौ प्राप्य च शिवम्।
गणेशं च स्कन्दं जगति विदितौ दिव्यतनयौ,
प्रसन्ना सौभाग्यं सुखदमपि भुङ्क्ते भगवती।। 34।।

समय बीतने पर सती हिमांचल पुत्री हो सती ने जन्म लिया। वहाँ पुनः तप करके विवाह विधि से शिव को प्राप्त किया। उनके स्कन्द और गणेश दिव्य संसार प्रसिद्ध पुत्र हुए। इस प्रकार भगवती सुखद सौभाग्य का प्रसन्न उपभोग कर रही है।। 34।।

कैलासमेत्य गिरिरम्यसरोवरेषु,
मन्दानिलैः सह सुपुष्पितकाननेषु।
मन्दारवृक्षवनकुञ्जलतागृहेषु,
रेमे शिवो गिरिजया सह शोभनेषु।। 35।।

कैलास पर आकर शिव जी पर्वत के रमणीय सरोवरों में मन्द वायु के साथ पुष्पित वनों में, मन्दार वृक्षों के वन में कुंज और सुन्दर लता गृहों में गिरिजा पार्वती के साथ रमण कर रहे थे।। 35।।

वसन् कैलासेऽसौ परिजनगणैः सार्धमनिशं,
क्वचिद् भोगी योगी विहरति जगत्यां गिरिजया।
शरण्यो भक्तानां विपदि भयहारी पशुपतिः,
शिवो पत्नीपुत्रैः सह भवतु सौभाग्यवरदः।। 36।।

अपने परिजन एवं गणों के साथ सदा कैलास वास करने वाले कभी भोगी कभी योगी पार्वती के साथ जगत में जो विहार करते हैं जो भक्तों के शरणदाता और विपत्ति में भयहारी भगवान पशुपति शिव पत्नी पार्वती और पुत्र गणेश एवं कार्तिकेय के साथ सौभाग्य सुख का वरदान प्रदान करें।। 36।।

सतीशरीराङ्गनिपातनेन,
पञ्चाशदेकोत्तरमङ्किकतानि।
भूमौ पवित्राणि बभूवुरत्र,
तत्सिद्धपीठानि समर्चितानि।। 37।।

सती के शरीर काटकर गिराए गए अंगों से इस भूमि पर एक्यावन पूजित पवित्र सिद्ध शक्तिपीठ निर्मित हो गए।।

संख्यानुसारं नहि नामधेयो-
पलब्धिरासीदपि शास्त्रमध्ये।
न स्थानबोधो यदि दृश्यतेऽपि,
यत् प्राप्यते तत्र न वै मतैक्यम्।। 38।।

एक्यावन संख्या के अनुसार शास्त्रों में नाम नहीं मिलते हैं और उनके स्थान जो मिलते हैं उनमें मतों में भिन्नता निश्चित है।। 38।।

तदेकमेवोत्तमशक्तिपीठं,
शिवप्रियं भक्तजनाय सद्यः।
फलप्रदं लोकहिते प्रसिद्धं,
कामाख्यमेतन् ननु कामरूपे।। 39।।

उनमें एक उत्तम शक्ति पीठ जो शिव को प्रिय और भक्तों को तत्काल फलदायी है, कामरूप में कामाख्या नाम से प्रसिद्ध है।। 39।।

असीमभक्तिश्चरणाम्बुजेषु,
पराम्बिकायाः परिदृश्यतेऽत्र।
असंख्यपीठानि च मन्दिराणि,
यतो जनैरत्र विनिर्मितानि।। 40।।

पराम्बिका भगवती के चरणों में यहाँ लोगों की असीम भक्ति दिखायी देती हैं क्योंकि यहाँ लोगों ने असंख्य शक्तिपीठ एवं मन्दिरों का निर्माण किया है।। 40।।

तच्छक्तिपीठानि पराम्बिकाया,
दिव्यप्रभाभिर्विलसन्ति लोके।
भक्ताः पदाब्जेषु च यत्र नित्यं,
श्रद्धाप्रसूनानि समर्पयन्ति।। 41।।

पराम्बा जगदम्बा के वे शक्तिपीठ लोक में दिव्यप्रभा से सुशोभित हो रहे हैं जहां प्रतिदिन भक्त जाकर अपनी श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हैं।। 41।।

संयोगदुर्योगवियोगचर्चित

माक्रोशदृश्यं प्रतिकारतर्जितम्।

भावानुभावप्रतिभापरिष्कृतं,

भूयात् सतां काव्यमिदं मुदावहम्।। 42।।

संयोग दुयोग एवं वियोग के कारण चर्चा में आया हुआ आक्रोश के दृश्यों और उसके प्रतिकार द्वारा भाव एवं अनुभावों तथा प्रतिभा के द्वारा व्यक्त कर परिष्कृत किया हुआ यह महाकाव्य सत्पुरुषों के हृदय को आनन्दित करें।। 42।।

लोकत्राणकृते गृहीतशपथा निर्वाचिताः शासकाः,

निःस्वार्थं दृढ़निश्चया जनहिते कार्याणि कुर्युर्मुदा।

सद्धर्मेण निरस्य दुर्व्यसनतामाचारदक्षां प्रजां,

राष्ट्रं पान्तु नयन्तु चोन्नतिपथं सन्न्यायमार्गे स्थिताः।। 43।।

लोक कल्याण के लिए शपथ ग्रहण करने वाले निर्वाचित शासकों को निःस्वार्थ और दृढ निश्चय के साथ कार्य करना चाहिए। जनहित में सत्य धर्म की शिक्षा देकर बुराइयों से मुक्त कराके आचर में दक्ष प्रजा और राष्ट्र की रक्षा के साथ न्यायमार्ग पर चलते हुए उनको उन्नति की ओर ले जाए।। 43।।

सुरभारती जगत्या-

मग्रे भूयात् सतां प्रयासेन।

श्री सतीशङ्करं वै,

हृदये संधारयन्तु विद्वांसः।। 44।।

सत्पुरुषों के प्रयास से संसार में देववाणी संस्कृत अग्रणी होवे तथा विद्वानों के हृदय में श्री सतीशङ्करम् स्थान प्राप्त करे। यह मेरी मनोकामना है।। 44।।

सकाहासद्ग्रामे शुभपरिसरे मन्दिरवरे,
प्रतिष्ठामापन्नो विलसति शिवः संकटहरः।
यमर्चन्तो गङ्गाजलकुसुमपत्रैरपि जना
लभन्ते पुत्रादीन् विपदि पतिता वांछितफलम्।।45।।

सद्धर्म वाले सकाहा ग्राम में शुभ परिसर के अन्तर्गत निर्मित भव्य मन्दिर मे प्रतिष्ठित संकटहरण महादेव विराजमान है, जिनकी गंगाजल पुष्प बेलपत्र से भी पूजा करते हुए भक्तजन पुत्र धन आदि और विपत्तिग्रस्त जान अपना मनवांदित फल प्राप्त कर लेते हैं।। 45।।

तस्याराधनया कवित्वसुयशोमानं धनं गौरवं,
लब्धं सन्ततिसौख्यमुन्नतपदं सज्जीविकासाधनम्।
तस्यैतच्चरितामृतं मधुमयं विद्वज्जनानन्दनं,
तस्मै सोमशिवाय मेऽर्पितमिदं काव्यं सतीशङ्करम्।। 46।।

उन्हीं संकट हरण महादेव की आराधना के कारण मैंने कवित्व एवं सुयश, सम्मान, धन, गौरव, सन्तान का सुख, उन्नत पद अच्छी जीविका का साधन पाया है। उन्हीं शिव का मधुमय विद्वानों को हृदय के लिए आनन्दप्रद चरित्ररूपी अमृत यह सतीशंकरम् नामक महाकाव्य उन्हीं उमा सहित शिव के लिए समर्पित किया है।। 46।।

हरदोईजनपदान्तर्गतत्र्यम्बकाधिष्ठित सकाहाग्रामतीर्थजन्मभाजां गोस्वामिबलदेवपादानां पौत्रेण महादेवीगर्भसंभूतेन श्रीगोविन्दपुत्रेण वागूदेवी शिववराप्तवागूविभवेन कालिदासगीताविशिष्टादि- पुरस्कारैरलङ्कृतेन साहित्याचार्य एम.ए., पी-एच.डी. उपाधिधारिणा राजपत्राधिकारिणा सेवानिवृत्तेन प्रख्यातेन महाकविना डा0 बलभद्रप्रसादशास्त्रिणा शिवप्रसादरूपेण विरचितं महाकाव्यमेतत् समाप्तिमगात्। सतीशङ्करम् शुभं स्यात् शिवार्पणमस्तु।

इति श्री सतीशङ्करे महाकाव्ये
सतीशिवयोः पुनर्मेलनं नाम सप्तदशः सर्गः

कवि–परिचयः

प्रज्ञावतामजितगौरवाणां,
गोस्वामिनां वंशवरे वरेण्यः।
अभूच्छिवाराधनसिद्धकामः
शैवाग्रगण्यो बलदेवनामा।।1।।

तीर्थे सतामचितपादपीठे,
ग्रामे सकाहेति वसन् मनस्वी।
लेभे चतुर्वर्गफलस्वरूपान्,
वंशप्रदीपांश्चतुरात्मजान् सः।।2।।

ज्यायानसौ तेषु धिया वरीयान्,
गोविन्दनामा यशसा महीयान्।
भिषग्वरो यः स्वगुणैरुदारै-
र्जने जनेऽभूद् बहुमानपात्रम्।।3।।

पुरारिमाराधयतोऽस्य गेहे,
भार्या सती देवगणप्रसादात्।
असूत सूनुद्वयरत्नमार्या,
काले फलं सत्कृतिवत् कवीनाम्।।4।।

सोऽयं तयोर्ज्येष्ठतरः कवीनां,
पादानुगामी बलभद्रनामा।
गुरोः प्रसादाद् गिरमुद्गिरन्तीं,
श्लोकैः समाबध्य कवित्वमाप।।5।।

डॉ० गोस्वामी बलभद्र प्रसाद शास्त्री

जन्म स्थान : ग्राम सकाहा, जनपद हरदोई (उ०प्र०)

पिता : भिषगाचार्य श्री गोविन्द गोस्वामी

माता : श्रीमती महादेवी

जन्म तिथि : 7 अक्टूबर, 1925 ई०

स्वर्गवास : 9 दिसम्बर, 2013 ई०

शिक्षा : साहित्याचार्य एम०ए०, डी०फिल०, साहित्य रत्न, साहित्यालड्ंकार कोविद्

संस्कृत साहित्य साधना–

काव्य : चक्रव्यूहम ।

महाकाव्य : नेहरुयशःसौरभम्, दूताञ्जनेयम् सिन्धुराजवधम् इन्दिराजीवनम्, भागीरथी दर्शनम्, सैरन्ध्री नाटकम् ।

गद्य महाकाव्य : आहतकश्मीरम् (उपन्यास) ।

अन्य : लिङ्गमहापुराणसमीक्षा, ज्योतिष्मती (काव्य संग्रह)।

पुरस्कार : उ०प्र० संस्कृत संस्थान द्वारा विशिष्ट पुरस्कार वर्ष 2004
कालिदास पुरस्कार–तीन बार

बरेली गौरव सम्मान् (जागरण समूह)

हरियाणा सरकार द्वारा अखिल भारतीय गीता पुरस्कार 3 **बार।**

प्रसारण : आकाशवाणी पर साहित्यिक प्रसारण।

सम्मान : अनेक संस्थाओं द्वारा अभिनन्दन सम्मान।

रचनाओं पर शोध कार्य :

11 विश्वविद्यालयों द्वारा – (कुमांयूँ, रुहेलखण्ड, कानपुर, आगरा, कुरुक्षेत्र, रोहतक, पंजाब, दयालबाग, राजकोट, दरभंगा व शिमला विश्वविद्यालय)।

अनेक विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में पुस्तकें निर्धारित।

सेवा काल : शिक्षा क्षेत्र में अध्यापन कार्य 16 वर्ष एवम् राजपत्रित अधिकारी के रूप में उ०प्र० ग्राम्य विकास विभाग में 26 वर्ष।

डॉ० गोस्वामी बलभद्र प्रसाद शास्त्री

जन्म स्थान : ग्राम सकाहा, जनपद हरदोई (उ०प्र०)

पिता : भिषगाचार्य श्री गोविन्द गोस्वामी

माता : श्रीमती महादेवी

जन्म तिथि : 7 अक्टूबर, 1925 ई०

स्वर्गवास : 9 दिसम्बर, 2013 ई०

शिक्षा : साहित्याचार्य एम०ए०, डी०फिल०, साहित्य रत्न, साहित्यालङ्कार कोविद्

संस्कृत साहित्य साधना–

काव्य : चक्रव्यूहम ।

महाकाव्य : नेहरुयशःसौरभम्, दूताञ्जनेयम् सिन्धुराजवधम् इन्दिराजीवनम्, भागीरथी दर्शनम्, सैरन्ध्री नाटकम् ।

गद्य महाकाव्य : आहतकश्मीरम् (उपन्यास) ।

अन्य : लिङ्गमहापुराणसमीक्षा, ज्योतिष्मती (काव्य संग्रह)।

पुरस्कार : उ०प्र० संस्कृत संस्थान द्वारा विशिष्ट पुरस्कार वर्ष 2004
कालिदास पुरस्कार–तीन बार

बरेली गौरव सम्मान् (जागरण समूह)

हरियाणा सरकार द्वारा अखिल भारतीय गीता पुरस्कार 3 **बार।**

प्रसारण : आकाशवाणी पर साहित्यिक प्रसारण।

सम्मान : अनेक संस्थाओं द्वारा अभिनन्दन सम्मान।

रचनाओं पर शोध कार्य :

11 विश्वविद्यालयों द्वारा – (कुमांयूँ, रुहेलखण्ड, कानपुर, आगरा, कुरुक्षेत्र, रोहतक, पंजाब, दयालबाग, राजकोट, दरभंगा व शिमला विश्वविद्यालय)।

अनेक विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में पुस्तकें निर्धारित।

सेवा काल : शिक्षा क्षेत्र में अध्यापन कार्य 16 वर्ष एवम् राजपत्रित अधिकारी के रूप में उ०प्र० ग्राम्य विकास विभाग में 26 वर्ष।